* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
09 सितंबर, 2025
आश्विन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 320

पीएम नरेंद्र मोदी 17 को करेंगे विशेष अभियान का शुभारंभ







# रांचीवासियों की सुगमता, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्राथमिकता

- रांचीवासियों को जल्द मिलेगा तीन नये फ्लाइओवर का तोहफा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को कांके रोड रांची स्थित आवासीय कार्यालय में राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित रांची शहर के तीन महत्वपूर्ण फ्लाइओवर की कार्य योजना की समीक्षा की। उन्होंने डिजाइन से संबंधित प्रेजेंटेशन देखा और पथ निर्माण विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने निर्माण कार्य को भविष्य की जरूरतों का ख्याल रखने का निर्देश दिया।

**लोगों को होगी सुविधा, समय बचेगा :** मुख्यमंत्री प्रस्तावित हरमू (सहजानंद चौक) से एसीबी कार्यालय तक बनने वाले फ्लाइओवर परियोजना का विस्तृत प्रेजेंटेशन देखा। उन्होंने कहा कि हरमू फ्लाइओवर का निर्माण ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। फ्लाइओवर के निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी और उनका समय भी बचेगा। हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस फ्लाइओवर को रातू रोड फ्लाइओवर से जोड़ें, ताकि आमजनमानस को आवागमन में सुविधा हो सके। मुख्यमंत्री को पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह जानकारी दी कि प्रस्तावित हरमू (सहजानंद चौक) से एसीबी कार्यालय तक बनने वाले फ्लाइओवर परियोजना का टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है।

**डीपीआर बनाते हुए कार्य योजना को मूर्त रूप दें:** मुख्यमंत्री ने अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ और करम टोली चौक से साइंस सिटी तक बनने वाले फ्लाइओवर निर्माण परियोजना से संबंधित प्रेजेंटेशन की विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने इन फ्लाइओवर की महत्ता को देखते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जल्द उक्त फ्लाइओवर निर्माण के लिए एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए डीपीआर तैयार की जाये। साथ ही इस परियोजना को मूर्त रूप देने की दिशा में अग्रतर कार्यवाही करें। हेमंत सोरेन ने प्रस्तावित फ्लाइओवर अरगोड़ा चौक के ऊपर गोलचक्कर (रोटरी) बनाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अरगोड़ा चौक में गोलचक्कर निर्माण से कई महत्वपूर्ण सड़कें आपस में कनेक्ट हो जायेगी, जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

**बैठक में थे मौजूद:** एस मौके पर पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, विभाग के प्रवीण भेंगरा, मुख्य अभियंता विजय रंजन एवं कंसल्टेंट कंपनी स्पर्श इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के सुधीर कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



**यहां बनेंगे फ्लाइओवर**
- सहजानंद चौक-एसीबी कार्यालय
- अरगोड़ा चौक-कटहल मोड़
- करम टोली चौक-साइंस सिटी

### सीएम ने एलिवेटेड फ्लाइओवर का देखा प्रेजेंटेशन

मुख्यमंत्री ने करम टोली चौक से साइंस सिटी तक एलिवेटेड फ्लाइओवर (चार लेन) परियोजना का प्रेजेंटेशन देखा। उक्त फ्लाइओवर निर्माण तथा प्रस्तावित डॉक्टर कॉलोनी से हिल व्यू बरियातू रोड तक सड़क निर्माण योजना पर भी अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रस्तावित उक्त सभी फ्लाइओवर निर्माण कार्य परियोजना एवं इससे जुड़ी डिजाइन में भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रख कर मूर्त रूप देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। अतः सभी कार्य पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ किये जायें।




## उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान आज, दोनों पक्ष तैयार, शाम तक नतीजे

# राधाकृष्णन Vs सुदर्शन रेड्डी

- बीजेडी और केसीआर की पार्टी चुनाव में शामिल नहीं होंगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** देश में उपराष्ट्रपति के लिए मंगलवार को मतदान होगा। शाम तक नतीजे घोषित होंगे। इसके साथ ही देश को 50 दिन बाद जगदीप धनखड़ की जगह नया उपराष्ट्रपति मिलेगा। एनडीए ने ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। आंकड़ों में एनडीए को स्पष्ट बढ़त है। हालांकि संसद में विपक्ष की मजबूती से पिछले दो दशक में पहली बार मुकाबला करीबी हो सकता है। बताते चलें कि 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने के चलते चुनाव हो रहा है। इस बीच, केसीआर की पार्टी बीआरएस और ओड़िशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक की पार्टी बीजद उपराष्ट्रपति चुनाव में किसी भी गठबंधन का समर्थन नहीं करेंगी। राज्यसभा में बीआरएस के चार और बीजद के सात सदस्य हैं।

**सुबह 10 बजे से होगा मतदान :** उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान 9 सितंबर को सुबह 10 बजे शुरू होगा और शाम 5 बजे समाप्त होगा। जारी बयान में कहा गया कि भारत के उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी निर्वाचक मंडल में शामिल होने के पात्र हैं और इसलिए, चुनाव में हिस्सा लेने के हकदार हैं।

**शाम 6 बजे से वोटों की गिनती**
बयान के अनुसार कि उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 के लिए निर्वाचन अधिकारी और राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी की ओर से संसद भवन में मतदान के लिए इंतजाम के किये जा रहे हैं। इसमें कहा गया कि मतगणना शाम 6 बजे शुरू होगी और उसके तुरंत बाद परिणाम घोषित किये जायेंगे।

**दोनों पक्षों ने की तैयारी :** एनडीए ने दो दिनों के लिए ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया था। इसमें पीएम मोदी समेत तमाम सांसद शामिल हुए। सोमवार को विपक्षी दलों ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मॉक पोल सेशन किया। इसमें इंडिया गठबंधन के नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे अखिलेश यादव समेत तमाम विपक्षी सांसद मौजूद रहे। (पेज-02 भी देखें)



**सीपी राधाकृष्णन और सुदर्शन रेड्डी के बीच मुकाबला**
एनडीए की ओर उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं। वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। विपक्ष की ओर से उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश हैं। 79 साल के रेड्डी जुलाई 2011 में शीर्ष अदालत से सेवानिवृत्त हुए थे।

# नेपाल में 20 मौत के बाद सोशल मीडिया फिर शुरू


- बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ संसद में घुसे 'जेन-जेड', सेना की फायरिंग में 200 घायल

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल में सुबह से जारी विरोध प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया फिर से शुरू कर दिया गया। इस प्रदर्शन में अब तक 20 लोगों की मौत हुई, जबकि 200 से ज्यादा घायल हो गये। इस प्रदर्शन की अगुवाइ 'जेन-जेड' यानी 18 से 30 साल के युवाओं ने की। बताते चलें कि नेपाल सरकार ने 3 सितंबर को फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट पर बैन लगाने का फैसला किया था। इन प्लेटफॉर्म ने नेपाल के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था। इसके लिए मंत्रालय ने 28 अगस्त को आदेश जारी कर सात दिन का समय दिया था, यह समय सीमा 2 सितंबर को खत्म हो गयी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर बैन और सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ सोमवार सुबह 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी युवा संसद भवन परिसर में घुस गये, जिसके बाद सेना ने कई राउंड फायरिंग की। नेपाल के इतिहास में संसद में घुसपैठ का यह पहला मामला है। प्रदर्शनकारियों ने संसद के गेट नंबर 1 और 2 पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद संसद भवन, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री आवास के पास के इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया। काठमांडू प्रशासन ने तोड़फोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिये हैं।




# तुम्हें बहुत जल्द उड़ा देंगे इरफान अंसारी को धमकी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। रविवार देर रात बोकारो सर्किट हाउस में ठहरने के दौरान उन्हें एक अज्ञात मोबाइल नंबर (7005758247) से कॉल आया। कॉल करने वाले ने पहले अपशब्दों का इस्तेमाल किया। वहीं मंत्री को जल्द ही उड़ा देने की बात कही। उसने धमकी भरे लहजे में कहा कि तुम बस इंतजार करो, तुम्हें बहुत जल्द उड़ा देंगे। मंत्री ने तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दी। सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने मोबाइल नंबर को ट्रैक करना शुरू कर दिया है और कॉल करने वाले की पहचान में जुट गयी है। बताते चलें कि इरफान अंसारी को ऐसी धमकी कुछ दिन पहले गिरिडीह के एक युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर दिया था। गिरिडीह पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और उस युवक को गिरफ्तार कर लिया था।



# आधार पहचान का प्रमाण है नागरिकता का नहीं: सुप्रीम कोर्ट

- एसआइआर पर सुनवाई में चुनाव आयोग से कहा, इसे 12वां दस्तावेज माना जाये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/पटना।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को बिहार में एसआइआर (वोटर वेरिफिकेशन) के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि आधार पहचान का प्रमाण पत्र है, नागरिकता का नहीं। कोर्ट ने चुनाव आयोग को आदेश दिया कि वोटर की पहचान के लिए आधार को 12वें दस्तावेज के तौर पर माना जाये। बिहार एसआइआर के लिए फिलहाल 11 निर्धारित दस्तावेज हैं, जिन्हें मतदाताओं को अपने फॉर्म के साथ जमा करना होता है।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सुनवाई के दौरान यह भी कहा कि आधार कार्ड को लेकर अगर किसी तरह की शंका हो तो आयोग इसकी जांच कराये। कोई भी नहीं चाहता कि चुनाव आयोग अवैध प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करे। केवल वास्तविक नागरिकों को ही वोट देने की अनुमति होगी। जो लोग फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दावा कर रहे हैं, उन्हें मतदाता सूची से बाहर रखा जायेगा।

## न्यूज रील्स

### मानगो बनेगा पुलिस अनुमंडल, उच्चस्तरीय समिति ने दी स्वीकृति

रांची। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रस्ताव पर जमशेदपुर के मानगो को नया पुलिस अनुमंडल बनाने के लिए सोमवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति ने स्वीकृति प्रदान की। वहीं मुख्य सचिव ने डीजीपी को निर्देश दिया कि विधि व्यवस्था के कुशल संधारण के लिए राज्य के तमाम जिलों की जरूरतों का आकलन करायें। उन्होंने कहा कि इससे हमारे पास जिलों के अपराध ग्राफ, उसके ट्रेंड आदि के साथ वर्तमान संसाधन और क्या करने की आवश्यकता है, इसका समुचित डाटा मिलेगा। वहीं अपराधों की रोकथाम के लिए बेहतर ढंग से संसाधनों का बंटवारा भी सुनिश्चित हो सकेगा। मालूम हो कि पूर्वी सिंहभूम में पहले से जमशेदपुर (मुख्यालय) और पटमदा पुलिस अनुमंडल हैं। राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि पुलिस अनुमंडल जमशेदपुर (मुख्यालय) और पटमदा से जुड़े उत्क्रमित थाना, मानगो एवं आजादनगर तथा ओलीडीह ओपी को काट कर मानगो पुलिस अनुमंडल अस्तित्व में आयेगा।

# हजारीबाग के छड़वा में धर्मांतरण का खेल, लोगों ने किया विरोध

- पुलिस मौके पर पहुंची, हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने भी उठाया सवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में धर्मांतरण का खेल कोई नया नहीं है। हमेशा यह सुर्खियों में रहता है। भोले-भाले ग्रामीणों की बीमारी और आर्थिक स्थिति को ढाल बनाकर जिले में बड़े पैमाने पर चंगाई सभा के नाम पर धर्मांतरण का प्रयास किया जाता रहा है। ताजा मामला कटकमसांडी प्रखंड के रोमी पंचायत अंतर्गत छड़वा गांव की है। जहां मामला उजागर होने के बाद घर में चल रही चंगाई सभा को लेकर जमकर हंगामा हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे बजरंग दल के लोगों ने सभा को बंद करा दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने बाहर से आये लोगों के साथ बकझक भी हो गयी। हंगामा होने की सूचना पर पेलावल थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामला को शांत कराया और ग्रामीणों को समझाया। पांडेय ने कहा गांव में इस तरह की धार्मिक सभा या धर्मांतरण से जुड़े आयोजन को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। थाना प्रभारी ने चेतावनी दी कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की किसी भी कोशिश पर कार्रवाई होगी।



**बदामद हुए भ्रामक दस्तावेज :** ग्रामीणों ने बताया कि गांव के एक घर में एक साल से सभा आयोजित की जा रही थी। इस सभा में छड़वा के अलावा असधीर, रोमी, हेदलाग, डांड, तीलरा, कंचनपुर, हुड़हुडू और मंडई गांवों से दर्जनों महिला-पुरुष शामिल होते थे। सोमवार को हो रही सभा में कई गांव के ग्रामीण जुटे थे। सभा का नेतृत्व शीला देवी और तुलसी रविदास कर रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर बजरंग दल के लोग वहां पहुंच गये। उन्होंने सभा को बंद कराया। इसी बीच वहां मौजूद लोगों के बीच भी आपसी विवाद हुआ। जहां सभा हो रही थी, वहां घर से बड़ी संख्या में बाइबिल, हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ भ्रामक पोस्टर और पंपलेट मिला। इसके बाद बवाल और तेज हो गया।

**सचेत रहने की जरूरत :** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि आये दिन इस तरह की घटना घट रही है। लोगों को जागरूक और सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर लालच डरा धमका के धर्म परिवर्तन करता है तो यह गैरकानूनी है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# कौन बनेगा अगला उपराष्ट्रपति!

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मंगलवार 9 सितंबर, 2025 को वोट डाल जा रहे हैं। इस चुनाव में संसद की दोनों सदनों के सांसद वोट डालेंगे। संसद में मौजूदा संख्या गणित और पार्टियों की लामबंदी से मतगणना से एक दिन पहले ही परिणाम के संकेत मिलने लगे हैं। संख्या बल की बात करें तो सत्ताधारी एनडीए गठबंधन के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का पलड़ा काफी भारी लग रहा है। वहीं विपक्ष के प्रत्याशी बी सुदर्शन रेड्डी के पक्ष में उनका भी खेमा पूरी तरह से लामबंद नजर आ रहा है।





## क्रॉस-वोटिंग

उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के सदस्य गुप्त मतपत्रों के माध्यम से करते हैं। इसके लिए कोई व्हिप जारी करने का प्रावधान भी नहीं है। मतलब, सांसद जहां चाहे, अपनी मर्जी से वोट डाल सकते हैं। लेकिन, आमतौर पर ये सांसद अपनी-अपनी पार्टी लाइन के हिसाब से ही वोटिंग करते आये हैं। लेकिन, ऐसे चुनावों में क्रॉस-वोटिंग की घटनाएं भी सामान्य हैं, इसलिए अंतिम नतीजे के बारे में सटीक अंदाजा लगाना आसान नहीं है। इस बीच गैर-एनडीए और गैर-इंडिया ब्लॉक वाली पार्टियों ने जिस तरह अलग-अलग स्टैंड लिये हैं, उससे दोनों खेमे की धड़कनें बढ़ गयी हैं।

## उपराष्ट्रपति चुनाव में बीआरएस-बीजेडी मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे

इस समय लोकसभा में 542 और राज्यसभा में 239 सांसद हैं और सभी वोट (कुल 781) डाल सकते हैं। मतलब, जीत के लिए किसी भी प्रत्याशी को 391 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता है। लेकिन, चुनाव से एक दिन पहले जिस तरह से ओड़िशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक की बीजेडी और तेलंगाना के पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति ने मतदान से अलग रहने की बात की है तो वोट डालने वाले संभावित सांसदों की संख्या घटकर मात्र 770 रह गयी है। मतलब, राधाकृष्णन या सुदर्शन को जीत के लिए सिर्फ 386 सांसदों का समर्थन चाहिए।

## आंकड़े सीपी राधाकृष्ण के पक्ष में

दोनों सदनों में सत्तापक्ष यानी एनडीए के पास अपने कुल 425 सांसद हैं। इसके अलावा आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी की वाइएसआर कांग्रेस पार्टी ने भी एनडीए प्रत्याशी राधाकृष्णन का समर्थन कर रखा है। संसद में वाइएसआर कांग्रेस के 11 सांसद हैं। यानी एनडीए के समर्थन में 436 वोट आ सकते हैं। मतलब, आंकड़ों में महाराष्ट्र के गवर्नर सीपी राधाकृष्ण की जीत पक्की दिख रही है।

## किस ओर जायेंगे ये 10 सांसद

इनके अलावा लोकसभा में सात निर्दलीय सांसद हैं, जो किस तरफ का रुख करेंगे यह अभी साफ नहीं है। इसी तरह से आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल का रुख क्या रहेगा, यह भी देखने की बात है। वैसे भी अरविंद केजरीवाल के दिल्ली सीएम रहते उनकी जिस तरह से मुख्यमंत्री आवास में कथित पिटाई हुई थी, उससे वह पार्टी से काफी दूर हो चुकी हैं। उनके बीजेपी में जाने की अफवाहें भी कम नहीं उड़ी हैं। ऐसे ही अकाली दल और मिजोरम की जेडपीएम को लेकर अभी स्थिति साफ नहीं है। इनके भी एक-एक सांसद हैं।

## विपक्ष की राह मुश्किल

जहां तक सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज और विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के पास वोटों का जुगाड़ है, तो कागजों में यह आंकड़ा 324 से आगे नहीं बढ़ पा रहा। मतलब, सत्तापक्ष के 436 और विपक्ष के 324 के बीच 112 वोटों का बड़ा अंतर नजर आ रहा है। अगर सातों निर्दलीय, अकाली दल, जेडपीएम और स्वाति मालीवाल का वोट भी सुदर्शन के पक्ष में गिरा तो भी वह जादुई आंकड़े से बहुत पीछे छूट सकते हैं। हालांकि, ये सारे वोट एक ही ओर जायेंगे, यह कहना बहुत मुश्किल है। अब अंतिम आसरा क्रॉस-वोटिंग की संभावनाओं पर है। उसमें भी सूत्रों का कहना है कि एनडीए सिर्फ राज्यसभा से ही राधाकृष्णन के पक्ष में 150 सांसदों के क्रॉस-वोटिंग की उम्मीद कर रहा है। इसलिए इस चुनाव में विपक्षी प्रत्याशी की जीत की संभावना फिलहाल दूर की कौड़ी लग रही है।

# कीचड़ देख कर ग्रामीण की पीठ पर सवार हो गये तारिक अनवर

## कांग्रेस सांसद के वीडियो पर सियासी बवाल

कांग्रेस ने दी बचकाना सफाई, बीजेपी बोली: यही पार्टी का कल्चर

आजाद सिपाही संवाददाता

**कटिहार।** कांग्रेस सांसद तारिक अनवर के एक वीडियो पर बिहार में सियासी बवाल मच गया है, जिसमें वह एक बाढ़ पीड़ित ग्रामीण की पीठ पर सवार होकर उनके दर्द का जायजा लेते दिख रहे हैं। बीजेपी ने तारिक अनवर पर करारा प्रहार किया है, तो बचाव कर रही कांग्रेस पार्टी बचकाना सफाई दे रही है। बिहार के बाढ़ग्रस्त जिलों में गंगा नदी के जलस्तर में गिरावट होने के साथ ही कटाव तेज हो गया है। जनता की पीड़ा समझने जन प्रतिनिधि भी क्षेत्र में जा रहे हैं। रविवार को बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों से मिलने कांग्रेस सांसद तारिक अनवर कटिहार पहुंचे। रास्ते में कीचड़ देख सांसद एक बाढ़ पीड़ित व्यक्ति की पीठ पर सवार हो गये। किसी ने इसका वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो धुरियाही पंचायत का बताया जा रहा है। वीडियो पर हंगामा मचा, तो सफाई में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने सांसद की तबीयत खराब होने का हवाला दिया। बीजेपी ने इस मुद्दे पर कांग्रेस की खिंचाई की है।



बीजेपी प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने कहा है कि यही कांग्रेस पार्टी का कल्चर है। बताया गया है कि रविवार को तारिक अनवर कटिहार के शिवनगर और सोनाखाल का जायजा लेने जब कटाव स्थल के समीप पहुंचे, तो रास्ते में कीचड़ और पानी दिखा। इसके बाद स्थानीय लोगों के कंधों पर चढ़कर सांसद तारिक अनवर ने कटाव क्षेत्र का जायजा लिया। कंधा पर बैठ कर कटाव क्षेत्र का जायजा लेने का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा रहा है कि सांसद एक व्यक्ति के कंधे पर बैठे हुए हैं। वह व्यक्ति सांसद को पहले कीचड़ और फिर पानी से भरे रास्ते से होकर ले जा रहा है। पीछे से कुछ लोग और सांसद के गार्ड भी चल रहे हैं। साथ ही कुछ लोग सांसद को पकड़े हुए हैं।

इस मामले में सांसद तारिक अनवर ने कहा कि कटाव क्षेत्र का जायजा लेने के लिए वह गये थे। इस बीच रास्ता में कीचड़ और पानी आ गया। इसके बाद स्थानीय लोगों से मना किया कि वह वहां नहीं जायें, लेकिन स्थानीय लोगों ने कहा कि कंधे पर कटाव स्थल तक ले जायेंगे। स्थानीय लोगों के अनुरोध को वह अस्वीकार नहीं कर सके और लोगों के कहने पर कंधे पर चढ़कर कटाव क्षेत्र का जायजा लिया।

# बोकारो में डीएमएफटी फंड का दुरुपयोग : बाबूलाल मरांडी

बाजार मूल्य से अधिक दर पर खरीदारी की गयी

घोटाले की जांच सीबीआइ से कराने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बोकारो में हुए जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी ) फंड घोटाले को उजागर करते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा।



सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 2024-25 और 2025-26 वित्तीय वर्षों के दौरान इस फंड से 631 करोड़ रुपये की अवैध निकासी की गयी और सत्ता से जुड़े लोगों को टेंडर के जरिये करोड़ों रुपये का फायदा पहुंचाया गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि डीएमएफटी फंड का दुरुपयोग करते हुए बाजार मूल्य से अधिक दर पर खरीदारी की गयी है।

उन्होंने बताया कि बोकारो जिला के 46 पंचायतों में जेनरेटर की आपूर्ति, 1666 आंगनबाड़ी केंद्रों में डिजिटल मेट्स की आपूर्ति, स्कूलों में टैब लैब, शहर में 187 हाइमास्ट लाइट की आपूर्ति, एलइडी वैन की खरीद, सरकारी भवनों में तड़ित चालक, वॉल पेंटिंग, सौर ऊर्जा पंपसेट, स्कूलों में मॉड्यूलर किचन का निर्माण, स्मार्ट मॉडल स्कूल का उन्नयन, छात्रों के लिए कोचिंग, कौशल विकास और प्लेसमेंट सभी में करोड़ों रुपये की लूट हुई है। उन्होंने डीएमएफटी फंड को अपना एटीएम कार्ड बना लिया है और अधिकारियों को रुपये निकालने के लिए लगा दिया है। उन्होंने कहा कि आज तो वे एक बोकारो जिला में हुई लूट का खुलासा कर रहे हैं। लेकिन इस प्रकार की लूट पूरे प्रदेश में हुई है, जिसकी जांच आवश्यक है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लंबा राजनीतिक सामाजिक जीवन रहा है। उन्होंने खनन क्षेत्र में निवास करने वाले गरीबों और जरूरतमंदों की समस्याओं को बहुत नजदीक से देखा और अनुभव किया है। इसलिए प्रधानमंत्री बनते ही खनिज उत्खनन वाले जिलों के लिए डीएमएफटी फंड की व्यवस्था की, ताकि संबंधित जिलों में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। मरांडी ने कहा कि बार-बार निविदा निकालना, बाजार रेट से 10 गुना ज्यादा पर सामग्री की आपूर्ति दिखाते हुए भुगतान करना, ये सारे ऐसे मामले हैं जो बड़े पैमाने पर हुए घोटाले को उजागर करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं व कार्यों में हजारों करोड़ रुपये की लूट हुई है, जो केवल एक अधिकारी के स्तर से हो यह अविश्वसनीय है। उन्होंने कहा कि कोई पदाधिकारी इतना बेखौफ नहीं हो सकता जब तक उन्हें किसी का संरक्षण प्राप्त न हो। इसलिए इसकी जांच कोई राज्य सरकार की एजेंसी से नहीं, बल्कि सीबीआइ से कराने की जरूरत है।

मरांडी ने कहा कि राज्य में सामाजिक संगठन को सूचना मांगने पर भी धमकी दी जा रही है। भाजपा ऐसे लोगों के साथ पूरी तरह खड़ी है, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने अपने स्तर से लड़ाई लड़ रहे हैं। भाजपा सड़क से सदन तक इस मामले को उजागर करेगी। राज्य सरकार को सीबीआइ जांच कराने के लिए बाध्य करेगी। इस मौके पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह और अशोक बड़ाइक उपस्थित थे।

# नेपाल का अशांत होना भारत के हित में नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नेपाल की सड़कों पर सोशल मीडिया बैन के खिलाफ नारे गूंज रहे हैं। जेनरेशन जेड पीढ़ी के युवाओं ने सड़कों पर सरकार के फैसले के खिलाफ आवाज बुलंद की। जेनरेशन जेड के प्रदर्शनकारी नेपाल की संसद तक में घुसे आये। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म ब्लॉक होने के बाद हजारों युवा लोकतंत्र और आजादी की आवाज बुलंद कर रहे हैं। ये सिर्फ ऐप्स का गुस्सा नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और तानाशाही रवैये के खिलाफ पीढ़ी जेड का सीधा विद्रोह है। फेसबुक, यूट्यूब और एक्स सहित 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाने के केपी शर्मा ओली सरकार के कदम का देशभर में व्यापक विरोध प्रदर्शन देखा जा रहा है। हाल के वर्षों में सोशल मीडिया कई देशों में हुई क्रांति का जरिया बना था, अब नेपाल में सोशल मीडिया को लेकर ही क्रांति हो रही है। सोशल मीडिया की दीवानगी किस कदर लोगों के दिलो-दिमाग पर सवार हो गयी है, इसका जीता जागता उदाहरण इन दिनों नेपाल में देखा जा सकता है। इस प्रदर्शन में अब तक 20 लोगों की मौत हो गयी है और 100 से अधिक घायल हैं। नेपाल में हो रहे इस प्रदर्शन से स्पष्ट होता है कि आज का युवा सोशल मीडिया का बस शौकीन ही नहीं, लगभग उसका बंदी बनता जा रहा है। रील्स की लत, वायरल ट्रेंड्स की दीवानगी और खुद को फेमस करने की चाहत ने एक ऐसी दुनिया रच दी है, जहां असली जीवन कहीं पीछे छूटता जा रहा है और सोशल मीडिया से दूर होने का डर घातक प्रदर्शन का रूप लेता जा रहा है। बताया जा रहा है कि इन सबके पीछे चीन ही है, जो आये दिन नेपाल को अस्थिर करने में लगा हुआ है।



## चीन की चाल

अब तक नेपाल में टिकटॉक, वीटॉक, वाइबर और निबांज जैसे प्लेटफॉर्म रजिस्टर्ड हो चुके हैं। टेलीग्राम और ग्लोबल डायरी प्रक्रिया में हैं, लेकिन मेटा (फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप की मूल कंपनी), अल्फाबेट (यूट्यूब), एक्स, रेडिट या लिंक्डइन सहित किसी भी प्रमुख प्लेटफॉर्म ने अभी तक आवेदन नहीं किया है। नेपाली अधिकारियों के अनुसार, प्लेटफॉर्म द्वारा पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने और राष्ट्रीय नियमों का पालन करने के बाद सेवाएं फिर से शुरू हो सकती हैं। खास बात यह है कि इनमें से ज्यादातर प्लेटफॉर्म अमेरिकी हैं। वहीं, जिन्हें मंजूरी मिली हुई है, वो चीन के हैं।

## लिपुलेख दर्रे को लेकर भी नेपाल करता है दावा

हाल ही में चीन ने भारत और नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में पड़ने से इनकार कर दिया था। नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के मुताबिक जिनपिंग ने कहा है कि लिपुलेख एक पारंपरिक दर्रा है। चीन नेपाल के दावे का सम्मान करता है, लेकिन यह विवाद भारत और नेपाल का द्विपक्षीय मसला है। इसे दोनों देशों को आपसी बातचीत से सुलझाना चाहिए। हालांकि, भारत इस दर्रे को अपना कहता है। नेपाल 2020 में नया नक्शा जारी कर लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को अपना बता चुका है, जबकि भारत इन्हें लंबे समय से अपने हिस्से में मानता है।

## भारत-चीन में इस दर्रे को लेकर बनी थी सहमति

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली 31 अगस्त से 1 सितंबर तक एससीओ समिट में शामिल होने चीन पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने चीनी राष्ट्रपति के सामने लिपुलेख का मुद्दा उठाया था। ओली ने कहा था कि यह इलाका नेपाल का हिस्सा है और भारत-चीन के बीच हुए हालिया सहमति पर नेपाल ने आपत्ति दर्ज करायी है। असल में 19 अगस्त को भारत और चीन ने लिपुलेख पास को ट्रेड रूट के तौर पर फिर से खोलने का फैसला किया था। इस पर नेपाल ने विरोध जताया था। मौजूदा नेपाली पीएम ओली को भी चीन परस्त माना जाता है।

## नेपाल खतरे में तो हम भी खतरे में, यह समझना होगा

इससे पहले इसी साल अप्रैल में नेपाल की राजधानी काठमांडू की सड़कों पर पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह का नाम गूंज रहा था। यह मांग सिर्फ राजशाही की वापसी की नहीं, बल्कि देश को वापस हिंदू राष्ट्र घोषित करने की भी हो रही है। इसे लेकर काफी बवाल मचा था। नेपाल अगर अस्थिर होगा तो यह भारत के लिए अच्छा नहीं होगा। चीन और पाकिस्तान जैसी ताकतें वहां जड़ें जमायेंगी। भारत-नेपाल के बीच 1751 किलोमीटर लंबी सीमा है। ऐसे में भारत को आतंकी, ड्रग्स और नकली नोटो की खेप का खतरा हमेशा बना रहेगा।

## भारत के हित में नहीं है अस्थिर नेपाल

एक रिपोर्ट में ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन की फेलो शिवम शेखावत के हवाले से कहा गया है कि नेपाल में अशांति और अस्थिरता भारत के हित में नहीं है। भारत हमेशा ही इस पक्ष में रहा है कि नेपाल के भीतर सरकार का फैसला वहां के लोग और राजनीतिज्ञ करें। भारत और नेपाल का रिश्ता पुराना है। इसमें यह मायने नहीं रखता है कि सत्ता में कौन है? राजशाही के साथ अच्छा संबंध था, लेकिन पिछले दशक में देखें तो दोनों देशों के रिश्तों में प्रगाढ़ता आयी है। कुछ मामलों पर कभी-कभी तनाव देखने को मिलता है लेकिन दोनों तरफ ही लोकतंत्र है, तो इन मामलों को खत्म करने के लिए ज्यादा जगह मिलती है। उन्होंने कहा कि नेपाल की सत्ता में कोई भी आये, लेकिन भारत की यह जरूरत है कि वह उनके साथ काम करे। भारत के हित में यही है कि वहां शांति रहे और जिन मुद्दों पर वहां अशांति हो रही है, वहां की सरकार उन पर ध्यान दे।

# डीएमएफटी फंड का दुरुपयोग भाजपा के कार्यकाल में हुआ : विनोद पांडेय

सरकार पर आरोप लगाने का बाबूलाल मरांडी को कोई नैतिक अधिकार नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लगाये गये आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा नेताओं का काम अब केवल झूठ, दुष्प्रचार और बेबुनियाद आरोपों तक सीमित हो गया है। जब वे खुद सत्ता में थे, तब उन्होंने डीएमएफटी फंड और खनन क्षेत्र से मिलने वाले संसाधनों का किस प्रकार दुरुपयोग किया, यह झारखंड की जनता अच्छी तरह जानती है।

उन्होंने कहा कि डीएमएफटी का गठन ही खनन प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय जनता के हितों के लिए किया गया था, लेकिन भाजपा की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में इस फंड का सबसे दुरुपयोग हुआ। उस समय पंचायतों और गांवों में पारदर्शिता तो छोड़िए, एक भी योजना धरातल पर नजर नहीं आई। खनन कंपनियों से मिलीभगत कर भाजपा के नेताओं ने फंड की लूट मचायी।



विनोद पांडेय ने कहा कि आज जब हेमंत सोरेन की सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ खनन प्रभावित इलाकों में स्कूल, आंगनबाड़ी, सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं पर काम कर रही है, तब भाजपा को यह रास नहीं आ रहा है। भाजपा का काम सिर्फ. सवाल उठाना है, लेकिन जब केंद्र सरकार से झारखंड को न्याय की मांग की जाती है, तब वही भाजपा खामोश हो जाती है।

उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी यह बतायें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार ने झारखंड के डीएमएफटी फंड के उपयोग को लेकर कभी कोई सहयोग क्यों नहीं किया? क्यों खनन कंपनियों के पक्ष में ढेरों छूट दी गयी और राज्य के हिस्से की लाखों करोड़ों की रकम रोकी गयी? भाजपा को बताना चाहिए कि जब वे सत्ता में थे, तब खनन प्रभावित परिवारों को कितनी राहत मिली?

झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार जनता के लिए प्रतिबद्ध है और भाजपा चाहे जितने आरोप लगाये, सच्चाई यही है कि भाजपा भ्रष्टाचार की जननी है। जिनके नेता खुद घोटालों में जेल जा रहे हैं, उन्हें झारखंड की ईमानदार सरकार पर सवाल उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

विनोद पांडेय ने स्पष्ट किया कि भाजपा का उद्देश्य जनता की भलाई नहीं बल्कि राजनीतिक साजिश रचना है। जनता सब देख रही है और समय आने पर भाजपा को इसका जवाब जरूर देगी।

# बिहार चुनाव में जेडीयू को 25 सीट भी नहीं मिलेगी : प्रशांत किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**किशनगंज।** बिहार बदलाव यात्रा पर निकले जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने किशनगंज के अंजुमन इस्लामिया प्रांगण में आयोजित सभा में विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने बड़ी भविष्यवाणी करते हुए कहा कि अगर जेडीयू को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में 25 से ज्यादा सीटें मिलती हैं, तो वे राजनीति से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने तर्क दिया कि जैसे बंगाल चुनाव में भाजपा को 100 सीटें नहीं मिलीं थी, और उन्हें राजनीति से सन्यांस नहीं लेना पड़ा, वैसे ही बिहार में जेडीयू 25 से आगे नहीं जायेगी। प्रशांत किशोर ने कहा कि हमने कई जगह उन नेताओं की मदद की, जिन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की पार्टी को हराया है, लेकिन हम पार्टी नहीं, विचारधारा की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि कौन पार्टी कैसी है, इस विवाद में नहीं पड़ते। पीके ने कहा कि आबादी के अनुपात में आपके 40 विधायक होने चाहिए, लेकिन सिर्फ 19 हैं। प्रशांत किशोर ने मुसलमानों से अपील की कि वे तादाद की चिंता छोड़कर हक के साथ खड़े हों। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसकी विचारधारा है। अगर उसे हटाना है तो गांधी की विचारधारा को अपनाना होगा। उन्होंने असदुद्दीन ओवैसी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे मुसलमानों को अकेले लड़ने की बात करते हैं, जबकि जनसुराज की सोच है कि सभी हिंदू और मुसलमान मिलकर बदलाव लायें।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.0 °c | 23.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.00 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.33 बजे |



# सीएम हेमंत सोरेन से टाटा स्टील के चीफ रेसिडेंट एग्जीक्यूटिव ने की मुलाकात



टाटा स्टील के चीफ रेसिडेंट एग्जीक्यूटिव संजय मोहन श्रीवास्तव ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की। इसे शिष्टाचार भेंट बताया गया। वैसे इस मुलाकात में संजय मोहन श्रीवास्तव ने कंपनी से जुड़े विषयों पर चर्चा की और सरकार से सहयोग का आग्रह किया।

## रामकनाली में हुए धंसान का जायजा लेते नेता प्रतिपक्ष

# भू धंसान से प्रभावित परिवारों से मिले : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद/कतरास।** झारखंड के पहले मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने धनबाद के सर्किट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि धनबाद में काले कारोबार का खेल हो रहा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कोयले की खुलेआम चोरी हो रही है और अवैध वसूली भी चरम पर है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कोयले की चोरी को रोकना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन वह कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वहीं कतरास घटना की जानकारी मिलने के बाद सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी खुद रामकनाली पहुंचे और हादसे का जायजा लिया। इस दौरान



उनके साथ बाघमारा बिधायक शत्रुघ्न महतो भी मौजूद रहे। उन्होंने भू धंसान से प्रभावित 50 परिवार से मिले और घटना को लेकर दुख जताया तथा उन्हें सुरक्षित पुनर्वास का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि 50 परिवारों को सुरक्षित पुनर्वास के लिए मात्र 5 से 10 एकड़ जमीन चाहिए। क्या राज्य सरकार पास इतनी जमीन नहीं है। लेकिन राज्य सरकार इनका पुनर्वास नहीं चाहती है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए समय लाभप्रद रहेगा, प्रियजनों का आवागमन।

**वृष** सुख-सुविधा के साधन बनेंगे आर्थिक लाभ. व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।

**मिथुन** धन लाभ, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय मिलेगा।

**कर्क** माता पिता का सहयोग,प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा.मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा. विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता,मनोकामनाएं पूरी होंगी।

**कन्या** बिगड़ा काम बनेगा,व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**तुला** नौकरी में उल्लास, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा, भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**वृश्चिक** पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक करना पड़ेगा. मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**धनु** आर्थिक लाभ,सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा,मित्र-कुटुंबियों का सहयोग, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।

**मकर** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**कुंभ** विरोधियों पर विजय,सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा. बकाये रकम की प्राप्ति होगी।

**मीन** बिना-विचारे कोई काम न करें, चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।

# मधुकर भारद्वाज को विधानसभा में दी गयी विदाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा सचिवालय में संयुक्त सचिव के पद से 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुए मधुकर भारद्वाज के सम्मान में सोमवार को झारखंड विधानसभा सचिवालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, विधान की प्रत्यायुक्त समिति के सभापति सरयू राय विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर स्पीकर ने कहा कि भारद्वाज लंबे समय तक झारखंड विधानसभा में अपनी सेवा दी।



विशेष रूप से संसदीय कार्यों को निपुणता के साथ निपटारा करने में उनका प्रयास सराहनीय रहा है। सरयू राय ने भी उनके कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि वे संपूर्ण सेवाकाल में अपने कर्तव्यों जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन किया। प्रभारी सचिव झारखंड विधान सभा सहित सचिवालय के अधिकारियों/सहकर्मियों ने उनके सम्मान में अपने उद्गार व्यक्त किये। मधुकर भारद्वाज 29 नवंबर 1988 को बिहार विधानसभा में सहायक के पद पर नियुक्त हुए थे। कैडर विभाजन के उपरांत प्रशाखा पदाधिकारी के रूप में 20 नवंबर 2000 को झारखंड विधानसभा सचिवालय में योगदान दिये। वे कुल 36 वर्ष 9 माह विधानसभा की सेवा में रहे। इस दौरान उन्होंने बिहार और झारखंड विधानसभा के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया।

# चुनाव से पहले महिलाओं को नीतीश सरकार का एक और तोहफा, 80 पिंक बसें शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार चुनाव से पहले महिलाओं को सीएम नीतीश ने एक और बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एक अणे मार्ग से सुगम परिवहन हेतु महिलाओं के लिए द्वितीय चरण में 80 पिंक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सभी 1065 बसों में इ-टिकटिंग सुविधा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बसों को रवाना करने के पूर्व बसों का निरीक्षण किया और उसमें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी



ली। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा कि आज बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की 1065 बसों में इ-टिकटिंग सुविधा लागू करने का शुभारंभ किया तथा द्वितीय चरण में नयी 80 पिंक बसों का लोकार्पण भी किया। इन बसों में केवल महिलाएं ही यात्रा कर सकती हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# शहीद जवानों के परिजनों को 2.10 करोड़ मुआवजा, आवास और नौकरी : वित्त मंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 3 सितंबर (बुधवार) की रात पलामू के मनातू में हुए मुठभेड़ में दो जवान संतन मेहता व सुनील राम शहीद हो गये। शहीद हुए जवानों के परिजनों से सोमवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुलाकात की। परिजनों को सांत्वना दी और मुआवजा की भी घोषणा की। वित्त मंत्री ने दोनों जवानों के परिजनों को 2.10 करोड़ मुआवजा, आवास, नौकरी व सड़क निर्माण की घोषणा की। मंत्री राधाकृष्ण किशोर हैदरनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरेवा गांव पहुंचे। शहीद जवान संतन कुमार मेहता बरेवा गांव के रहने वाले थे। उनके घर पहुंचकर मंत्री ने शहीद की पत्नी सरिता कुमारी, उनके दोनों बच्चे, परी (5 वर्ष), राशि (3 वर्ष),



शहीद की मां और उनके अन्य परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की कामना की। इसके बाद बरेवा गांव से 5 किमी. की दूरी पर अवस्थित शहीद सुनील राम के गांव परता गये, जहां शहीद सुनील राम के माता-पिता, उनकी पत्नी शोभा कुमारी और उनके दोनों बच्चे युवराज (10 वर्ष), यशराज (8 वर्ष) से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और दोनों शहीद के परिजनों से कहा कि ये अवसर साहस और धैर्य रखने का है। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि दोनों शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। घटना को अंजाम देने वाले लोगों को ढूंढ़ निकाल कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने गांव से ही राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता से बात की और उन्हें बताया कि दोनों शहीदों की पत्नी स्नातक पास हैं। इस पर महानिदेशक ने कहा कि पुलिस नियम के अनुसार दोनों को क्लर्क की नौकरी दी जायेगी। पुलिस महानिदेशक से हुई बातचीत के आलोक में वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड पुलिस एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बीच हुए समझौते के आधार पर 1 करोड़ 10 लाख रुपये और पुलिस विभाग द्वारा उग्रवादी कांड में शहीद हुए पुलिसकर्मियों के लिए तय की गयी राशि को मिलाकर अनुमानित 2 करोड़ रुपये प्रत्येक शहीद परिवार को उपलब्ध कराया जायेगा। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि शहीद हुए जवानों के परिवारों के साथ सरकार हर परिस्थिति में खड़ी रहेगी।

## शिक्षक दिवस के नाम पर शराब पार्टी करते पकड़े गये आधे दर्जन से अधिक विद्यार्थी

# उर्दू उच्च विद्यालय चरहू बना मयखाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अरेया स्थित राजकीय कृत उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय चरहू से शिक्षा को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है। यहां पर रविवार की देर रात विद्यालय शराब खाना बन गया। शिक्षक दिवस मनाने के नाम पर चंदा इकठ्ठा कर यहां पर शराब मुर्गा पार्टी मनायी जा रही थी। ग्रामीणों ने छापेमारी कर आधा दर्जन से अधिक विद्यार्थियों को शराब मुर्गा पार्टी करते हुए पकड़ लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय के हेडमास्टर भिखराम उरांव ने ही विद्यार्थियों को क्लासरूम की चाभी उपलब्ध करायी थी। गांव वालों के मुताबिक विद्यार्थियों से पूछताछ में छात्रों ने भी यह बात स्वीकार की। इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने सोमवार को विद्यालय परिसर में विरोध जताया। शराब पीने का मामले को लेकर स्थानीय मुखिया यशोदा उरांव, प्रबंध समिति के



अध्यक्ष अहमद खान और प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में एसएमसी के पदाधिकारी व ग्रामीणों ने स्कूल में दोबारा से इस तरह का शराब पीने का मामला ना हो, जिसे लेकर चेताया। ग्रामीणों ने कहा कि जहां से कई बच्चे अपने भविष्य को संवार चुके हैं, वहीं विद्यालय अब शराब पार्टी का अड्डा बन गया है। आखिर इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन है? साथ ही आरोप लगाया गया कि शिक्षक दिवस मनाने के नाम पर बच्चों से पैसा वसूली कर शराब पार्टी करना सरासर गलत है, इसे हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी भी कार्यक्रम का चंदा में गरीब परिवार के विद्यार्थियों से दबाव बनाया जाता है और चंदा नहीं देने पर गरीब परिवार के बच्चों को परीक्षा में बैठने नहीं दिये जाने की धमकी दी जाती है। मामले पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अहमद खान ने बताया कि कोई भी कार्यक्रम की सूचना पूर्व में हमें नहीं दी जाती है। गांव वालों से मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय में 800 विद्यार्थी नामांकित हैं, जिसमें 2 सरकारी शिक्षक और 12 पारा शिक्षक को मिलाकर कुल 14 शिक्षक हैं। इधर मामले पर उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने कहा कि पूरे मामले की जांच करायी जायेगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।









# झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन के पोस्टर का विमोचन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कैटरर्स दिवस को लेकर झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन ने सोमवार को एक सामूहिक बैठक होटल ग्रीन पार्क में आयोजित की। कार्यक्रम का संचालन संयोजक वकील साव ने किया। इस बैठक में अध्यक्ष कमल अग्रवाल और सभी पदाधिकारियों द्वारा कैटरर्स दिवस का पोस्टर विमोचन किया गया। मीडिया प्रभारी राहुल कुमार कश्यप ने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। **इनमें शामिल हैं :** लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड स्व. निर्मल मोदी को दिया जाना, प्रतिभा सम्मान कैटरर्स परिवार के सदस्यों को दिया जाना, झारखंड के बाहर से आने वाले स्टाल धारकों को विशेष सुविधा और मजबूत मंच प्रदान करना, शादी विवाह में रात्रि 12 बजे के बाद कैटरर्स के तरफ भोजन परोसने में असामर्थ्य को लेकर बैंक्वेट हॉल के सहयोग और आमंत्रण पर चर्चा। इस बैठक में दीपेश, राकेश, रोशन, संजय, सपन, तपन, सुरेश और अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद रहे। झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन की ओर से मीडिया प्रभारी राहुल कुमार कश्यप ने सभी सदस्यों और पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया।

# आदिवासी संगठनों ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

### सूर्या हांसदा हत्याकांड की जांच सीबीआइ से कराने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के विभिन्न आदिवासी संगठनों के पदाधिकारियों ने सोमवार को मुख्य पाहन (पुजारी) जगलाल पाहन के नेतृत्व में राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की और उनसे आदिवासी नेता सूर्या नारायण हांसदा की संदिग्ध मुठभेड़ में हुई मौत की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) से कराने समेत पांच मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल के समक्ष रखी गयी पांच मांगों में सूर्या हत्याकांड की सीबीआइ/न्यायिक जांच कराने, दोषी पुलिस अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई किये जाने, पीड़ित परिवार की सुरक्षा और फर्जी मुकदमों को वापस लेने, बच्चों की शिक्षा और परिवार के लिए जीविकोपार्जन की व्यवस्था करने तथा परिजनों को पर्याप्त आर्थिक मुआवजा दिलाने जैसी बातें शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने के बाद मुख्य पाहन जगलाल पाहन ने कहा कि विगत 10 अगस्त 2025 को गोड्डा पुलिस प्रशासन ने सूर्या हांसदा की हत्या को मुठभेड़ बताकर पेश किया, जबकि यह एक योजनाबद्ध फर्जी मुठभेड़ थी। उन्होंने कहा कि हांसदा लगातार आदिवासियों के हक व अधिकार, भूमि सुरक्षा, शिक्षा और शोषण के खिलाफ आवाज उठाते रहे, जिससे घबराकर उन्हें साजिश के तहत मौत के घाट उतारा गया। उन्होंने बताया कि राज्यपाल से इस पूरे मामले की जांच सीबीआइ से कराने की मांग की गयी है, जिससे कि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। इस मौके पर ट्राइब फर्स्ट के संयोजक आरती कुजूर ने कहा कि सूर्या हांसदा सच्चे जननायक थे। प्रशासन व माफियाओं की मिलीभगत से उनकी हत्या लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। वहीं केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने इसे मानवाधिकार का गंभीर हनन बताया। इस प्रतिनिधिमंडल में ट्राइब्स फर्स्ट अभियान से रितेश उरांव, केंद्रीय सरना समिति से बबलू मुंडा, जनजाति सुरक्षा मंच से संदीप उरांव, भारत मुंडा समाज से सोनी हेमरोम, आदिवासी रूढ़ि सुरक्षा मंच से रवि मुंडा, बेदिया उत्थान समिति से बुधराम बेदिया, मुखिया मुकेश भगत, सत्यदेव मुंडा, छोटानगपुर आदिवासी सरना समिति से बिरसा पाहन, झारखंड आदिवासी क्रांति सेना से रंजीत उरांव, रुक्मणी पहनाईन शामिल थे।

# टीम तुलसी पटेल के 24 प्रत्याशियों ने किया नामांकन



टीम तुलसी के 24 प्रत्याशियों ने चुनाव पदाधिकारी पवन शर्मा और विकास कुमार को नामांकन पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चैंबर चुनाव को लेकर टीम तुलसी पटेल के सदस्यों ने सोमवार को अपना नामांकन किया। टीम तुलसी के 24 प्रत्याशियों ने चुनाव पदाधिकारी पवन शर्मा और विकास कुमार को नामांकन पत्र सौंपा। नामांकन पत्र जमा करने वालों में अमित शर्मा, अरुण भरतीया, दीन दयाल वर्णवाल, ज्योति कुमारी, कमलेश कुमार संचेती, कुलवंत सिंह, मनोज कुमार मिश्रा, मोनिका गोयनका, नवीन गाड़ोदिया, प्रकाश अग्रवाल समोता, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, तनप्रिंस सिंह कोहली, राहुल साबू, संतोष अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, सुमित कक्कड़, तुलसी पटेल, विकास झाझरिया, विकास मोदी, विकास विजयवर्गीय, विमल फोगला, विनीता झुनझुनवाला, उत्सव परासर और रौनक जैन के नाम शामिल है। इस अवसर पर वर्तमान अध्यक्ष परेश गट्टानी, पूर्व अध्यक्ष विनय अग्रवाल, प्रवीण जैन छाबड़ा, किशोर मंत्री, आनंद जालान, शैलेंद्र कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे। नामांकन पत्र जमा करने के बाद तुलसी पटेल टीम के प्रत्याशियों ने मतदाताओं से संपर्क साधा और समर्थन देने का आग्रह किया। तुलसी पटेल ने कहा कि चैंबर के विभिन्न पदों पर काम करने का अनुभव है। इसका लाभ व्यवसायियों और उद्योगपतियों को मिलेगा।

# वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे के अवसर पर सीएमइ का आयोजन

### फिजियोथेरेपी से बिना किसी साइड इफेक्ट के उपचार किया जाता है : डॉ अभय पांडेय

### फिजियोथेरेपी प्रैक्टिस करने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है : डॉ राजीव रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विश्व भौतिक चिकित्सा दिवस (वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे) के अवसर पर सोमवार को द इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट्स झारखंड ब्रांच और मेडिका मणिपाल हॉस्पिटल के तत्वावधान में होटल चाणक्य बीएनआर में एक सीएमइ का आयोजन किया गया। इसका थीम हेल्दी एजिंग विद ए फोकस ऑन प्रिवेंटिंग फ्रेल्टी एंड फॉल्स है। इसमें स्पीकर के रूप में सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट डॉ अजीत कुमार, प्रेसिडेंट आइएपी झारखंड ब्रांच, डॉ प्रमोद तिग्गा, डॉ राहुल कुमार सिंह, सीनियर ऑर्थोपेडिक डॉ राकेश अग्रवाल, सीनियर फिजिशियन कम कार्डियोलॉजिस्ट डॉ एचडी शरण, ऑर्थोपेडिक डॉ अभिनव मिश्रा आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे का उद्देश्य विश्व भर में फिजियोथेरेपी का प्रचार प्रसार एवं लोगों के जीवन में इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी देना है। इस वर्ष का थीम वृद्धों में गिरने के कारण होने वाली बीमारियों के इलाज एवं उसके बचाव के बारे में है। इसमें मुख्य रूप से कूल्हों का फ्रैक्चर और उम्र के ढलान पर अपने आपको स्वस्थ कैसे रखा जाये, उस पर विभिन्न स्पीकर्स द्वारा अपने विचार रखे गये।

डॉ. अभय कुमार पांडेय इसीआइएपी ने कहा कि रांची झारखंड में यह दिवस प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है, जिसमें मरीजों को कैसे फिजियोथेरेपी के माध्यम से लाभ दिया जाये, इसपर परिचर्चा होती है। फिजियोथेरेपी एलोपैथी की वह विधा है, जिसमें मरीजों की बिना किसी साइड इफेक्ट के फिजियोथेरेपी के माध्यम से उपचार किया जाता है। डॉ राजीव रंजन सेक्रेटरी आइएपी ने कहा कि राज्य में काउंसिल का गठन भी 3 साल पहले हो चुका है, जिसके कारण अब राज्य भर में फिजियोथेरेपी प्रैक्टिस करने के लिए राज्य फिजियोथेरेपी काउंसिल से रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। इसके अलावा राज्य में फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए भी काउंसिल से संबद्धता अनिवार्य किया गया है, जिससे राज्य के स्टूडेंट्स को गुणवत्तायुक्त फिजियोथेरेपी पढ़ाई का लाभ मिल सके। इस प्रोग्राम में राज्य भर से कुल 100 से ज्यादा फिजियोथेरेपी चिकित्सकों ने भाग लिया।

इस प्रोग्राम में आइएपी के ऑफिस बेयरर्स जैसे डॉ. संजय गुप्ता, आइएपी प्रेसिडेंट डॉ अमित लाल, डॉ गोपाल, डॉ अजय कुमार, डॉ संजय कुमार, डॉ संजय कुमार, डॉ संजय देव कुमार, डॉ अजीत कुमार, डॉ आरिफ आलम, डॉ सुभाष, डॉ मुकेश के अलावा मनोज कुमार, डॉ विपिन सिंह और राहुल कुमार का विशेष सहयोग रहा।

# जेसीआइ ने किया एक्सपो उत्सव 2025 के पोस्टर का अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जेसीआइ रांची ने सोमवार को अपने कार्यालय में एक्सपो उत्सव 2025 के पोस्टर और कार्यक्रम सूची का अनावरण किया। एक्सपो उत्सव 2025 के मुख्य प्रायोजक बाबूलाल प्रेमकुमार, पावर्ड बाय श्री गजानंद ज्वैलर्स, वहीं सह प्रायोजक प्रभुजी, कैफटी, मोशन कोटा, शुभम घोष फोटोग्राफी, रेडियो धूम, झारखंड एक्सप्रेस कोरियर, बागला सिक्योरिटी व ऑटोमेशन, कैफिनेटर्स, रमादा बाय विंडम और अन्नपूर्णा ट्रेडिंग कंपनी है। एक्सपो उत्सव के मुख्य कार्यक्रम पहले दिन 16 सितंबर को फैशन शो, दूसरे दिन 17 सितंबर को एक्सपो ट्रेजर हंट और डॉग शो, तीसरे दिन 18 सितंबर को हेल्थी बेबी एंड मोम शो और योगा कंपीटीशन, चौथे दिन 19 सितंबर को वॉयस ऑफ एक्सपो सिंगिंग कंपीटीशन, पांचवें दिन 20 सितंबर शनिवार को तंबोला और मिड नाइट बाजार जो कि रात 12 बजे तक रहेगा, 21 सितंबर रविवार को पेंटिंग, फैंसी ड्रेस व एक्सपो डांस कंपीटीशन आयोजित होगा। 22 सितंबर को शाम 6 बजे से एक्सपो उत्सव का समापन समारोह रहेगा। कार्यक्रम संचालक नितिन पोद्दार कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतीक जैन, सन्नी केडिया, सिद्धार्थ जयसवाल, अभिषेक जैन, दीपक पटेल, सौरभ नरेडी, आदित्य जालान, साकेत अग्रवाल, निखिल मोदी, तरुण अग्रवाल, प्रशांत पाटोदिया, आशा मोदी, दीपा बंका, रजनी धानधनिया, शीतल लखोटिया, रुचि झुनझुनवाला, श्वेता माहेश्वरी, राधिका मोदी व अन्य सदस्य मौजूद थे।

# फुटपाथ दुकानदारों ने रांची नगर निगम का घेराव किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के फुटपाथ दुकानदारों ने सोमवार को नगर निगम का घेराव कर संवैधानिक अधिकारों की मांग की। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) के बैनर तले हजारों दुकानदारों ने प्रदर्शन किया। घेराव का नेतृत्व संदीप कुमार वर्मा (एटक), विकास वर्मा, भाकपा राज्य सचिव महेंद्र पाठक और जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने किया। दुकानदारों ने 2009 व 2014 में संसद से पारित कानून और झारखंड सरकार द्वारा 2017 में बनाये गये स्ट्रीट वेंडर एक्ट को लागू करने की मांग उठायी।

**दुकानदारों की प्रमुख मांगें :** वेंडिंग जोन और नयी वेंडिंग कमेटी का गठन हो। गैरकानूनी बेदखली और पुलिसिया दुराचार पर रोक। सर्वेक्षण कर सभी दुकानदारों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना। वेंडिंग जोन में शौचालय, पेयजल व स्टोरेज जैसी बुनियादी सुविधाएं।

नगर निगम के प्रशासक ने दुकानदार नेताओं से वार्ता की और अधिकांश मांगों पर सहमति जतायी। नेताओं ने कहा कि यह लड़ाई लंबी है और केवल मौखिक आश्वासन से काम नहीं चलेगा। नेताओं ने कहा कि फुटपाथ दुकानदार आबादी के 80 प्रतिशत लोगों को सस्ते दर पर सामान मुहैया कराते हैं, लेकिन सरकार बड़े-बड़े कॉरपोरेट घरानों के दबाव में इसके खुदरा व्यापार को बढ़ावा दे रही है। निगम भी मोटी रकम वसूल कर दुकानदारों को खत्म करने की साजिश कर रहा है।

# गोल इंस्टीट्यूट का दीक्षांत समारोह में हजारों मेडिकल छात्र हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोल इंस्टीट्यूट ने सोमवार को रांची में हाउ टू क्रैक नीट विषय पर एक भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। इसमें हजारों मेडिकल छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस विचारधारा का उद्देश्य विद्यार्थियों को नीट की तैयारी से जुड़ी नवीनतम प्रतिस्पर्धाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि एनइइटी जैसे राष्ट्रीय स्तर के परीक्षा में सफलता पाने के लिए केवल मेहनत नहीं बल्कि सही रणनीति, नियमित अभ्यास और समय प्रबंधन की आवश्यकता होती है। अंतिम सारांश: समय की पाबंदी से अलगाव और बंधक बनाये रखना महत्वपूर्ण है।

### लक्ष्य के अनुमोदन का दिशा-निर्देश

गोल इंस्टीट्यूट के संजय आनंद और आनंद वत्स ने भी छात्रों के लिए मूल्यवान टिप्स दिये। उन्होंने पूर्व छात्रों की प्रेरणा सेमिनार में गोल इंस्टीट्यूट के सफल पूर्व छात्रों-सारिका, रोमानियाई आनंद, तलत फातिमा और शाहजहां जो वर्तमान में देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक प्रशिक्षण और आत्म-विश्लेषण पर विशेष जोर दिया, की तैयारी में दिशा-निर्देशों का परीक्षण किया। इन विद्यार्थियों ने अपनी तैयारी के अनुभव को साझा करते



हुए विद्यार्थियों को मेडल से सम्मानित किया। शुभम, केपी सिंह, पूनम, प्रेरणा और कई अन्य गोल परिवार के सदस्यों ने भी सेमिनार में भाग लिया। यह दीक्षा गोल इंस्टीट्यूट की उस परंपरा को आगे बढ़ाता है। इसमें संस्था केवल गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान नहीं करती है, बल्कि छात्रों को अपनी चिकित्सा यात्रा में हर कदम पर मार्गदर्शन और प्रेरणा भी मिलती है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### वाइबीएन यूनिवर्सिटी में वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। वाइबीएन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज ने वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे को बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य फिजियोथेरेपी के महत्व को समझना और समाज में जागरूकता फैलाना था। पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। चीफ गेस्ट के रूप में डॉ. अजीत कुमार (झारखंड फिजियोथेरेपी काउंसिल के रजिस्ट्रार), विश्वविद्यालय के चेयरमैन रामजी यादव, सीएमडी डॉ. अंकिता यादव, वाइस-चांसलर, रजिस्ट्रार और डीन उपस्थित थे। वाइस-चांसलर ने अपने संबोधन में कहा कि फिजियोथेरेपी एक होलिस्टिक अप्रोच है जो मानव शरीर को नैचुरल तरीके से हील करने में मदद करती है। डीन ने बताया कि नियमित फिजियोथेरेपी से लाइफस्टाइल बीमारियों को मैनेज किया जा सकता है। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता और पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित की गयी । विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया और उनके प्रदर्शन की सराहना की गयी। कार्यक्रम का समापन वोट ऑफ थैंक्स के साथ हुआ, जहां आयोजकों ने सभी गणमान्य अतिथियों, फैकल्टी, स्टाफ और छात्रों का आभार व्यक्त किया।

### गोल्ड मेडल जीतने वाली छात्रा आकांक्षा ओझा को किया सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में चार गोल्ड मेडल जीतने वाली छात्रा आकांक्षा ओझा के घर भाजपा रांची ग्रामीण जिला टीम पहुंची। जिला अध्यक्ष विनय कुमार महतो धीरज के नेतृत्व में आकांक्षा ओझा को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मानित करने वालों में जिला अध्यक्ष के साथ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशिभूषण भगत, अजय तिवारी, भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाइक, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम साहू, जिला मंत्री रामकुमार दुबे, जिला कार्यालय मंत्री संजीव तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष इमरान खान, भाजपा रातू पूर्वी मंडल अध्यक्ष परमेश्वर गोप, रुपेश साहू, मुरारी गुप्ता, अजय नायक के अलावे संतोष ओझा, शंभू नारायण ओझा शामिल थे। इस अवसर पर आकांक्षा ओझा और उनके परिजन भाजपा रांची ग्रामीण के सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया।

### बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया स्थापना दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। शौर्य सभागार डोरंडा में सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया का 120वां स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडिया के फील्ड महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को शुभकामनायें दीं। अपने संबोधन में बैंक की गौरवशाली यात्रा तथा भविष्य की प्रतिबद्धताओं पर प्रकाश डाला। श्री गोंड ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी स्थापना से लेकर आज तक समाज की वित्तीय प्रगति और ग्राहकों की आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा से बैंक की सेवाओं को और सशक्त बनाते हुए बैंक के स्वर्णिम भविष्य में योगदान दें। इस विशेष अवसर पर कर्मचारियों और उनके परिवारजनों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। बच्चों और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। स्थापना दिवस समारोह के दौरान बैंक परिवार ने मिलकर बैंक ऑफ इंडिया के मूल्यों, परंपराओं और सामाजिक उत्तरदायित्व को दोहराते हुये आने वाले समय में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का विधिवत समापन आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा किया गया।

### गुवा गोलीकांड : 45 साल बाद आज भी जख्म ताजा है : देवेंद्र नाथ महतो



चाईबासा (आजाद सिपाही)। गुवा गोलीकांड के वीर शहीदों को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष बेबी महतो, पश्चिमी सिंहभूम जिला अध्यक्ष करन महतो, सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष दीपक महतो, सचिव दुर्योधन महतो, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय कुमार, गणेश महतो, कुलदीप महतो, अखिलेश महतो, उत्तम महतो, अनिल महतो, अंबिका महतो, अर्जुन मालवा, सुजीत सिन्हा, संजय महतो,भानुमति महतो जिला वरिय उपाध्यक्ष, मीनाक्षी महतो जिला सचिव, वरुण महतो, गोपाल महतो, कोल्हान के कई पदाधिकारी, सैकड़ों समर्थकों ने गुवा शहीद स्थल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर देवेंद्र महतो ने कहा गुवा गोलीकांड झारखंड के इतिहास का वह काला अध्याय है, जिसे कभी कोई भुला नहीं सकता। आज उस काले दिन को 45 साल बीत गये, लेकिन जख्म आज भी ताजा है।







# रातू में गोलीबारी कांड का खुलासा, छह गिरफ्तार

## बदले की भावना में दी हत्या की सुपारी, पांच लाख में तय हुआ था हत्या का सौदा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के झखराटांड़ में रविवार को गोलीबारी की घटना हुई थी। इसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद डीआइजी सह रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर रातू पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छह अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी बुढ़मू व मांडर थाना क्षेत्र से की गयी। पुलिस में उनके पास से हत्या में प्रयुक्त हथियार व वाहन भी बरामद कर लिया। गिरफ्तार अपराधियो में मुख्य साजिशकर्ता बुढ़मू थाना क्षेत्र के चकमे निवासी बृज किशोर यादव का पुत्र कुणाल कुमार उर्फ बसंत यादव, भुनेश्वर महतो का पुत्र लाल मोहन प्रजापति, वरुण प्रजापति का पुत्र श्रीचंद प्रजापति सभी (चकमे) गांव इसके अलावा बुढ़मू बनगांवा के हरि दयाल का पुत्र बबलू यादव, मुरुपिरी निवासी सोहन महतो का पुत्र विजय प्रजापति और मांडर थाना क्षेत्र के दौठाटोली निवासी स्व वाहिद अंसारी का पुत्र इमरोज अंसारी शामिल है। कुणाल पर रातू और मांडर थाना में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

एसएसपी ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पूछताछ के दौरान, पुलिस को पता चला कि इस अपराध के पीछे का मुख्य कारण आपसी रंजिश और बदले की भावना थी। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार मुख्य आरोपी कुणाल कुमार उर्फ बसंत यादव का अपने पड़ोसी राजबल्लभ गोप उर्फ बलमा के साथ पुराना विवाद था। कुणाल ने पुलिस को बताया कि राजबल्लभ गोप के साथ उसका हमेशा तनाव बना रहता था। जब कुणाल ने जमीन का काम शुरू करना चाहा, तो राजबल्लभ ने उसे धमका कर काम बंद करवा दिया। लगभग एक साल पहले, राजबल्लभ ने कुणाल के पिता के साथ भी मारपीट की और उनके घर जाकर गाली-गलौज की थी। इसी अपमान का बदला लेने के लिए कुणाल ने इस अपराध की योजना बनायी थी।

### ऐसे दिया गया घटना को अंजाम

कुणाल यादव 2017 से रातू थाना क्षेत्र के झखराटांड मुंडा टोली में मकान बनाकर सपरिवार रहता है। उसके बगल में ही राजबल्लभ का भी घर है। कुणाल की पढ़ाई-लिखाई में मन नहीं लगने के कारण बीच में ही पढ़ाई छोड़ कर अपने दोस्तों के साथ रंगदारी स्वरूप छोटे-मुटे रकम की उगाही करने लगा। इसी बीच इसके घर के सामने रहने वाला राजबल्लभ गोप उर्फ बलमा से किसी बात को लेकर मन-मुटाव हो गया था और दोनों के बीच में हमेशा तना-तनी बनी रहती थी। कुणाल छोटे-मोटे जमीन लेकर काम करना शुरू करना चाहता था परंतु पड़ोसी राजबल्लभ गोप के द्वारा उसे धमकी देकर काम-धंधा बंद करवा दिया जाता था। एक वर्ष पहले राजबल्लभ ने झखराटांड मुख्य मार्ग में कुणाल के पिता के साथ मारपीट किया था और कुणाल के घर जाकर गाली-गलौज किया गया था। इसी बात को लेकर कुणाल हमेशा बदला लेने के फिराक में रहता था।

कुणाल ने राजबल्लभ को रास्ते से हटाने के लिए हत्या की योजना बनाते हुए अपने दोस्त लालमोहन प्रजापति एवं बबलू यादव की सहायता से तीन युवक जो टीपीसी एवं विकेश तिवारी के नाम पर रंगदारी की मांग करते थे। उनसे संपर्क कर राजबल्लभ गोप को हत्या की सुपारी दी। कुणाल गोप ने 5 लाख रुपये सुपारी के तौर पर सौदा किया था।

6 सितंबर को सभी लोग ठाकुरगांव में एकत्र होकर हत्या की रूप रेखा तैयार की। हत्या की शाम को सभी अपराधी झखरा टांड पहुंचे। वहां उन्होंने राजबल्लभ के घर से प्रदीप लोहरा जहां राजबल्लभ शराब पीता था उसके घर तक की रेकी की। कुणाल ने अपराधियों को राजबल्लभ की दूर से ही पहचान करायी। इसके उपरांत 6:15 बजे श्रीचंद प्रजापति, इमरोज अंसारी व विजय प्रजापति सभी लोग झखराटाड़ स्थित बिरसा चौक पर जमा हुए, कुणाल ने उन्हें बताया कि राजबल्लभ गोप बुलेट मोटरसाइकिल से प्रदीप के यहां दारू पीने गया है और सफेद रंग का सर्ट पहने हुए है। सभी अपराधी प्रदीप लोहरा के घर पहुंचे तो रवि कुमार वहां सफेद रंग का शर्ट पहना मिला। वहीं राजबल्लभ दूसरे रंग का टी शर्ट पहने हुआ था। अपराधियो में राजबल्लभ समझ कर रवि पर ताबड़तोड़ गोली बरसा दी। जिससे मौके पर ही रवि की मौत हो गयी। वहीं बीच बचाव करने पर अपराधियों ने राजबल्लभ को भी गोली मार दी। राजबल्लभ का इलाज रांची रिम्स में चल रहा है। उसकी स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। वह जिंदगी व मौत की बीच जूझ रहा है।

मृतक रवि कुमार हजारीबाग जिले के केरेडारी का रहने वाला था। और राजबल्लभ के साथ ही शराब पीने गया था। सफेद रंग के शर्ट के कारण रवि की जान चली गयी। बरामद सामान में तीन पिस्तौल, पांच जिंदा गोली, एक होंडा शाइन मोटरसाइकिल, एक अल्टो कार, छह एंड्रॉयड मोबाइल और तीन कीपैड मोबाइल शामिल हैं।

### छापामारी दल में शामिल पुलिसकर्मी

पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार, थाना प्रभारी रातू राम नारायण सिंह, बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार, मांडर थाना प्रभारी राहुल कुमार, नवीन शर्मा, संतोष यादव, छोटू कुमार, महेश प्रसाद कुशवाहा, प्रियका कुमारी, विश्वेश्वर कुमार, सुनील कुमार सिंह, सुधीर कुमार, मनोज कुमार, देवराज राम, बलेंद्र कुमार शामिल थे।

# विधानसभा अध्यक्ष ने पुस्तक का लोकार्पण किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में दशरथ चंद्र दास की पुस्तक अंबेडकरवादियों के चार धाम का लोकार्पण किया। लेखक दशरथ चंद्र दास आइएएस (सेवानिवृत्त) दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त रह चुके हैं ।

प्रशासनिक सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं और सामाजिक कार्यों को प्रभावी ढंग से कार्यान्वित करने की सराहनीय प्रयास की है। दास देवघर जिला की जयंती ग्राम के रहने वाले हैं। वे डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय की स्थापना और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देवघर और रांची में अंबेडकर पुस्तकालय की स्थापना भी किये हैं। पुस्तक में डॉ अंबेडकर की शिक्षा भारतीय समाज एवं दलित की स्थिति आर्थिक लोकतंत्र और सामाजिक लोकतंत्र तथा गोलमेज सम्मेलन का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य के साथ साथ दास ने नवयान और अंबेडकरवादी परंपरा में चार पवित्र स्थलों की अवधारणा को विशेष रूप से उजागर किया है। डॉ भीमराव अम्बेडकर के जन्म स्थल महू बड़ौदा के संकल्प भूमि, नागपुर की दीक्षाभूमि और मुंबई के चैत्य भूमि को पुस्तक में चार पवित्र धाम की संज्ञा दी गयी है। लेखक के द्वारा प्रेरणा स्रोत के रूप में पिता स्वर्गीय तालेवर प्रसाद दास एवं माता स्वर्गीय तारकेश्वरी देवी को यह पुस्तक समर्पित की है। इस अवसर पर अध्यक्ष के साथ विधायक उदय शंकर सिंह, विकास कुमार मुंडा, निर्मल महतो और प्रभारी सचिव झारखंड विधानसभा उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा ही कलयुग के प्रभाव को दूर कर सकती है : मां चैतन्य मीरा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा द्वारा अग्रसेन पथ स्थित अग्रसेन भवन में सात दिवसीय भागवत कथा के द्वितीय दिवस की कथा में मां चैतन्य मीरा के द्वारा बताया गया कि किस प्रकार से परीक्षित को ऋषि द्वारा श्राप दिया गया और किस प्रकार से कलयुग ने स्वर्ण में अपना स्थान मान कर स्वयं राजा परीक्षित की मति ही भ्रमित कर दी। उन्होंने बताया कि आज के समय में किस प्रकार से व्यक्तियों में आपसी भेदभाव और गृह क्लेश जैसे कारण हो रहे हैं। यह सभी कलयुग का प्रभाव प्रभाव है। इस युग में प्रभु का नाम और श्रीमद्भागवत कथा ही हमें इस प्रभाव से दूर रख सकती है। यदि हम अपने भक्ति मार्ग से जोड़ते हैं, प्रभु के प्रति प्रेम रखते हैं उनमें आस्था रखते हैं, तो किसी भी प्रकार से हमारा अहित नहीं हो सकता। आज के समाज को यह जानना आवश्यक है कि यदि हम प्रभु से नहीं जुड़े तो हमारे जीवन का कल्याण संभव नहीं है। हमें सर्वथा इसी मार्ग पर आगे चलना चाहिए।

साथ ही गुरु मां बताया कि उनके द्वारा नासिक आश्रम में और ऑनलाइन के माध्यम से ध्यान और योग के कई शिविर लगाये जाते हैं और अब यह शिविर नासिक के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर भी लगाये जायेंगे। जिससे कि प्रत्येक व्यक्ति अपने मन की पीड़ा को दूर कर सके। अपने मन को स्वच्छ कर सके। अपने शरीर को स्वस्थ कर सके और आज की युवा पीढ़ी में होने वाली बीमारियां अनिंद्रा, चिड़चिड़ापन और डिप्रेशन को दूर को दूर किया जा सके और उनमें एकाग्रता का भाव लाया जा सके।

महिला मंडल के द्वारा द्वितीय दिवस सेवा कार्य के तहत गौ सेवा की गयी। गुरु मां ने गौ सेवा के महत्व बताते हुए कहा कि भगवान कृष्ण गायों के बीच गोविंद बन कर रहे गौ माता की सेवा से हमें भगवान मिल सकते हैं। गोमूत्र से 140 रोग ठीक होते हैं। हमें गौ माता के ही दूध दही एवं घी का उपयोग करना चाहिए।

कथा के अंत में समिति के सदस्यों के द्वारा आरती की गयी और प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रूपा अग्रवाल, अनसूया नेवटिया, अलका सरावगी, मधु सराफ, उर्मिला पड़िया, नैना मोर, प्रीती बंका, मंजू केडिया, बीना मोदी, रीना सुरेखा, बीना बूबना, प्रीती पोद्दार, शोभा हेतमसरिया, मीरा टिंबरेवाल, करुणा अग्रवाल, सीमा टॉटीया, प्रीती अग्रवाल, मीना अग्रवाल, रेनू राजगढ़िया पूनम टेकरीवाल, रेखा अग्रवाल, छाया अग्रवाल, सीमा पोद्दार, सुनैना लॉयलका, प्रीति फोगला, रीता केडिया, शशि डागा, सरिता मोदी, प्रीति केडिया, बबीता नर्सरिया, जय बिजावत, सुषमा पोद्दार, मंजू गाड़ोदिया आदि बहनें शामिल थीं।

# अदाणी फाउंडेशन कोचिंग सेंटर के पांच छात्र अग्निवीर परीक्षा में सफल

**रंग लायी अदाणी फाउंडेशन की कोशिश, सफल छात्रों को किया गया सम्मानित**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** गोंदुलपारा खनन परियोजना क्षेत्र में जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए अदाणी फाउंडेशन की ओर से संचालित निःशुल्क कोचिंग सेंटर एक बार फिर सफलता की नयी कहानी लिख रहा है। हाल ही में आयोजित अग्निवीर भर्ती परीक्षा (शारीरिक, मेडिकल और लिखित) में यहां के कुल पांच छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इन सभी सफल अभ्यर्थियों के सम्मान में सोमवार को प्रोत्साहन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों के माता-पिता और अन्य परिजन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अतिथि बड़कागांव के डीएसपी पवन कुमार ने अदाणी फॉउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि देश सेवा के लिए सफल हुए ये सभी छात्र बड़कागांव के साथ-साथ पूरे देश का नाम रौशन करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज की दशा और दिशा बदल सकती है। अपने संघर्ष की कहानी को साझा करते हुए डीएसपी ने कहा कि सफलता का कोई शार्ट कट नहीं होता। उन्होंने सफल छात्रों को जहां बधाई दी, वहीं असफल हुए छात्रों को दोबारा से मेहनत शुरू करने को कहा। पढ़ाई के लिए इंटरनेट और सोशल मीडिया का अधिक से अधिक उपयोग करने की सलाह देते हुए डीएसपी ने कहा कि अच्छे विद्यार्थियों का समूह बनाकर अगर आप पढ़ाई करें तो सफलता जरूर मिलेगी। कार्यक्रम में मौजूद बड़कागांव के सर्किल इंस्पेक्टर ललित कुमार ने अदाणी फॉउंडेशन के इस प्रयास की तारीफ की और कहा कि इस सफलता से और भी बच्चे प्रोत्साहित होंगे। कार्यक्रम में सफल छात्रों में भानु सिंह राजपूत, सन्नी कुमार यादव, राजदीप कुमार, सुशांत कुमार शर्मा और ऋषभ कुमार को डीएसपी और इंस्पेक्टर ने सम्मानित किया। इस अवसर पर अदाणी कोचिंग सेंटर के प्रशिक्षक ऋतिक जायसवाल, रविंद्र कुमार यादव और राजेंद्र कुमार यादव ने बताया कि अभी सीआइएसएफ, रेलवे, एक्साइज और एसएससी की परीक्षाएं भी होने वाली हैं, जिसमें इस कोचिंग सेंटर में पढ़ाई कर रहे बच्चे जरूर सफल होंगे। कार्यक्रम में गोंदुलपारा खनन परियोजना के प्रमुख पुंडरीक मिश्रा, सुरक्षा प्रमुख अमित कोले, सीएसआर प्रमुख मोहित गुप्ता, तारकेश्वर कुमार और विजय कुमार समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# 'हिंदी भाषा के समक्ष चुनौतियां' विषय पर प्रतियोगिता आयोजित




**आजाद सिपाह संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में 01 सितंबर से 26 सितंबर तक आयोजित राजभाषा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को को हिंदी वाक प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के कर्मियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता के लिए पूर्व मध्य रेल के सभी विभागों को पूर्व में ही सूचित किया गया था। प्रतिभागियों को अपनी इच्छानुसार प्रतियोगिता में किसी एक विषय पर बोलना था। हिंदी वाक प्रतियोगिता हेतु 02 विषय पूर्व में ही निश्चित किये गये थे।

1. हिंदी भाषा के समक्ष चुनौतियां, 2. विकसित भारत का सपना। इस प्रतियोगिता के अवसर पर बोलते हुए उप महाप्रबंधक (राजभाषा) केशव त्रिपाठी ने कहा कि राजभाषा पखवाड़ा-2025 के अवसर पर राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा के प्रचार-प्रसार के निमित्त विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इससे रेलकर्मियों को राजभाषा में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन मिलता है एवं रेल कार्यालय में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है।

निर्णायक मंडल में अभिषेक कुमार, उप महाप्रबंधक (सामान्य), सरोज कुमार, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक मौजूद थे। इस प्रतियोगिता में कुल 06 पुरस्कार हैं : प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना के 03 (तीन). प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के कर्मचारी प्रतिभागी के रूप में उपस्थित थे। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने मौके पर ही इस प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया। इसके अनुसार जूही बाला कर्ण, कनि. लेखा सहायक, लेखा विभाग को प्रथम स्थान, सौलत हिना, कार्यालय अधीक्षक, प्रशासन विभाग को द्वितीय स्थान, सुचित्रा, कार्यालय अधीक्षक, कार्मिक विभाग को तृतीय स्थान एवं मनीष राज, सामान्य सहायक, रमेश कुमार मिश्रा, मुख्य विधि सहायक एवं गणेश कुमार सहाय, मुख्य कार्यालय अधीक्षक को प्रेरणा पुरस्कार प्राप्त हुए। आज के कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक (राजभाषा) केशव त्रिपाठी ने किया।

## महत्वपूर्ण खबरें



सोमवार को डोरंडा महाविद्यालय रांची और कैंब्रिज विश्वविद्यालय यूके के बीच एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुआ। इस एमओयू के तहत डोरंडा महाविद्यालय रांची के बच्चों को कैंब्रिज यूनिवर्सिटी की ओर से पठन सामग्री और विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था की जायेगी। इसके तहत भाषा संबंधित जो पाठ्यक्रम संचालित होंगे उसमें परीक्षा के बाद कैंब्रिज विश्वविद्यालय के द्वारा प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

### ट्विंकल छावनिका ने छात्राओं के बीच अपने घर में बनाये हुए व्यंजन बांटे



रांची (आजाद सिपाही)। समाजसेविका एवं जेसीआइ रांची उड़ान की पूर्व प्रेजिडेंट ट्विंकल छावनिका ने सोमवार को हरमू हाउसिंग कॉलोनी (एचआई 67 के निकट) स्थित कल्याण एवं विकास समिति सामुदायिक भवन परिसर में स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच अपने घर में बनाये हुए व्यंजन बांटे। वहीं, छात्राओं के बीच सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया। मौके पर श्रीमती छावनिका ने बच्चों को अपने घर,स्कूल व आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखना की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं को स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि स्वच्छ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है, इसलिए अपने शरीर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस अवसर पर समाजसेविका सरिता अग्रवाल, ललन कुमार मिश्र सहित अन्य मौजूद थे।

### कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के डोरंडा एवं हटिया केंद्र के छात्रों एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के द्वारा डोरंडा केंद्र में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन कलाकृति के निदेशक एवं कला शिक्षक धनंजय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों को उत्कृस्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर धनंजय कुमार ने कहा कि भारत भूमि पर अनेक विभूतियों ने अपने ज्ञान से हम सभी का मार्ग दर्शन किया है। उन्ही में से एक महान विभूति डॉ राधाकृष्णन की मान्यता थी कि यदि सही तरीके से शिक्षा दी जाये, तो समाज की अनेक बुराइयों को मिटाया जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की उपनिदेशिका रजनी कुमारी, अजय कुमार, कोमल, शिखा, हर्षिता, सना, अर्चना, रिंकी, जया, मनस्वी, निजात, अमीषा, राज एवं अन्य छात्रों का योगदान रहा।

### रांची रेल मंडल की कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

रांची (आजाद सिपाही)। दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य हेतु ब्लॉक लिया जायेगा। अतः रांची रेल मंडल से परिचालित निम्नांकित ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। ट्रेनों का आंशिक समापन / प्रारंभ :- ट्रेन संख्या 13503/13504 बर्द्धमान - हटिया - बर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ 09/09/2025, 11/09/2025, 12/09/2025 एवं 14/09/2025 का गोमो स्टेशन पर आंशिक समापन एवं आंशिक प्रारंभ होगा। इन ट्रेनों का गोमो - हटिया - गोमो के बीच परिचालन रद्द रहेगा। ट्रेन के प्रस्थान समय में परिवर्तनः ट्रेन संख्या 18036 हटिया - खड़गपुर एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ 09/09/2025 को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर 2 घंटे विलंब से हटिया स्टेशन से प्रस्थान करेगी। ट्रेन के मार्ग में परिवर्तन : ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर - हटिया एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ 09/09/2025, 10/09/2025 एवं 13/09/2025 को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल-पुरुलिया-कोटशिला-मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल-गुंडा बिहार-मुरी होकर चलेगी।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No. DBA/AF-G/JSR/03/2025 Dated 02.08.2025, I Ful Kumari Devi W/o. Lakhandev Paswan Permanent Resident of vill. Madhuka, P.o. Bham, P.S.-Anti, Bham, Gaya Bihar, - 834116, and Presently Address Residing at H.No. 63 Kharia Bast, Mango, Town Jamshedpur, Dist. East Singhbhum Jharkhand - 831018. 1. That my actual Name Ful Kumari Devi in My Voter ID No. JVN7501083.
2. That in my Aadhar Card No. 8288 0918 0963, my name has been wrongly entered as Dev Kumari Devi in place of Ful Kumari Devi.
3. That Ful Kumari Devi and Dev Kumari Devi is same and one Person i.e. myself.
4. That my wrong name in my Aadhar Card is to be rectified and corrected and my correct name is to be inserted in my Aadhar Card as Ful Kumari Devi.

**AFFIDAVIT**

I, DIPEN KUMAR SAHU, SON OF JAI NATH SAHU, Resident of H.No. 102, VILLAGE BOREYA, P.O.-BOREYA, NEAR CHOTKI TALAB, P.S.- KANKE BOREYA RANCHI (JHARKHAND) That I have a passport No. H6363529 my name written as DIPEN KUMAR but in the UID Card my name written as DIPEN KUMAR SAHU. DIPEN KUMAR SAHU and DIPEN KUMAR both are same and one person. Vide affidavit no. 72, dated- 08 September 2025.

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी/दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है और प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़र अंदाज़ कर दिया जाएगा। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-ईस्ट-25-26-12, दिनांक: 04.09.2025।** **कार्य का नाम:** राजखरसावां-सोंगरी-गम्हरिया-टाटानगर खंड के बीच फीडर रूट/25टी एक्सल रूट जीक्यू/जीडी रूट पर पुशिंग पद्धति के जरिये आरसीसी बॉक्स द्वारा स्टोन ब्रिज (30 अदद) का पुनर्निर्माण। **निविदा मूल्य:** ₹ 36,95,97,918.11। **जमा बयाना राशि:** ₹ 19,98,000। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0। **खुलने की तारीख:** 06.10.2025। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। ई-निविदा में सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेने के समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी- रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I / सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-599)

**AFFIDAVIT**

Vide Affidavit. No. 7063 Dated 06.09.2025, I SUFIYA PARVEEN W/O- Abdul Salam Khan, Aged about 35 years, resident of Colony No.2, Near Imambara, Bodiya South, Post- Kathara, PS- Bokaro Therma, Distt- Bokaro (Jharkhand), 2. That, my correct and real name has been mentioned as SUFIYA PARVEEN in my Bihar School Examination Board Intermediate vide Roll No. 30237, Marksheet Sl. No. 126679 and in my class VIII Marksheets. 3. That, due to inadvertence my name was wrongly written as SUFINA BANU in my Aadhar card vide Aadhar No.- 6326 6489 9520. 4. That, my name written in my Aadhar card as SUFINA BANU required to be corrected in my Aadhar card as my real and actual name SUFIYA PARVEEN W/O- Abdul Salam Khan.

# जीएसटी दरों में राहतें

केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी को लेकर व्याप्त जनरोष व व्यापार-उद्योग पर पड़ने वाले कुप्रभाव को देखते हुए विभिन्न चरणों में इसमें राहत देनी शुरू की। इसके तहत अब तक इसमें 50 से अधिक संशोधन किये जा चुके हैं। इसी क्रम में 3 सितंबर को नयी दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काऊंसिल की 56वीं बैठक में सरकार ने चंद बड़े फैसले किये, जो 22 सितंबर से लागू होंगे। इसके तहत अब टू टियर टैक्स स्ट्रक्चर को स्वीकृति देकर जीएसटी के वर्तमान 5, 12, 18 व 28 प्रतिशत दर वाले 4 स्लैबों में से 12 तथा 28 प्रतिशत वाले टैक्स स्लैबों को समाप्त करके सिर्फ 5 तथा 18 प्रतिशत वाले 2 स्लैब ही रखने का फैसला किया गया है। अब वस्तुएं या तो लोअर टैक्स स्लैब में होंगी या फिर हायर टैक्स स्लैब में। अब तक अधिक टैक्स स्लैब होने के कारण आम उपभोक्ता को समझ नहीं आता था कि किस सामान पर कितना टैक्स लगेगा। अब टू टियर टैक्स स्ट्रक्चर से व्यवस्था सरल बनेगी। जीएसटी काउंसिल के अनुसार इससे जहां छोटे व्यापारियों को व्यापार करने में आसानी होगी, वहीं आम लोगों की जरूरत के सामान सस्ते होंगे तथा टैक्स वसूली की प्रक्रिया में पारदर्शिता आने से व्यापारी मनमाना रेट भी नहीं ले पायेंगे। इसका एक लाभ यह भी होगा कि आम जरूरत की वस्तुओं के दाम एक समान बने रहेंगे और उनमें अधिक अस्थिरता नहीं दिखेगी। दवाइयां, कपड़े, खाद्य उत्पाद आदि जरूरी वस्तुओं को लोअर टैक्स स्लैब में रख कर उन पर जीएसटी घटा कर शून्य कर दिया गया है। इस कारण अब लोगों के लिए रोजमर्रा की जरूरतों वाली वस्तुएं, जीवन बीमा, स्वास्थ्य पालिसी, पैंसिल, शार्पनर, रबड़, नोटबुक, ग्लोब, दूध, पैक्ड पनीर, पिज्जा, ब्रैड, चपाती और 33 जीवन रक्षक दवाइयां (कैंसर, रेयर डिजीज), आदि आम आदमी की पहुंच में होंगी। इसी प्रकार 5 प्रतिशत तक टैक्स वाली वस्तुओं में शैंपू, साबुन, टूथपेस्ट, टूथब्रश, शेविंग क्रीम, मक्खन, घी, पनीर, नमकीन भुजिया आदि, बच्चों के नैपकिन, सिलाई मशीन तथा उनके पुर्जे, दूध की बोतलें, मैडीकल आक्सीजन किट, थर्मामीटर, ग्लूकोमीटर, ट्रैक्टर और उसके टायर तथा पुर्जे, बायो-कीटनाशक, ऐनकें, कृषि मशीनें आदि शामिल हैं। 18 प्रतिशत तक टैक्स स्लैब में पैट्रोल-डीजल, हाईब्रिड छोटी कारें, तीन पहिया वाहन, 350 सीसी तक के मोटरसाइकिल, मालवाहक वाहन, एयर कंडीशनर, 32 इंच से बड़े एलइडी, एलसीडी टीवी मॉनिटर, प्रोजैक्टर, डिशवाशर आदि शामिल हैं। कुल मिला कर यह देर से लिया गया सही फैसला है। अमेरिकी टैरिफ का मुकाबला करने के लिए सरकार ने घरेलू मांग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भी जीएसटी. दरों में यह कटौती की है, लेकिन और कटौतियों की अभी भी गुंजाइश बाकी है।

**जीएसटी काउंसिल के अनुसार इससे जहां छोटे व्यापारियों को व्यापार करने में आसानी होगी, वहीं आम लोगों की जरूरत के सामान सस्ते होंगे तथा टैक्स वसूली की प्रक्रिया में पारदर्शिता आने से व्यापारी मनमाना रेट भी नहीं ले पायेंगे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**महाराष्ट्र कांग्रेस ने गुरुवार को मांग की कि राज्य कांग्रेस के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार की तर्ज पर ओबीसी आरक्षण कोटा 27 प्रतिशत से बढ़ा कर 42 प्रतिशत करें। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर चल रहे विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का यही एकमात्र तरीका है। हालांकि, कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने मुंबई में 5 दिनों तक भूख हड़ताल की, जिसे राज्य सरकार द्वारा उनकी 8 में से 6 मांगें मान लेने के बाद समाप्त किया गया।**

# महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण विवाद और बढ़ गया

राहिल नोरा चोपड़ा

मराठा आरक्षण विवाद ओबीसी नेताओं द्वारा राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन की धमकी के साथ और बढ़ गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता और मंत्री छगन भुजबल राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल नहीं हुए और घोषणा की कि वह पात्र मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले के खिलाफ अदालत का रुख करेंगे।

वहीं, महाराष्ट्र कांग्रेस ने गुरुवार को मांग की कि राज्य कांग्रेस के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार की तर्ज पर ओबीसी आरक्षण कोटा 27 प्रतिशत से बढ़ा कर 42 प्रतिशत करें। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर चल रहे विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का यही एकमात्र तरीका है।

हालांकि, कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने मुंबई में 5 दिनों तक भूख हड़ताल की, जिसे राज्य सरकार द्वारा उनकी 8 में से 6 मांगें मान लेने के बाद समाप्त किया गया। सरकार ने पात्र मराठों को कुनबी (ओबीसी) जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में एक सरकारी आदेश भी जारी किया।

**सरकार ने पात्र मराठों को कुनबी (ओबीसी) जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में एक सरकारी आदेश भी जारी किया।**

**टीटीवी दिनाकरन पन्नीरसेल्वम के नक्शेकदम पर :** एडप्पादी पलानीस्वामी (इपीएस) के नेतृत्व वाली अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कडगम (एआइएडीएमके) की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में वापसी और राज्य भाजपा में नेतृत्व परिवर्तन के साथ, अम्मा मक्कल मुनेत्र कडगम (एएमएमके) के नेता टीटीवी दिनाकरन बुधवार को ओ. पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) के नक्शेकदम पर चलते हुए, तमिलनाडु में एनडीए गठबंधन से बाहर चले गये। उनके बाहर निकलने से सवाल उठे हैं कि क्या पलानीस्वामी चुनावों में डीएमके से लड़ने को लेकर गंभीर थे या केवल एआइएडीएमके में अपना वर्चस्व सुनिश्चित करने में रुचि रखते थे। यह एक खुला रहस्य है कि पलानीस्वामी ओपीएस और टीटीवी के एनडीए का हिस्सा होने का विरोध कर रहे हैं, खास कर ऐसे समय में जब एआएडीएमके के एकीकरण की आवाजें तेज हो रही हैं। उन्होंने कहा, जैसा कि मैंने कहा कि विजयकांत ने 2006 में प्रभाव डाला था, 2026 में भी ऐसा प्रभाव पड़ने की संभावना है। जब विजयकांत राजनीति में आये तो सभी पार्टियां प्रभावित हुईं और आगे भी ऐसा ही प्रभाव पड़ेगा।



**कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा को जल्द ही एक बड़े वोट चोरी के खुलासे की धमकी दी। महागठबंधन के नेता खुली एसयूवी में यात्रा कर रहे थे और लोग सड़कों पर खड़े होकर झंडे लहरा रहे थे और उनका उत्साहवर्धन कर रहे थे। सैंकड़ों युवा सैल्फी लेते देखे गए। पार्टी कार्यकर्ताओं ने वोट चोर-गद्दी छोड़ो के नारे लगाये।**

**बिहार में जदयू 50-50 के फार्मूले पर जोर दे रही :** बिहार में जैसे-जैसे उच्च दांव वाली लड़ाई करीब आ रही है, केंद्रीय गृह मंत्री और पार्टी के प्रमुख चुनावी रणनीतिकार अमित शाह रणनीति बनाने के लिए पार्टी की राज्य इकाई के साथ बैठक कर रहे हैं। शाह ने कोर कमेटी के नेताओं के साथ बैठक की, जिसमें उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और विनोद तावड़े शामिल थे। टिकट बंटवारे पर चर्चा तो हुई लेकिन कुछ भी अंतिम रूप नहीं दिया जा सका क्योंकि कुछ सीटों का बंटवारा एनडीए के सहयोगियों के बीच हो सकता है।

दूसरी ओर हम (सैक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने सार्वजनिक रूप से कम से कम 20 सीटों पर दावा पेश किया और एनडीए नेताओं को उनकी पार्टी के प्रति सहानुभूति दिखाने की आवश्यकता पर बल दिया। हम को मुख्य रूप से मध्य बिहार के जिलों में मुसहर जाति के दलितों से ताकत मिलती है। चिराग पासवान की पार्टी ने लोकसभा चुनावों में सभी 5 सीटें जीत कर 100 प्रतिशत स्ट्राइक रेट हासिल किया था, लेकिन अब उसने लगभग 30 से 35 सीटों की मांग की है। लोजपा (आरवी) मुख्य रूप से दलितों के बीच पासवानों की पार्टी के रूप में जानी जाती है। इस बीच, बिहार में भाजपा द्वारा बड़ी हिस्सेदारी हासिल करने की कोशिश उसके इस आकलन पर आधारित है कि मुस्लिम, अति पिछड़े और महादलितों के बीच जदयू का वोट बैंक उसकी संगठनात्मक ताकत के साथ-साथ कम होता जा रहा है। एनडीए सूत्रों के अनुसार, जदयू 50-50 के फॉर्मूले पर जोर दे रही है।

**तेजस्वी ने भी दांव खेला :** इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों से पहले बिहार में राजनीतिक हलचल बढ़ रही है। राजनीतिक दल कल्याणकारी वादों के साथ महिला मतदाताओं तक सक्रिय रूप से पहुंच रहे हैं। नीतीश कुमार सरकार की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना, योग्य महिलाओं को आय सृजन में सहायता के लिए 10,000 रुपए प्रदान करती है साथ ही राज्य सरकार की नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षित सीटों की घोषणा भी की गयी है। सरकार ने महिलाओं के लिए पेंशन योजना भी शुरू की है।

वहीं मुख्य विपक्षी दल राजद ने भी दांव खेला है। विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक देने वाली माई-बहन योजना, विधवा माताओं और बहनों की पेंशन बढ़ा कर 1,500 रुपये करने, हर रसोई में 500 रुपये में सबसिडी वाले गैस सिलेंडर, 200 यूनिट मुफ्त बिजली और बेटियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले आवासीय कोचिंग संस्थान, विश्व स्तरीय खेल प्रशिक्षण और नौकरी के अवसर, मुफ्त परीक्षा फार्म और यात्रा सुविधाओं सहित कई योजनाओं का वादा किया।

**राहुल गांधी ने कहा-वोट चोरी केवल सत्ता हथियाने का एक साधन :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा को जल्द ही एक बड़े वोट चोरी के खुलासे की धमकी दी। महागठबंधन के नेता खुली एसयूवी में यात्रा कर रहे थे और लोग सड़कों पर खड़े होकर झंडे लहरा रहे थे और उनका उत्साहवर्धन कर रहे थे। सैंकड़ों युवा सैल्फी लेते देखे गए। पार्टी कार्यकर्ताओं ने वोट चोर-गद्दी छोड़ो के नारे लगाये। राहुल गांधी ने सत्तारूढ़ पार्टी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और नागरिकों के अधिकारों पर अंकुश लगाने का आरोप लगाया। वोट चोरी को न केवल सत्ता हथियाने का एक साधन बताया बल्कि लोकतंत्र की चोरी भी बताया।

## कोल्हान की खबरें

### जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय में सम्मान समारोह



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय में अचिकित्सा सहायक विनोद कुमार के सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ मृत्युंजय धाउड़िआ तथा विशिष्ट अतिथि मनोचिकित्सक डॉ. दीपक कुमार गिरि उपस्थित रहे ।समारोह का संचालन संघ के महामंत्री रविंद्रनाथ ठाकुर ने की। इस अवसर पर डॉ राजीव लोचन महतो ने विनोद कुमार के समयपालन और कार्यनिष्ठा की सराहना की। डॉ दीपक कुमार गिरि ने कहा उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाती थी, वे ईमानदारी से निभाते थे। प्रधान लिपिक हृषिकेश गिरि ने उनके बहारागोड़ा कार्यकाल को याद किया। डॉ मृत्युंजय धाउड़िआ ने कहा कुष्ठ उन्मूलन के क्षेत्र में विनोद कुमार का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।मौके पर जिला फिलेरिया इकाई, जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय, सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल के पदाधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में तुषार कांति बनर्जी, दीपक कुमार गुप्ता, मौसूमी चटर्जी, संगीता चाकी, सुमित्रा महतो, नितीश कुमार, ब्रह्मराज यादव, डॉ. स्मिता हेमब्रम सहित अन्य कर्मियों का योगदान रहा।

### गुवा गोलीकांड के शहीदों को झामुमो नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**खरसावां (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलन के इतिहास के काले अध्याय गुवा गोलीकांड की बरसी पर सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी और खरसावां विधायक दशरथ गगराई ने शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कुणाल षाडंगी ने कहा 8 सितंबर 1980 को गुवा में हुई गोलीबारी में कई निर्दोष लोग शहीद हुए थे। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया, बल्कि उन्होंने झारखंड आंदोलन को और गति दी तथा राज्य निर्माण की नींव रखी। श्री षाडंगी ने कहा गुवा गोलीकांड झारखंड की अस्मिता और अधिकार की लड़ाई का प्रतीक है। पूर्व विधायक ने आगे कहा शहीदों के बलिदान ने हमें संघर्ष की शक्ति दी और अब हमारा कर्तव्य है उनके सपनों का झारखंड बनाएं, एक ऐसा राज्य जहाँ न्याय, समानता और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें। उन्होंने कहा शहीदों का बलिदान झारखंड की आत्मा में बसा है और आने वाली पीढ़ियां उन्हें प्रेरणा स्रोत के रूप में याद करेंगी ।मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों को नमन किया और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

### साझा नागरिक मंच ने एसआइआर-वोट चोरी को लेकर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** साझा नागरिक मंच की ओर से सोमवार की शाम साकची गोलचक्कर पर वोट चोरी और एसआईआर के विरोध में नुक्कड़ सभा सह प्रदर्शन का आयोजन किया गया। सभा में वक्ताओं ने कहा चुनाव आयोग ने बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के नाम पर लगभग 65 लाख लोगों का नाम मतदाता सूची से हटा दिया है। यह कदम गरीबों और मेहनतकश तबकों को वोटाधिकार से वंचित करने की साजिश है ।सभा को संबोधित करते हुए रामकविन्द्र सिंह, सियाशरण शर्मा, रईस अफरीदी, मंथन, सुजय राय, अरविंद रविकर, सुखचंद्र झा और अभिषेक कुमार ने कहा भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर संविधान एवं लोकतंत्र पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने मांग की एसआईआर पर तत्काल रोक लगे तथा चुनाव आयोग का गठन सत्ता पक्ष से मुक्त होकर लोकसभा अध्यक्ष, विपक्ष के नेता और उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की संयुक्त समिति से किया जाए। इस अवसर पर कवि अशोक शुभदर्शी, शैलेन्द्र कुमार अस्थाना, ज्योत्स्ना अस्थाना, काशीनाथ प्रजापति और उदय हयात ने जनतांत्रिक एवं प्रगतिशील कविताएं प्रस्तुत कीं। काशीनाथ प्रजापति ने गीत भी सुनाया। मौके पर देवाशीष, शशांक शेखर, जगनारायण जगत, मनतोष चक्रवर्ती, उजागिर यादव, गौतम बोस, श्यामली राय, शीतल पांडेय, विकास कुमार, अंकुर शाश्वत, मुरारी प्रसाद, सपन दास राय, रामबचन, हेमंत द्विवेदी, मिथुन दास, देवेन्द्र सिंह, प्रफुल्ल साहु, ममता द्विवेदी, पूनम शर्मा, मनीष सिंह, चरणजीत सिंह, आशीष घोष सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### वैन सहित खदान में डूबा युवक, मौत

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र स्थित चिलगु गांव में एक दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गयी। सोमवार को घटना के बाद मृतक की पहचान गांव के ही आकलू गोराई के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार आकलू गोराई 407 वैन पर चढ़कर उसे चालू करने का प्रयास कर रहा था। वाहन पहले से गियर में होने के कारण अनियंत्रित होकर सीधे एक पुराने पत्थर खदान में जा गिरा। खदान में 20 से 25 फीट तक पानी भरा हुआ था। जिसमें वैन समेत चालक गहरे पानी में डूब गया ।स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से शव को बाहर निकाला गया। हालांकि वाहन अभी भी खदान में डूबा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। अनुमान लगाया जारहा है हादसा लापरवाही के कारण घटी है।

### जनसमस्याओं को लेकर भाजपा का टाटानगर रेलवे स्टेशन चौक पर धरना



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सुंदरनगर, घाघीडीह, बागबेड़ा, जुगसलाई और परसुडीह क्षेत्र की जर्जर सड़कें, अधूरी जलापूर्ति योजना, बिजली, सफाई व ट्रैफिक अव्यवस्था जैसी समस्याओं को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर ने टाटानगर रेलवे स्टेशन चौक पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। सोमवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में आयोजित धरने के बाद भाजपा ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा बुनियादी सुविधाओं के अभाव और प्रशासनिक लापरवाही से जनता परेशान है। श्री ओझा ने चेतावनी दी 15 दिनों में कार्रवाई नहीं होने पर भाजपा जिला मुख्यालय का घेराव करेगी। वहीं डॉ मीरा मुंडा ने प्रशासन को विफल बताते हुए कहा जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। भाजपा जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी।

### आंदोलनकारियों को सही मायनों में सम्मान मिलना चाहिए : अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुवा।** पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा,पूर्व सांसद गीता कोड़ा, पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई,भाजपा जिला अध्यक्ष संजू पांडेय एवं वरीय भाजपा नेता जेबी टुबिड ने गुवा शहीद स्थल में श्रद्धांजलि अर्पित की ।इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने गुवा मुख्य बाजार का दौरा कर जनसमस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान साई इंटरप्राइजेज अध्यक्ष शत्रुघ्न मिश्रा ने अंगवस्त्र देकर अतिथियों का स्वागत किया ।पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने कहा झारखंड आंदोलन के दौरान गुवा गोलीकांड जैसे कई आंदोलनों में निरीह आदिवासियों की शहादत हुई। जिन्हें उचित सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने झामुमो सरकार पर हमला



बोलते हुए कहा राज्य में शासन के नाम पर दोहन और रंगदारी का काम हो रहा है। आंदोलनकारियों को सिर्फ औपचारिक चमक-दमक से नहीं, बल्कि सही मायनों में सम्मान मिलना चाहिए। श्री मुंडा ने कहा जल, जंगल और जमीन आदिवासियों की पहचान है। श्री मुंडा ने आरोप लगाया मौजूदा सरकार भ्रष्टाचार की अनदेखी कर रही है। संवैधानिक व्यवस्था ध्वस्त है और जनता को सतर्क रहकर सरकार की गतिविधियों पर निगरानी रखनी चाहिए।

### अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जागरूकता रथ रवाना



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर उप विकास आयुक्त नागेंद्र पासवान, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार और जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से समाहरणालय से साक्षरता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।सोमवार से साक्षरता रथ जिले के सभी प्रखंडों का भ्रमण कर लोगों को वयस्क शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करेगी। मौके पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर का भी विमोचन किया गया ।जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया उल्लास कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से अधिक आयु के अशिक्षित व्यक्तियों को साक्षर बनाने का अभियान चल रहा है। इसी क्रम में जिले में साक्षरता रथ की शुरूआत की गयी। उन्होंने कहा इस वर्ष 21 सितम्बर को लगभग 25 हजार अशिक्षित व्यक्तियों की कलम परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें वे अपनी साक्षरता का प्रदर्शन करेंगे।

### टीएसडीपीएल यूनियन चुनाव जीतने के बाद दिनेश कुमार का अभिनंदन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील डाउन स्ट्रीम प्रोडक्ट लिमिटेड एम्पलाइज यूनियन चुनाव में जीत के बाद भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सह यूनियन कमिटी मेंबर दिनेश कुमार का कर्मचारियों ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा यह जीत कर्मचारियों की जीत है। उनके हितों की रक्षा करना उनका कर्तव्य है। स्वागत करने वालों में अवध राम, राजेश कुमार सिंह, मनोज कुमार साहू, हेमंत कुमार, जीके श्रीनिवास, रूपेश कुमार, अब्दुल कादिर, रंजीत कुमार दास सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दामूडीह में फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पोटका प्रखंड के शांकरदा पंचायत अंतर्गत ग्राम दामूडीह बूढ़ान मैदान में पोरायनी फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। सोमवार को फाइनल मैच में पोटका विधायक संजीव सरदार की अनुपस्थिति में उनके अनुज भरत सरदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान किए। भरत सरदार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा हार-जीत खेल का हिस्सा है,लेकिन सच्ची जीत खेल भावना और अनुशासन में है। उन्होंने युवाओं से टीम भावना और खेल के प्रति समर्पण बनाए रखने की अपील की। मौके पर झामुमो पोटका प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, विद्याधर दास, लाथ्रो टुडू, दुखु मांडी, पंचायत प्रतिनिधि, माझी बाबा, नायके बाबा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न, दुर्घटनाओं की रोकथाम और जागरूकता पर जोर

# हेलमेट के बिना नहीं मिलेगा पेट्रोल : उपायुक्त



**बिना हेलमेट व नशे में वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई होगी : पुलिस अधीक्षक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक उपयुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें पुलिस अधीक्षक अमन कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त श्री यादव ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अब बिना हेलमेट किसी भी वाहन चालक को पेट्रोल नहीं दिया जायेगा। यह नियम न केवल यातायात सुरक्षा को मजबूती देगा, बल्कि नागरिकों को हेलमेट पहनने की आदत भी विकसित करेगा। उन्होंने सभी पेट्रोल पंप मालिकों को निर्देश दिया कि अपने पंप पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगायें और बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल न दें। साथ ही, ऐसे मामलों की फोटो खींचकर जिला परिवहन कार्यालय को भेजें ताकि चालान की कार्रवाई की जा सके।

उपायुक्त ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि स्कूल-कॉलेज स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायें, ताकि बच्चों और युवाओं में सुरक्षित यातायात की आदत प्रारंभ से ही विकसित हो। साथ ही, सड़क किनारे संकेतक लगाने, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग और जागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता से लागू करने का निर्देश दिया गया।

जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

## जिला सुरक्षा समिति की बैठक में चार ब्लैक स्पॉट सुधारने की मांग



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला सुरक्षा समिति की बैठक में सोमवार को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चार प्रमुख ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर तत्काल सुधार की मांग की गयी। बैठक में रिंकू तिवारी ने कहा कि जिले में कई स्थानों पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिन्हें रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाना आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से चार स्थलों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित किया, जिनमें बाईपास सड़क पर डुमरो मोड़, बाईपास सड़क पर टोल गेट से एक किलोमीटर आगे बेलचंपा, बाईपास सड़क के मेराल नेनुआ मोड़ के पास, गढ़वा-रंका रोड स्थित अनराज घाटी, जो हाल ही में नवनिर्मित हुआ है। उन्होंने कहा कि इन चारों स्थलों पर अब तक सुधारात्मक कदम नहीं उठाये गये हैं, जिसके चलते लगातार दुर्घटनाएं होती रही हैं। विधायक प्रतिनिधि रिंकू तिवारी ने उपायुक्त गढ़वा का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उपायुक्त ने चारों ब्लैक स्पॉट पर तुरंत सुधार कार्य शुरू करने के लिए एनएच के पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं। साथ ही, जिला परिवहन पदाधिकारी को भी व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण कर इन स्थलों पर अंडरपास अथवा अन्य बेहतर विकल्प सुझाने और सरकार को रिपोर्ट भेजने का आदेश दिया गया है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस कार्रवाई से भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी और आमजन सुरक्षित रूप से आवागमन कर सकेंगे।

# डीसी के निर्देश पर सीओ ने शहरी क्षेत्र में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**शहर के सरस्वती नदी के किनारे गढ़देवी मंदिर के समीप वाले पुल से नगवां पुल तक हटाये गये अतिक्रमण**

**आमजनों से सार्वजनिक स्थलों और नदी नालों का अतिक्रमण न करने की अपील**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहरी प्रबंधन एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सोमवार को उपायुक्त दिनेश यादव के निर्देश के आलोक में अंचल अधिकारी गढ़वा सफी आलम द्वारा अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाया गया। इसके तहत गढ़वा शहर स्थित सरस्वतीया नदी के किनारे सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु गढ़देवी मंदिर के निकट स्थित पुल से नगवां मोहल्ले में स्थित पुल तक अवैध रूप से कब्जे वाली भूमि को मुक्त कराया गया। इस दौरान अतिक्रमित भूमि पर निर्मित विभिन्न संरचनाओं को जिला प्रशासन द्वारा तोड़कर अतिक्रमण नहीं करने का संदेश दिया गया।

अंचल अधिकारी श्री आलम ने कहा कि सरकारी भूमि लोगों की सुविधा के लिए सार्वजनिक उपयोग हेतु होते हैं। उन्होंने आमजनों से ऐसे स्थलों पर अतिक्रमण नहीं करने तथा अतिक्रमण जैसे मुद्दे आने पर प्रशासन को सूचित करने की अपील की है।

उक्त मौके पर अंचल अधिकारी समेत अंचल कार्यालय गढ़वा व नगर परिषद, गढ़वा के विभिन्न पदाधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने सम्मान समारोह का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला कमेटी, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के तत्वावधान में बंधन मैरिज हॉल, गढ़वा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय संगठन सचिव एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी (पांकी विधानसभा क्षेत्र) ओंकारनाथ जायसवाल तथा केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी (डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र) अनिकेत मेहता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमंडलीय उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, प्रमंडलीय सचिव सोनू पटेल, पलामू जिला सदस्य प्रभात सिन्हा, आदित्य गुप्ता (पूर्व विधायक प्रत्याशी भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र), एवं संगठन के युवा नेता शिवपारस बियार ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गढ़वा जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष विकास कुमार ने की। इस सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य रहा कि पलामू प्रमंडल से ओंकारनाथ जायसवाल एवं अनिकेत मेहता को पार्टी की केंद्रीय कोर कमेटी में शामिल किये जाने पर उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही संगठन को सशक्त बनाने और जिले एवं प्रखंड स्तर पर कार्य कर रहे तमाम पदाधिकारियों को भी उनके संघर्ष एवं समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। साथ ही भ्रष्टाचार, अन्याय और शोषण के खिलाफ गरीबों व वंचितों के हक-अधिकार की लड़ाई लड़ रहे पदाधिकारियों की कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया और आगे भी संघर्ष तेज करने के लिए प्रेरित किया गया।

## आवास समन्वयक ने एक सप्ताह के अंदर राशि भुगतान करने का दिया आश्वासन



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत तमगेकला पंचायत के ग्राम - जोलंगा निवासी सत्यनारायण सिंह के अबुआ आवास में रंका आवास प्रखंड समन्वयक मुकेश कुमार ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद एक सप्ताह के अंदर तीसरा किश्त राशि का भुगतान करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर लाभूक से आवास को रूफ लेवल तक निर्माण करने का निर्देश दिया था जिसमें लाभूक द्वारा आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए तीसरी किस्त राशि भुगतान करने का आग्रह किया गया था।जिसको लेकर एक सप्ताह के अंदर तीसरा किश्त राशि उपलब्ध कराने की बात कही गयी है।

## रंका के बरदरी गांव में हाथियों ने किसानों का फसल किया बर्बाद, मुआवजा की मांग

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना वन क्षेत्र अंतर्गत चुतरू पंचायत के बरदरी गांव में रविवार के रात्रि में दस- बारह की संख्या में आए हाथियों की झूंड ने तीन किसानों के खेत में लगे धान, मक्का, बादाम आदि फसलों को खाए और कुछ तहस नहस कर बर्बाद कर दिया। इनमें हजरत अंसारी,शेर अली एवं मनोज कुमार किसान का नाम शामिल है। उक्त किसानों ने बताया कि हाथी द्वारा पूर्व में भी फसलों को बर्बाद किया गया था जिसका मुआवजा वन विभाग द्वारा आज तक नहीं मिला है और हर वर्ष हाथियों के द्वारा फसलों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है तथा हाथी भगाने के लिए वन विभाग से पटाखा, टार्च आदि की व्यवस्था भी मुहैया नहीं कराया जा रहा है। उक्त किसानों ने वन विभाग से अविलंब फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा देने की मांग की है।

## रंका के तमगेकला में पिता को पुत्र ने धारदार हथियार से मार कर की हत्या

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत तमगेकला पंचायत निवासी सीता राम भुईयां को उसके मझिला पुत्र रामप्रताप कुमार ने दिनांक - 07/09/2025 के रात्रि में धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी। हत्या की खबर सुनकर रंका थाना पुलिस सब-इंस्पेक्टर राजेश वर्मा मृतक के घर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेज दिया है। मृतक 7 सितंबर को टिमनबाजार में फुटबॉल खेल देखने आया था जब घर लौटा तो किसी बात को लेकर पिता और पुत्र के बीच तू-तू-मैं-मैं होने लगा इसी बीच बात इतनी बढ़ गयी कि पुत्र प्रताप कुमार ने घर में रखे धारदार हथियार से कई बार वार कर दिया जिससे पिता की मौत हो गयी। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# व्यवसायी के घर पर गोली चलाने वाले गिरोह का एक अपराधी धराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर थाना अंतर्गत नामधारी कॉलेज के पास पीयूष गुप्ता के घर में रवि तिवारी नामक अपराधी के द्वारा गत दिनों अंधाधुंध फायरिंग किया गया था। उक्त घटना के त्वरित कार्रवाई करते हुए रवि तिवारी एवं उसके गैंग में शामिल अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया।

उक्त छापामारी टीम के द्वारा तकनीकी सहयोग पाते हुए अपराधी रवि तिवारी एवं इसके गैंग में शामिल लोगों के विभिन्न ठिकानों पर छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में घटना में संलिप्त, प्रयुक्त एक देशी कट्टा को बरामद किया गया। उल्लेखित घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है। इस सम्बंध में गढ़वा थाना कांड संख्या-405/25 के तहत मामला दर्ज की गयी है।

## विश्व साक्षरता दिवस पर मेराल में बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

मेराल (आजाद सिपाही)। विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय पुरबारा टोला सहित अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों से बच्चों को स्कूल से जोड़ने की अपील की गयी। इस दौरान बच्चे हाथों में तारों की तख्ती तथा बैनर लिए साक्षरता नारे लगाते हुए गली मुहल्लों का भ्रमण किया। इस दौरान चौक चौराहों पर स्कूल के शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए जागरूक किया गया।

प्रधानाध्यापक ने कहा कि शिक्षा जहां होती है वहां विकास, सुख, समृद्धि और उन्नति होती है। शिक्षा आपके अधिकारों से अवगत कराती है, आपको आपका शोषण होने से बचाती है, शिक्षा पल-पल आपका साथ निभाती है।

## रारो पंचायत के पारदोहर और तुमिया टोला में बिजली आपूर्ति बहाल, ग्रामीणों में खुशी

**आजाद सिपाही अखबार में छपी खबर का असर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** डंडई प्रखंड के रारो पंचायत के पारदोहर और तुमिया टोला में बीते 15 दिनों से अंधेरे में जी रहे ग्रामीणों को आखिरकार बड़ी राहत मिली है। यहां लगा 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड होकर जल गया था, जिससे करीब 100 घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गयी थी। उमस भरी गर्मी, मच्छरों का प्रकोप और रात का अंधेरा ग्रामीणों के लिए नारकीय पीड़ा बन गया था। ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को हिंदी दैनिक 'आजाद सिपाही' ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। अखबार ने न सिर्फ बिजली गुल होने की स्थिति उजागर की, बल्कि उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए 25 केवीए की जगह 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाने की ग्रामीणों की मांग को भी प्रमुखता से सामने रखा।

खबर प्रकाशित होते ही बिजली विभाग हरकत में आया। विभागीय कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 25 केवीए की जगह 63 केवीए का नया और शक्तिशाली ट्रांसफॉर्मर लगा दिया। इसके साथ ही दोनों टोला में बिजली आपूर्ति बहाल हो गयी। बिजली आने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और 'आजाद सिपाही' का तहे दिल से आभार जताया। उन्होंने कहा कि अखबार ने उनकी आवाज को प्रशासन तक पहुंचाया, जिससे उनकी समस्या का समाधान हो सका।

## कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन को लेकर बैठक



भंडरिया (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन 2025 तहत केंद्रीय अध्यक्ष के आदेश पर अभियान के तहत सोमवार को स्थानीय वन विभाग विश्रामागार परिसर में जिला अध्यक्ष चयन को लेकर बडगड भंडरिया प्रखंड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की रायशुमारी हेतु एक अहम बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रुप महाराष्ट्र सरकार की पूर्व मंत्री यशोमती ठाकुर उपस्थित थी। पूर्व मंत्री यशोमती ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के निर्देश पर प्रखंड स्तर से संगठन को धार देने का काम चल रहा है। सक्रिय और जमीनी स्तर के ही कार्यकर्ताओं को ही जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जायेगी। ताकि कांग्रेस गांव-गांव तक मजबूत पकड़ बना सके। बैठक में पुर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, छोटन टोप्पो निर्मला ठाकुर, इबरार अंसारी, सत्येंद्र गोस्वामी, राजू घाशी, रामजीत सिंह, फिदा हुसैन,अजाद अंसारी, मुमताज खान, वाजुदीन अंसारी, सुमित मिंज सहित काफी संख्या में कांग्रेस के महिला पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बड़गड़ प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित लिपिक अमित तिवारी को उपायुक्त ने निलंबित किया

**सोशल मीडिया अकाउंट पर राजनीतिक कटाक्ष सहित पोस्ट किये गये समाचार पत्र के कतरन को शेयर करने का आरोप**

**स्पष्टीकरण का नहीं दिया था संतोषजनक जवाब**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** प्रखंड कार्यालय, बड़गड़ में पदस्थापित उच्चवर्गीय लिपिक अमित तिवारी को अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। अमित तिवारी पर आरोप है कि उनके द्वारा सोशल मीडिया अकाउंट पर अन्य व्यक्तियों द्वारा राजनीतिक कटाक्ष सहित पोस्ट किये गये समाचार पत्र के कतरन को शेयर किया गया था, जिसमें सरकार की आलोचना प्रदर्शित हो रही थी। इस मामले को लेकर उपायुक्त, गढ़वा के द्वारा स्पस्टीकरण की मांग की गयी थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी, बड़गड़ के माध्यम से श्री तिवारी द्वारा स्पस्टीकरण का जवाब दिया गया जो असंतोषजनक पाये जाने पर निलंबन संबंधी कार्रवाई की गयी। निलंबन अवधि में श्री तिवारी का मुख्यालय प्रखंड कार्यालय, धुरकी निर्धारित किया गया है। उन्हें जीविकोपार्जन हेतु नियमावली के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। साथ ही, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बड़गड़ को विभागीय स्तर पर आरोप पत्र का गठन कर एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से सेल का आवासीय परिसर पिछले 48 घंटे से अंधेरे में डूबा

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। टाउनशिप स्थित सेल के आवासीय परिसर में ट्रांसफार्मर की खराबी के कारण पिछले 48 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप पड़ी है। बिजली बाधित रहने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दिन में पानी की किल्लत और रात में उमस भरी गर्मी ने लोगों की नींद हराम कर दी है। सेल प्रबंधन ने पूर्व में ही टाउनशिप वासियों को हीटर और भारी इलेक्ट्रिक उपकरणों का उपयोग न करने की सख्त हिदायत दी थी। प्रबंधन का कहना है कि इलेक्ट्रिक मेंटेनेंस विभाग के पास पर्याप्त संसाधन नहीं बचे हैं, जिसके कारण किसी भी बड़ी खराबी को तुरंत सुधारना मुश्किल है। यही वजह है कि अभी यह कहना संभव नहीं है कि बिजली आपूर्ति कब तक बहाल होगी। एटक यूनियन नेता गणेश सिंह ने कहा कि अगर समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

## कर्मियों के लिए बने आवास में गृह प्रवेश किया

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। स्वास्थ्य विभाग की ओर कर्मियों के लिए बने आवास में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार कर्मियों की उपस्थिति में विभाग द्वारा बनाये गये आवास में गृह प्रवेश के लिए विद्वान पंडित बीरेंद्र मिश्रा के मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजापाठ के पश्चात नारियल फोड़कर नये आवास में शुभ गृह प्रवेश किये। मौके पर प्रभारी ने कहा कि डॉक्टर और कर्मियों के सरकारी आवास नहीं रहने के कारण कार्य करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, अब विभाग द्वारा आवास निर्माण करा दिए जाने से अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने में सहूलियत आयेगी। मौके पर प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, आयुष डॉक्टर अभिनीत विश्वास, सीएचओ इंद्रकिशोर विश्वकर्मा, डाटा प्रबंधक अनूप कुमार, एमपीडब्लू गुप्तेश्वर प्रसाद, उपेंद्र साह, सुनील पटेल, जितेंद्र पाठक, ब्रजेश, चंद्रशेखर आदि कर्मी उपस्थित थे।

## कांडी में खरीफ फसलों पर कार्यशाला आयोजित

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग द्वारा खरीफ फसलों से संबंधित एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ राकेश सहाय ने की। इस अवसर पर बीडीओ सहाय ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा तथा डिजिटल कृषि सर्वे से जुड़ी जानकारी दी। वहीं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ओम प्रकाश ने मृदा प्रशिक्षण, जैविक खाद, श्रीविधि से फसल की बुआई और कुसुम योजना के बारे में विस्तार से बताया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी ने भी किसानों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यशाला में जिला परिषद प्रतिनिधि सुजीत कुमार, मुखिया प्रतिनिधि लल्लू यादव, किसान मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान सहित बड़ी संख्या में किसान मित्र व खेतिहर किसान उपस्थित थे।

# खुशी का स्त्रोत है ज्ञान और ज्ञान का स्त्रोत है शिक्षक: चिंसु सिंह



**ऑक्सफोर्ड स्कूल में सीबीएसई प्रशिक्षण सत्र का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में एकदिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में सीबीएसई द्वारा अनुमोदित रिसोर्स पर्सन चिंसु सिंह के द्वारा विद्यालय के शिक्षको को प्रशिक्षण दिया गया। इस सत्र की शुरूआत श्रीमति सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन, तथा सरस्वती पूजन से किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गान एवं नृत्य का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य विषय मूलभूत मूल्य एवं नैतिकता था। प्रशिक्षण सत्र के दौरान श्रीमति सिंह ने विस्तारपूर्वक यह बताया कि शिक्षक मानसिक, भावनात्मक एवं शारीरिक जैसे मूलभूत मूल्यों से परिपूर्ण होते है। उन्होंने शिक्षकों को प्रसन्नचित्त, एवं तनावमुक्त रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होने शिक्षकों को तनाव प्रबंधन की विशेष तकनीक, सचेतन शिक्षण दृष्टिकोण, प्रभावी कक्षा संचार जैसे मूलभूत व्यवहारिकता की जानकारियां दी। उन्होंने बताय कि शिक्षकों में साकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का होना अनिवार्य है।

इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधन, समीति सदस्य आकाश कुमार, धीरज राज एवं प्रधानाचार्य बाला भास्कर चंदरुडू भी उपस्थित थे। यह विद्यालय समय-समय पर शिक्षकों के लिए इस प्रकार का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि छात्रों को सुलभ एवं सर्वश्रेष्ठ वातावरण उपलब्ध हो सके।

## वर्तमान समय में डिजिटल कार्य में दक्ष होना ही वास्तविक साक्षरता है : एमपी केशरी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जीएन कान्वेंट स्कूल में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद एमपी केशरी उपप्राचार्य वसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं विद्या की देवी माता सरस्वती जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस प्रत्येक वर्ष 8 सितंबर को संपूर्ण विश्व में मनाया जाता है। पहली बार अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस सन 1967 में मनाया गया था। साक्षरता का तात्पर्य है पढ़ना, लिखना और समझना। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों, समुदाय और समाज में साक्षरता के महत्व को बढ़ाना है। जब देश के सभी नागरिक साक्षर होंगे तभी देश का और समाज का विकास संभव है। व्यक्ति का विकास भी उसके साक्षर होने पर ही है। जिन देशों में डिजिटल साक्षरता कम है वह देश अभी भी पीछे है। देश की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए हर एक व्यक्ति को शिक्षित एवं साक्षर होना अनिवार्य है और वो भी डिजिटल, क्योंकि वर्तमान समय कंप्यूटर युग है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चयनित छात्र- छात्राओं को निदेशक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया।

## खूंटी के अजित नाग का अंडर 18 भारतीय रग्बी टीम में चयन, चीन में दिखायेंगे दम

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** होहोठ (चीन) में 13 एवं 14 सितंबर को आयोजित होनेवाली एशिया रग्बी अमीरात अंडर 18 चैम्पियनशिप के लिए खूंटी के अजित नाग का चयन भारतीय टीम में किया गया है। अजित नाग का चयन अंडर 18 नेशनल चैंपियनशिप 2025 के दौरान राष्ट्रीय शिविर के लिए किया गया था। गत सात अगस्त से कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय शिविर में उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा अंतिम 12 में अपना स्थान सुनिश्चित करने में सफल रहे। अजित नाग तीसरी बार भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे पूर्व उन्होंने 2024 मे मलेशिया में अंडर 18 तथा 2025 में राजगीर, बिहार में आयोजित अंडर 20 एशिया रग्बी चैम्पियनशिप में भारतीय टीम का हिस्सा थे।

अजित नाग ने पिछले माह राजगीर में अंडर 20 एशिया चैम्पियनशिप में भी शानदार प्रदर्शन किया था। रग्बी खेल में खूंटी जिला के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर झारखंड और खूंटी जिले का नाम रौशन किया है। विगत चार वर्षों के अंतराल में खूंटी से तीन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डेविड मुंडा, अजित नाग तथा अभिषेक टूटी देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। अजित की सफलता पर झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु कुमार जालान, वरीय उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, सुरेश कुमार, महासचिव हेजाज असदक, कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, सयुंक्त सचिव शशि पांडेय, शादाब खान, सचिन कुमार एवं अश्विनी मिश्रा सहित कई अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## पानी पीने गये छात्र की कुआं में डूबने से मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू थाना क्षेत्र के हासा गांव में मध्याह्न भोजन के बाद पानी पीने गये आठ वर्ष्रीय बच्चा सूरज मांझी की कुएं में डूबने से मौत हो गयी। वह हासा गांव स्थित राजकीयकृत कन्या मध्य विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र था। मृतक छात्र के पिता राधू मांझी ने बताया कि रोज की तरह सूरज सुबह नौ बजे स्कूल गया था। दोपहर में उन्हें सूचना मिली कि उनका बेटा कुएं में गिर गया है। आनन-फानन में वे पत्नी नौरी देवी के साथ गांव के टिंकू की बाइक से बेटे को मुरहू अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉ आशुतोष तिग्गा ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की खबर मिलते ही स्वजनां स्कूल के प्रधानाध्यापक अमरदीप साहू ने स्वीकार किया कि स्कूल में पानी की व्यवस्था नहीं है। स्कूल के बाहर के कुएं से पानी लाने के बाद ही बच्चों का मध्याह्न भोजन बनता है।

## खूंटी में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर कल

खूंटी (आजाद सिपाही)। रेन हॉस्पिटल और एक्सिस बैंक खूंटी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार 10 सितंबर को एक्सिस बैंक परिसर खूंटी में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर का संचालन पूर्वाहन 11.00 बजे से अपराह्न दो बजे तक किया जायेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए रेन अस्पताल के निदेशक रमण कुमार ने बताया कि शिविर में अपोलो दिल्ली एवं मेदांता पटना के जाने-माने चिकित्सक डॉक्टर अनीश यादव, डॉक्टर अमन कुमार, डॉक्टर नेहा श्री समेत अन्य चिकित्सकों द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की जायेगी और गंभीर बीमारियों के बारे में निशुल्क परामर्श दिया जायेगा।

## सदर अस्पताल में सिकल सेल रोग पर स्टेकहोल्डर बैठक और प्रशिक्षण का आयोजन

खूंटी (आजाद सिपाही)। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र भुवनेश्वर के अंतर्गत कार्यरत मॉडल ग्रामीण स्वास्थ्य अनुसंधान इकाई (एमआरएचआर) नामकुम के सहयोग से सोमवार को खूंटी सदर अस्पताल में सिकल सेल रोग बहुकेंद्रीय परियोजना की रणनीति सुदृढ़ीकरणह्व विषय पर स्टेकहोल्डर बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सिविल सर्जन डॉ. नागेश्वर मांझी ने की। डॉ मांझी ने झारखंड के आदिवासी एवं ग्रामीण समुदायों में सिकल सेल रोग की बढ़ती चुनौती पर प्रकाश डाला तथा समय पर पहचान, परामर्श और जनजागरूकता की महत्ता पर बल दिया। बैठक का संचालन एवं समन्वयन डॉ. श्रीजीता मित्रा ने किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कार्यक्रम समन्वयक, चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ब्लॉक टास्क टीम तथा फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। प्रशिक्षण सत्र में डॉ अजीत डुंगडुंग, प्रोफेसर सामान्य चिकित्सा विभाग, रिम्स, रांची ने सिकल सेल रोग का संक्षिप्त परिचय दिया तथा इसके नैदानिक लक्षण, पहचान और उपचार रणनीतियों की जानकारी दी। डॉ. मिथिलेश कुमार प्रोफेसर, सामुदायिक चिकित्सा विभाग, रांची ने सिकल सेल रोग में आनुवंशिक परामर्श की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह रोकथाम और प्रभावित परिवारों को सहयोग प्रदान करने का एक प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम का समापन डॉ. श्रीजीता मित्रा, वैज्ञानिक, सिकल सेल परियोजना के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और स्टेकहोल्डर के सहयोग की सराहना की और कहा कि जमीनी स्तर पर सामूहिक प्रयास ही इस बहुकेंद्रीय परियोजना की सफलता की कुंजी हैं। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने, जनजागरूकता बढ़ाने तथा फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मियों की क्षमता निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## राय स्टेशन में संबलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस ठहराव की मंजूरी मिलने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर


रक्षा राज्य मंत्री से मुलाकात करते सांसद प्रतिनिधि।

पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के राय रेलवे स्टेशन में संबलपुर-जम्मुतवी एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव की मंजूरी मिलने के बाद कोयलांचल क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार 11 सितंबर से राय रेलवे स्टेशन में जम्मूतवी संबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18310 एंव संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18309 का राय स्टेशन मे ठहराव की मंजूरी मिल गयी है। ज्ञात हो कि राय रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव को लेकर हजारीबाग सांसद के चतरा जिला प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह ने कई बार पत्र लिखकर ट्रेन के ठहराव की मांग की थी,जिसको देखते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ के प्रयास से अब राय रेलवे स्टेशन में ट्रेन का ठहराव होने जा रहा है। दो दिन पूर्व सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह ने रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया था,जिस पर सांसद ने जल्द पहल करने का भरोसा दिया था और अब दो दिनों के भीतर ट्रेन के ठहराव का आदेश निकलने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह ने केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल सहित कोयलांचल क्षेत्र के सभी पदाधिकारी, कर्मचारी युनियन, राजनीतिक, सामाजिक संगठन, ग्रामीण, व्यवसायी को बधाई दी है।

# उत्तरप्रदेश के 30 अधिकारियों का पांच दिवसीय खूंटी दौरा

**पांच दिवसीय ढक्सपोजर विजिट कार्यक्रम का किया जा रहा है आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सर्ड), रांची की ओर से पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के 30 पदाधिकारियों के लिए दिनांक आठ से 12 सितंबर तक तढकसपोजर विजिट अंडर आरजीएक फॉर अंडर स्टैडिंग बमसअ प्रैक्टिस से विषय पर पांच दिवसीय ढक्सपोजर विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन सोमवार को प्रतिभागियों को सत्र समन्वयक मो सरफराज इकबाल के नेतृत्व में खूंटी जिले के ग्राम सिल्दा स्थित लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट का क्षेत्र-भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर परियोजना के राज्य समन्वयक अरिंदम मिश्रा के सहयोग से संसाधन व्यक्ति गिरेंद्र कुमार ने परियोजना से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं प्रायोगिक पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि इस परियोजना के माध्यम से लगभग 10 एकड़ भूमि में लाभुकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग के उप-निदेशक अरविंद कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने इस परियोजना की सराहना करते हुए इसे पंचायत स्तर पर ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी पहल बताया।

# ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी इंप्लाइज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल के अध्यक्ष बृजकिशोर ने किया पिपरवार का दौरा

**सीसीएल प्रबंधन के साथ बैठक कर कई समस्याओं पर की चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी इंप्लाइज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल के कोल इंडिया अध्यक्ष सह सीसीएल महामंत्री बृजकिशोर राम ने सोमवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर बचरा संगम विहार क्लब में उनका जोरदार स्वागत किया गया।जिसके बाद उन्होने पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में क्षेत्रीय प्रबंधन के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में पिपरवार, अशोका, सीएचपी सीपीपी व जीएम यूनिट के लायजनिंग ऑफिसर एवं क्षेत्रीय काउंसिल पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक संजीव कुमार एवं संचालन कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल ने किया। बैठक मे प्रबंधन द्वारा महामंत्री को शॉल, बुके, श्रीफल देकर स्वागत किया गया, जिसके बाद बैठक की शुरूआत किया गया। बैठक में आरक्षण, प्रमोशन रोस्टर, बैकलॉग इत्यादि विषयों की जानकारी महामंत्री ने प्रबंधन से लेते हुए कई महत्वपूर्ण समीक्षा एवं सुझाव दिए। भारत सरकार के गाइडलाइन एससी-एसटी बीसी कमिशन के दिशा निर्देश के मुताबिक सभी कार्य को समय से करने, रजिस्टर नियमित करने, कल्याणकारी कार्य मे विशेष ध्यान रखने, प्रशिक्षण की व्यवस्था करने, विस्थापितों के संवैधानिक हक अधिकार, नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास की समुचित व्यवस्था करने, सभी गाइडलाइन एवं दिशा निर्देशों का पालन करने, सीएसआर योजना को धरातल में उतारने, सफाई कर्मचारियों को किट उपलब्ध कराने, काउंसिल से त्रिमासिक बैठक नियमित करने, कार्यालय आवंटन आदि पर 4 घंटे चली बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिए गये। प्रबंधन ने कौंसिल को आस्वस्त किया कि सभी गाइडलाइन का निश्चित रूप से पालन किया जायेगा। एससी/एसटी/बीसी कर्मचारियों की हितों में बनी नीति नियम के तहत कर्मचारी लाभान्वित हो रहे हैं। आयोग और पार्लियामेंट्री कमिटी के आदेशों पर अमल का भरोसा प्रबंधन ने दिलाया। बैठक में मुख्य रूप से प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक संजीव कुमार, एसओपी नागेश गोपाल, कार्मिक प्रबंधक रवि बाडा, शिशिर गर्ग, ज्योति कुशवाहा, वीरेंद्र महतो एंव काउंसिल की ओर से महामंत्री बृज किशोर राम, सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, क्षेत्रीय सचिव रतन लाल, सरजू सिंह, गणेश रविदास, रामचंद्र उरांव, मथुरा मंडल, एसडी राम, रमेशवर भोक्ता, उमेश लोहार, दिलीप पासवान, दिलीप गंझु, रंथु गंझु, एमडी जुल्फान, उमेश लोहार, राहुल राम, मोहम्मद तौहीद सहित कई लोग मौजुद थे।

# रैयत विस्थापित मोर्चा ने डकरा परियोजना कार्यालय के समक्ष दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा के द्वारा परियोजना कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना की अध्यक्षता डकरा शाखा अध्यक्ष सुनील यादव और संचालन मोर्चा के एरिया प्रवक्ता राम लखन गंझू ने किया। धरना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोर्चा के एनके एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता शामिल हुए। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डकरा परियोजना खोलने के लिए स्थानीय रैयत के द्वारा जमीन दी गई लेकिन आज भी कई रैयत को नौकरी मुआवजा नहीं दी गयी है। इसके साथ ही रैयत विस्थापित परिवार को पहचान पत्र देने, प्रदूषण पर रोक लगाने, विस्थापित परिवारों को रोजगार से जोड़ने, विस्थापित गांव मुंडा टोली में बिजली, पानी, सड़क की व्यवस्था करने, कोयला उत्खनन के बाद खाली पड़ी जमीन को रैयतों को वापस करने करने सहित सभी 18 सूत्री मांगों को प्रबंधन से पूरा करने को कहा गया। मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गयी। धरना को जगरनाथ महतो, सुनील यादव, श्यामजी महतो, अमृत भोगता राम लखन गंझू, कन्हाई पासी, प्रभाकर गंझू, फूलों देवी सहित कई लोगो ने संबोधित किया। मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि रैयत, विस्थापित और परियोजना से प्रभावित परिवारों को हक अधिकार दिलाने के लिए मोर्चा का गठन किया गया है। इसके बैनर तले एनके एरिया क्षेत्र में हक अधिकार के लिए लगातार आंदोलन चलाया जायेगा। धरना कार्यक्रम के बाद डकरा परियोजना पदाधिकारी को 18 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। धरना के मौके पर नरेश गंझू, राजेंद्र उरांव प्रकाश महतो, कविता देवी, फुल मनी देवी, सरिता देवी, सुनील उरांव, छोटू मुंडा, मुनिया देवी, राधा देवी, दिलेश्वर यादव, योगेंद्र यादव, उमेश राम, राम केवल ठाकुर, जितेंद्र मुंडा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# खूंटी के निशानेबाजों ने जीते 23 पदक, डीसी-एसपी ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** रांची के टिकैत उमराव शूटिंग रेंज में आयोजित 15वीं झारखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप और तीसरा इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप में खूंटी राइफल शूटिंग क्लब के निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों ने कुल 23 मेडल हासिल किये हैं। राज्यस्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में सात गोल्ड, चार सिल्वर और पांच ब्रोंज, वहीं तीसरा इंटर स्कूल चैंपियनशिप में सात गोल्ड मेडल हासिल किये। सभी पदकवीर निशानेबाजों ने सोमवार को खूंटी उपायुक्त आर रॉनिटा और एसपी मनीष टोप्पो से मुलाकात की। उपायुक्त ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और आगे भी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर खूंटी रायफल शूटिंग क्लब के सचिव सह कोच अनुज कुमार ने खिलाड़ियों के पूर्व के उपलब्धियों को बताया। उपायुक्त ने खिलाड़ियों के लिए और भी सुविधा प्रदान करने का आश्वासन दिया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी राजेश चौधरी उपस्थित थे।

### इन्होंने हासिल किये पदक

रचित रंजन प्रसाद ने कुल छह मेडल हासिल किये। उसने एयर राइफल यूथ, एयर राइफल जूनियर और राइफल सीनियर तथा इंटर स्कूल सब यूथ में गोल्ड मेडल, टीम इवेंट स्टेट में ब्रोंज, टीम इवेंट इंटर स्कूल में गोल्ड मेडल हासिल किया। चिराग कुमार ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में ब्रोंज मेडल, एयर पिस्टल यूथ में इंडिविजुअल में सिल्वर, टीम में सिल्वर, सीनियर इंडिविजुअल में ब्रोंज, टीम में गोल्ड, इंटर स्कूल टीम में गोल्ड, रोशन होरो ने 50 मीटर फ्री पिस्टल में गोल्ड, 10 मीटर एयर पिस्टल टीम इवेंट में गोल्ड मेडल, हर्ष कुमार ने स्टेट टीम इवेंट में गोल्ड, एयर पिस्टल यूथ केटेगरी में सिल्वर, इंटर स्कूल में टीम गोल्ड मेडल, प्रवीण हेरेंज ने एयर राइफल टीम यूथ में ब्रोंज, इंटर स्कूल और राइफल टीम इवेंट में गोल्ड मेडल, अनन्य शर्मा ने एयर पिस्तौल टीम इवेंट में सिल्वर, कृष्ण गुप्ता ने इंटर स्कूल में टीम इवेंट में गोल्ड मेडल, एलीशान बारला ने स्टेट टीम में ब्रॉन्ज मेडल, इंटर स्कूल चैंपियनशिप में टीम गोल्ड मेडल हासिल किया। खिलाड़ियों के उपलब्धियों पर खूंटी रायफल फल शूटिंग क्लब की अध्यक्ष एसडीओ दीपेष कुमारी, जिला खेल पदाधिकारी राजेष चौधरी, सचिव अनुज कुमार सहित अमितेश भगत, चंदन कुमार, सदस्य विपुल जायसवाल एवम् अन्य सदस्यों ने बधाई दिया है. सचिव अनुज कुमार ने बताया कि चैंपियनशिप में चयनित शूटर आगामी चैंपियनशिप ईस्ट जोन बिहार और मावलंकर मध्य प्रदेश में भाग लेंगे।

## विस्थापित अधिकार मंच ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। विस्थापित अधिकार मंच फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश रंजन महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने ईचागढ़ विधायक सविता महतो को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मुख्य रूप से चांडिल डेम परियोजना से प्रभावित 116 गांवों के विस्थापित परिवारों की समस्याओं और लंबित मांगों से संबंधित रहा। ज्ञापन सौंपते हुए विस्थापितों ने कहा कि चांडिल डेम से प्रभावित परिवार कई दशकों से अपने वैधानिक अधिकारों और पुनर्वास संबंधी लाभों से वंचित हैं। पुनर्वास स्थल अधूरे पड़े हैं, विकास पुस्तिकाओं में विसंगतियां हैं, रोजगार और प्रशिक्षण का वादा पूरा नहीं हुआ है तथा भ्रष्टाचार और दलाली के कारण वास्तविक हकदारों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में 9 सुत्री मांग पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने का मांग किया गया है। मौके पर आंदोलनकारी मनोहर महतो एवं हरेकृष्ण महतो उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस महिला संकुल स्तरीय वार्षिक आमसभा



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु लैंपस परिसर में सोमवार को सितु महिला संकूल स्तरीय वार्षिक वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। सितु स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की ओर से महिला संकूल स्तरीय प्राथमिक आमसभा में मुख्य रूप से बीपीएम मनोहर टोप्पो, बैंक आफ इंडिया मिलन चौक शाखा प्रबंधक सुदीप कुमार, मुखिया लक्ष्मी देवी, पंचायत सचिव, सीसी सुजाता नायेक, गुप्तेश्वर महतो उपस्थित थे। अतिथियों को पौधा एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं शाखा प्रबंधक श्री कुमार ने कहा कि महिला समिति बैंक से संबंध रखे और सरकार की ऋण योजनाओं का लाभ उठाएं। मौके पर एफटीसी सौजन्य हांसदा, बीजेपी भवानी महतो, पीएल एफ अध्यक्ष रेवती महतो, सचिव सुमित्रा महतो, कोषाध्यक्ष रेंगनी महतो, जगदीश महतो, नभामती हांसदा, बीमा महतो, बेबी गोराई, ममता देवी, दयाल सिंह मुंडा आदि सैकड़ों महिला उपस्थित थे।

## बुंडू प्रखंड क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली से लोग त्रस्त

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों बिजली की आंख मिचौली से लोग त्रस्त हैं। बुंडू क्षेत्र के लोग भारी बारिश के बाद इन दिनों भारी उमस से जूझ रहे हैं। जहां एक ओर उमस से लोग परेशान हैं, वहीं लोग बार-बार बिजली कटौती से परेशान है। बिजली कटौती से जहां व्यवसायी वर्ग को अपनी व्यवसाय में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं छात्र-छात्राओं को भी पठन-पाठन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शाम होते ही बिजली की आंख में मिचौली शुरू हो जाती है हर 10 मिनट के बाद बिजली काट दी जा रही है।

## मैकलुस्कीगंज इंटर कॉलेज में नये छात्रों का स्वागत



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज इंटर कालेज हेसालोंग में शिक्षक दिवस एव स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रचार्य मनोज कुमार शर्मा एव सभी शिक्षकों ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एव पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं सभी शिक्षकों को छात्रो ने उपहार भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानचार्य मनोज कुमार शर्मा ने छात्रों को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए छात्रों के जीवन में गुरू के महत्व को बताया। इस मौके पर मुकेश विश्वकर्मा, राहुल सिंह, डेनिस मयंक रॉबर्ट, बासुकीनाथ नाग, सत्यम पांडेय, पंकज कुमार, रिया कुमारी, रेणु सिंह, प्रभा बारला, सुचिता कुजूर, आशा देवी, सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## करकट्टा कोलियरी कर्मचारी साख समिति लिमिटेड की वार्षिक आमसभा कल


खलारी (आजाद सिपाही)। करकट्टा कोलियरी कर्मचारी साख समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा (एजीएम) की बैठक दस सितंबर बुधवार को सुबह 10 बजे से डकरा विवाह मंडप में आयोजित की गयी है। उक्त जानकारी देते हुए समिति के सचिव उमाकांत सिंह ने बताया कि एजीएम में समिति के वार्षिक आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही भविष्य में समिति के संचालन एवं नीतिनिर्धारिण पर विशेष रूप से विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों से वार्षिक आम सभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील भी किया।

## बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी को बेहतर कार्य के लिए किया गया सम्मानित


मुखिया सरिता देवी को सम्मानित करते लोग।

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया गया है। जानकारी के अनुसार टंडवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आयोजित समारोह के दौरान पंचायत उन्नति सूचकांक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थानीय स्वशासन के सशक्तिकरण एवं सतत विकास के लिए सराहनीय कार्य हेतु टंडवा प्रखंड क्षेत्र के बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पंचायती राज विभाग के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस संबंध में मुखिया सरिता देवी ने कहा कि पंचायत के विकास के लिए उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा। सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ पंचायत के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना उनकी प्राथमिकता है। इस मौके पर टंडवा प्रमुख रीना कुमारी, उप प्रमुख जितेंद्र सिंह, मुखिया संघ के चतरा जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह, टंडवा प्रखंड अध्यक्ष सुबेश राम, तेलियाडीह पंचायत के मुखिया महावीर साव, बहेरा पंचायत की मुखिया रेखा कुमारी, किचटो पंचायत की मुखिया संगीता देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इधर मुखिया सरिता देवी को सम्मान मिलने पर पंचायत के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

## दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक



पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के बुंडू पंचायत में ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता मुखिया तुलसी तुरी और संचालन उमेश कुमार यादव ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुंडू पंचायत में दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में भव्य पूजा पंडाल बनाने, मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा स्थापित करने विद्युत सज्जा सहित अन्य बातों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पूजा को सफल बनाने के लिए जल्द ही कमेटी का गठन करने पर भी सहमति बनी। बैठक में मुख्य रूप से संतोष यादव, सुभाष साव, अशोक साव, शंकर साव, जितेंद्र साव, नरेश साव, रंजीत तुरी, मदन साव, विश्वनाथ गंझु, अरुण साव, भोला साव, राजेश साव सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# संस्थान साफ-सफाई पर अवश्य ध्यान दें : अनिल कुमार मिश्रा-1



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश डब्ल्यूपी (पीआइएल सं 5136/2024) का पालन करते हुए न्यायायुक्त सह रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष के मार्गदर्शन एवं सचिव रवि कुमार भास्कर की देखरेख में सोमवार को व्यवहार न्यायालय के मीटिंग हॉल में बैठक हुई। जिसमें विशेष रूप से उपस्थित न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 ने कहा कि साफ-सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है। स्वच्छता जरूरी है, क्योंकि साफ-सफाई से हम जीवन में आने वाली कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वातावरण को साफ-सुथरा रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने संस्थान में काम करनेवाले सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि नित्य साफ-सफाई का विशेष ध्यान दें। न्यायायुक्त ने बच्चों को मिनिमम बेसिक लॉ मुहैया कराने का निर्देश देते हुए कहा कि जेजे एक्ट के तहत संस्थान में रहनेवालों को सुविधा मुहैया कराया जाए। उन्होंने समय-समय पर उनके स्वास्थ्य जांच करने का भी निर्देश दिये। वहीं, संचालन करते हुए डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने कहा कि गंदगी हमारे आसपास के वातावरण और जीवन को प्रभावित करती है। हमें व्यक्तिगत एवं आसपास भी सफाई अवश्य रखनी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने नॉन फंक्शनल संस्थाएं जैसे कि शक्ति सदन को सुचारू रूप से चलाने का काम जल्द-से-जल्द शुरू करने को कहा। इस मौके पर ऑब्जर्वेशन होम डूमरदगा के अबू सूफियान, चेशायर होम बरियातू के सेलेबिस्टा बा, प्रेमाश्रय के एम बसंती बेसरा, बालाश्रय से अमित कुमार, सहयोग विलेज से लोकनाथ भंडारी, वन स्टॉप सेंटर से सीमा शर्मा, आशा एनजीओ के अजय जायसवाल और डीएसडब्ल्यू के सुरभि सिंह आदि उपस्थित थे।

## खोरठा भाषा में लिखी गयी दो पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

# झारखंड की सभी भाषाओं के समकक्ष है खोरठाः डॉ लंबोदर

आजाद सिपाही संवाददाता



खोरठा भाषा में लिखी पुस्तकों का लोकार्पण करते डॉ लंबोदर महतो एवं अन्य।

**पिठोरिया।** क्षेत्रीय खोरठा भाषा साहित्य- संस्कृति परिषद कार्यालय ओहदार भवन में सोमवार को खोरठा लेखक वासुदेव महतो द्वारा लिखित 'अन एप्रोच टू इंग्लिश ग्रामर भाया खोरठा' एवं महेंद्र नाथ गोस्वामी 'सुधाकर' गोमो की लिखी 'दामोदरेक धाइरे' खोरठा उपन्यास का लोकार्पण हुआ। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता खोरठा भाषा साहित्य-संस्कृति परिषद के अध्यक्ष डॉ बीएन ओहदार ने किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में सिमडेगा के जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि खोरठा भाषा न सिर्फ बड़ी आबादी की भाषा है, वरन साहित्य के क्षेत्र में भी झारखंड की सभी भाषाओं के समकक्ष है। विगत कुछ वर्षों में खोरठा में विपुल साहित्य की रचना के साथ ही नये-नये अनछुए विषयों पर लेखन हुए हैं। वक्ताओं ने खोरठा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की पुरजोर वकालत की और अपने स्तर पर पूरा सहयोग देने की बात की। वहीं, 'लुआठी' पत्रिका के संपादक गिरधारी गोस्वामी 'आकाशखूंटी' ने खोरठा में स्तरीय रचनाओं की लेखन करने का आह्वान नवोदित लेखकों से किया। जबकि परिषद के अध्यक्ष ने खोरठा के क्षेत्र में आलोचना साहित्य लिखे जाने की वकालत की। राधा गोविंद यूनिवर्सिटी के खोरठा प्राध्यापक अनाम अजनबी ने कहा कि खोरठ का साहित्य संसार विशाल है। जरूरत है इसके विलुप्त साहित्य के प्रकाशन की। समारोह का संचालन विक्की कुमार साव एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो पूर्ण कांत कुमार ने किया। इस मौके पर रांची विश्विद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ दिनेश कुमार 'दिनमणि', सीनेट सदस्य विनोबा भावे विश्वविद्यालय संजय प्रभाकर, गिरधारी गोस्वामी आकाशखूंटी, आशुतोष कुमार सिंह ,बलराम सिंह, संदीप कुमार पन्नालाल राम, कुमेश्वर महतो, भोलाराम महतो, श्याम सुंदर केवट, प्रो खेमनाथ महतो, चुरामन महतो, प्रो बीरबल महतो, प्रो नागेश्वर महतो, घनश्याम महतो, देव कुमार, टिकेश्वर चौधरी, गजाधर महतो प्रभाकर, डॉ कृष्णा गोप और प्रो सुशीला कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# जैलेंद्र कुमार ने मृतक के परिजनों से मिलकर किया आर्थिक सहयोग



**सिकिदिरी/अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिकिदिरी के हुंडरू गाढ़ापर निवासी स्वर्गीय मोगला बेदिया की पत्नी बिरसी देवी (45) का निधन पिछले दिनों गंभीर बीमारी से हो गयी थी। उसके दो नाबालिग बच्चे बेटा कलेश्वर बेदिया (14) बेटी मोनिका कुमारी (10) है। वहीं, अंनगड़ा बिसा निवासी मानेसर महली का भी देहांत पिछले दिनों हो गया था। गांव के लोगों ने श्राद्ध में सहयोग की अपील जैलेंद्र कुमार से की। जिसके बाद उन दोनों के परिजनों को उनके घर जा कर भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने नगद राशि एवं खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया। इस मौके पर मौके पर चंदन बड़ाइक, पंचम भोगता, शिबू बेदिया, शुभम बेदिया, शिवनारायण बेदिया, बुद्धदेव बेदिया, रमेश बेदिया और धनीराम बेदिया आदि उपस्थित रहे।

## रांची-गुमला मुख्य मार्ग गड्ढों में तब्दील

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बेड़ो से गुजरने वाली रांची-गुमला मुख्य मार्ग की सड़क पर इन दिनों दर्जनों गड्ढे बन गये हैं। बारिश होते ही उक्त गड्ढे तालाब में तब्दील हो जाते हैं। जिसमें गिरकर लोग घायल भी हो रहे हैं। प्रमंडल के अधिकारी क्षेत्र में सड़क की मरम्मत करवाने की दिशा में कोई पहल नहीं कर रहे हैं। बेड़ो बायपास बनने के बाद इस सड़क को छोड़ दिया गया है। जबकि यहां से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन भारी वजन लिये आवागमन करते हैं। इस मुख्य मार्ग पर स्थित दुकानदारों-निवासियों ने कई जगहों पर खुद से ही गड्ढे को मिट्टी से भर रहे हैं।

# समाजसेवी के बड़े भाई का निधन, शोक व्यक्त



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम बाजार सदाबहार चौक के व्यवसायी सह अधिवक्ता अमरनाथ ठाकुर के बड़े भाई सह पूर्व शिक्षक देवाशीष ठाकुर का सोमवार की सुबह निधन हो गया। वे पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। विगत 18 अगस्त को रांची स्थित राज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां उन्होंने सोमवार की सुबह 7.20 बजे अंतिम सांस ली। देवाशीष अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड गए है। उनके निधन के बाद सदाबहार चौक स्थित (आवास) रावेल प्लेस होटल पर लोगों ने शोक संतप्त कर परिवार को ढांढस बंधाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि देवाशीष बहुत ही मिलनसार व्यक्ति थे। उनके निधन से समाज को अपूर्णीय क्षति पहुंची है। इधर, शाम 5 बजे नामकुम डोरंडा रोड स्थित स्वर्णरिखा मुक्तिधाम घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। बड़े बेटे हर्षित कुमार ने मुखाग्नि दी। वहीं, शोक व्यक्त करने वालों में मधुसूदन ठाकुर, अमरनाथ ठाकुर, रोहित ठाकुर, मनीष ठाकुर, समाजसेवी प्रभाष झा, संजीव उर्फ छोटू सिंह, मनोज सिंह, प्रमोद सिंह, अखिलेश यादव, पत्रकार सूरजमणि सिंह, राजेश वर्मा, अमित शर्मा, विनय झा, संजय गुप्ता, संजय कुमार, विजय प्रताप सिंह, प्रदीप झा, अक्षय मिश्रा और अरुण झा आदि शामिल थे।

# लापुंग थाना प्रभारी पर जानलेवा हमला के आरोप में पांच गिरफ्तार

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने थाना प्रभारी के उपर जानलेवा हमला करने के आरोप में सोमवार को कोयनारा गांव के पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनकी पहचान बोने उरांव (42), सोमेश उरांव (23), श्रवण उरांव (27), चामा उरांव (55) और तुश्कर उरांव (19) के रूप में हुई है। सभी को लापुंग थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला लापुंग के कोयनारा में विगत तीन जून को पढ़हा समाज के लोग और रातू के हुरहुरी के जमींदार वैभव कुमार की जमीन विवाद को लेकर गांव में पाड़हा समाज की बैठक हुई थी। जिसमें कुछ असामाजिक तत्वों के आने की संभावना थी। इसलिए निवर्तमान थानेदार संतोष कुमार यादव लोगों को समझने की नियत से बैठक में शामिल हुए थे। हालांकि जमींदार के बैठक में नहीं आने को लेकर एक पक्ष नाराज हो गया और थाना प्रभारी पर हमला कर दिया दिया, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट लगी थी। इसके अलाव दो जवान पुनई उरांव और लालू लोहरा भी चोटिल हो गये थे। तब लोगों के बीच घिरता देख पुलिस के एक जवान ने तत्परता दिखाते हुए हवाई फायरिंग कर भीड़ को तीतर बितर किया और घायल पुलिसकर्मियों को लेकर वहां से लापुंग थाना लाया। लापुंग सीएचसी में सभी का इलाज किया गया और बेहतर इलाज की लिए रांची भेजा गया था।

# कांग्रेस को पंचायत वार्ड स्तर पर और सशक्त बनाना है : शिल्पी नेहा तिर्की

## झरिया पहुंचे कांग्रेस के पर्यवेक्षकों ने कार्यकर्ताओं से अलग-अलग की मुलाकात


जिलाध्यक्ष के चयन को लेकर झरिया में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में उपस्थित कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, एआइसीसी के पर्यवेक्षक विधायक दिनेश गुर्जर, प्रदेश पर्यवेक्षक अशोक कुमार चौधरी एवं अन्य गणमान्य।

**पर्यवेक्षकों के जाते ही आपस में ही भिड़े कांग्रेस के कार्यकर्ता, आरोप-प्रत्यारोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत धनबाद जिले के झरिया स्थित फुलारीबाग आरएस पैलेस गार्डन में सोमवार को झरिया नगर-प्रखंड कांग्रेस की बैठक हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष चयन के लिए रायशुमारी करने अपने सात दिवसिय दौरे पर आये राष्ट्रीय कांग्रेस के पर्यवेक्षक विधायक दिनेश गुर्जर, राज्य की कृषी मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, प्रवेक्षक अशोक कुमार चौधरी और डॉ एम तौशिफ इस दिन झरिया पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं से खचाखच भरे हॉल में अपने संबोधन में एआइसीसी प्रवेक्षक दिनेश गुर्जर ने कहा कि राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को यह ताकत दी है कि जिलाध्यक्ष का चयन उनकी रायसुमारी से होगी। कहा कि झरिया नगर प्रखंड के कार्यकर्ताओं की आवाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव केसी वेणुगोपाल जी तक पहुंचा दूंगा। जल्द ही जिलाध्यक्ष चयन पर निर्णय होगा। वहीं, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि हमलोग पार्टी कार्यकर्ताओं से जानने आए हैं कि वे किसे जिलाध्यक्ष बनाना चाहते हैं। उनके नाम का सुझाव सभी प्रवेक्षकों को अलग-अलग मिलकर दें। आप सभी की राय गुप्त रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पंचायत वार्ड स्तर पर और सशक्त बनाना है। वहीं, प्रदेश पर्यवेक्षक अशोक कुमार चौधरी ने धनबाद जिला में संगठन सृजन कार्यक्रम की सफलता के लिए धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी को बधाई दी। प्रवेक्षक डॉ एम तौशिफ ने कहा कि जिलाध्यक्ष चयन को लेकर पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। वहीं, जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि झरिया में निर्भीक होकर अपने विचार कांग्रेस संगठन हीत में चारों प्रवेक्षकों से मिलकर दें। हालांकि बैठक की समाप्ती के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में ही उलझ गये। इम्तियाज अली और एहसान खान के लड़के कृषि मंत्री नेहा तिर्की से मिलने अंदर पहुंचे थे। पर वहां बहुत भीड़ थी। उन दोनों का समर्थक नहीं मिलने से वे नाराज थे। जैसे ही कांग्रेस के वरीय नेता निकले वे लोग आपस में ही उलझ गये। इसे लेकर पार्टी में चर्चा का बाजार गर्म है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अलग-अलग बंद कमरे में रायशुमारी की गयी। सूत्रों की मानें तो करीब चार घंटे तक सबकी बातों को सुना गया। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव मदन महतो, प्रदेश सचिव शमशेर आलम, पंकज मिश्रा, रविरंजन सिंह, मुख्तार खान, राजेश्वर यादव नवनीत नीरज योगेंद्र सिंह योगी, कुमार गौरव, गोपाल कृष्ण चौधरी, अनूप सिंह डेविड, प्रखंड अध्यक्ष इम्तियाज अली, नगर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार साव, झरिया नगर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, वीरेंद्र बहादुर सिंह, प्रीतम रवानी, रत्नेश यादव, इम्तियाज अली कृष्णा पटेल निसार अहमद, भोला सिंह, किशोर कुमार, विजेंद्र गुप्ता, प्रमोद चंद्रवंशी, चंदन मोदक, आफताब आलम, रवी सिंह, अशोक लाल बरनवाल, सुमन सोनार, मणि भूषण तिवारी, सूरज वर्मा, छोटू गुप्ता, महेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# वार्षिक वेतन वृद्धि रोके जाने के विरोध में शिक्षक शिक्षिकाओं ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध




**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ रांची जिला इकाई के आह्वान पर आंदोलन के दूसरे चरण में ओरमांझी प्रखंड के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने वार्षिक वेतन वृद्धि रोके जाने का विरोध करते हुए सोमवार को काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। रांची जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज द्वारा वार्षिक वेतन वृद्धि को लेकर शपथ पत्र मांगे जाने पर शिक्षक आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि राज्य के सभी जिलों में वार्षिक वेतन वृद्धि जुलाई माह से ही दे दी गई है। मात्र रांची जिले में जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा शपथ पत्र की मांग की गई है। इसी को लेकर शिक्षक नाराज हैं और विरोध जता रहे हैं। कहा कि जिला शिक्षा अधीक्षक यदि अपना आदेश वापस नहीं लेते हैं तो आंदोलन के तीसरे चरण में 20 सितंबर को रांची में महाधरना दिया जाएगा।

# सबूतों के अभाव में यौन शोषण के आरोपी को किया गया बरी

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अपर न्यायायुक्त अरविन्द कुमार नं-2 की अदालत ने सोमवार को शादी का प्रलोभन देकर युवती का यौन शोषण करने के आरोपी प्रकाश महतो को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता मृत्युंजय प्रसाद ने बताया कि राहे थाना अंतर्गत ठुंगरूडीह टोला कुंकालजारा निवासी एक युवती ने सिल्ली थाना क्षेत्र के बसंतपुर ग्राम निवासी युवक प्रकाश महतो पर वर्ष 2022 में शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए बुंडू महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

# यूरिया की भारी किल्लत से बेड़ो के किसान हुए परेशान, जिम्मेदार मौन

## 500 से 700 की दर से यूरिया खरीदने को हैं मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**विगत दिनों ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों का अभी तक नहीं मिला है मुआवजा**

**किसान ब्रजेश महतो, भीम महतो, राजू महतो, इंद्रजीत महतो, संजय उरांव, चरवा उरांव, पंकज कुजूर, पवन कुमार, सुरेश महतो, बजरंग महतो, राम उरांव, बुधनाथ महतो और पवन महतो ने बताया कि पिछले मार्च महीने में हुई ओलावृष्टि से हुए सब्जी की फसलों के नुकसान का अब तक मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुआवजा देने की मांग की है।**

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के किसान यूरिया खाद की किल्लत से खासे परेशान हैं। खाद के लिए किसान इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। अगर कहीं मिल भी रहा है तो सरकार की ओर से निर्धारित दर से दोगुनी तक राशि वसूली जा रही है। किसानों से पांच से 700 रुपये तक कीमत वसूली जा रही है। किसानों ने बताया कि यूरिया नहीं मिलने से काफी परेशानी हो रही है। बाजार से यूरिया गायब है। जिससे खेतों में लहलहाती धान की फसलें अब पीले पड़ने लगे हैं। किसानों कहना है कि फरियाद सुनने वाला कोई नहीं है। ओलावृष्टि एवं अतिवृष्टि की मार झेल रहे किसान मूल्य अधिक होने के कारण आवश्यकता से कम खाद का प्रयोग अपने खेतों में कर रहे हैं, जिससे उनकी उपज प्रभावित होने का भय भी सता रहा है। किसानों का कहना है कि वो किसी तरह कर्ज लेकर धान की खेती किये हैं, लेकिन समय से यूरिया नहीं मिला तो एक बार फिर भूखमरी का सामना करना पड़ सकता है। उनकी मांग है कि जल्द से जल्द उन्हें पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध करायी जाय।

# सड़क दुर्घटना में दो किशोर सहित तीन घायल, एक गंभीर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेड़ो-लोहरदगा मार्ग पर दिघिया गांव के कब्रिस्तान के समीप सोमवार की शाम 6.30 बजे दो बाइक की आपस में हुई टक्कर में तीन लोग घायल हो गये। उनकी पहचान बेड़ो के तुको बगीचा टोली गांव निवासी प्राणी उरांव (18) आकाश उरांव (17) और गुमला के बरंदा भरनो निवासी दिनेश उरांव (42) के रूप में हुई है। तीनों घायलों को ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ विनीता प्रसाद ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। इस दौरान गंभीर रूप से घायल प्राणी उरांव को बेहतर उपचार के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, प्राणी उरांव के बड़े भाई विमल खाखा ने बताया कि वह मां की दवा लेने बेड़ो जा रहा था। जबकि दिनेश साहू रांची से अपने घर जा रहे थे। तभी दोनों बाइक सवारों की टक्कर हो गई। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर बेड़ो थाना के एसआई अनिल टोप्पो सीएचसी पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

# शिक्षक कुंदन का बानपुर पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय में हुआ स्वागत



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे क्षेत्र के आदर्श नगर के रहने वाले पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय बानपुर गणित एवं भौतिक विज्ञान के शिक्षक कुंदन कुमार का विद्यालय परिसर में भव्य स्वागत हुआ। बताते चले कि कुंदन कुमार को पिछले दिनों राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया था। कार्यक्रम झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के बैनर तले धुर्वा रांची स्थित झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के सभागार में आयोजित किया गया था। जिसमें कुल 127 शिक्षकों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया था। कुंदन कुमार को पुरस्कार मिलने से पूरा विद्यालय गौरवान्वित है। प्राचार्य आनंद कुमार साहू ने कहा कि यह पूरे विद्यालय के लिए गर्व की बात है। विद्यालय के शिक्षक को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है। कहा कि शिक्षक कुंदन कुमार ने अपने साथ ही पूरे विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने निकट भविष्य के लिए उनके आगे की सफलता की कामना की।

# प्रखंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** जिला स्तरीय अभिनव प्रयोग स्पीक्स कार्यक्रम के तहत सोमवार को बुढ़मू प्रखंड के राजकीय कृत मध्य विद्यालय (बालक) सभागार में प्रखंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुआ। जिसमें वर्ग एक से पांच तक में प्रथम स्थान कटंगदिरी विद्यालय के विकास कुमार, द्वितीय स्थान पुत्रिटोला विद्यालय के रवि महतो एवं तृतीय स्थान काशीटोला विद्यालय के सुमन कुमारी को प्राप्त हुआ। जबकि वर्ग 6 से 8 तक में प्रथम मक्का विद्यालय की इक्छा कुमारी, द्वितीय कटंगदिरी विद्यालय की पूजा कुमारी और तृतीय स्थान बाड़े विद्यालय के लुबाब नाज को मिला। सभी को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि इक्छा और विकास कुमार को जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए चयनित किया गया। इस मौके पर स्पीक्स नोडल शिक्षिका रंजनी, निर्णायक मंडल में शिक्षक अबरार अंसारी, अली हसन अंसारी, सीआरपी कृष्णा, योगेश्वर प्रजापति, प्रमोद कुमार, प्रभा तिर्की और दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## रमेश कुमार ने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के लिए की दावेदारी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव 21 सितंबर को रांची में होना है। इसे लेकर सोमवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन रहा। इस दौरान दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र से इस पद के लिए रमेश कुमार चीनी ने चुनाव पदाधिकारी विकास सिंह व पवन शर्मा के समक्ष अपनी दावेदारी पेश की। रमेश के प्रस्तावक के रूप में एफजेसीसीआइ के निवर्तमान अध्यक्ष किशोर मंत्री व समर्थक पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी ने सहमति जताई। रमेश ने बताया कि वे वर्तमान में भी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष है और इस पद की दूसरी पारी के लिए नामांकन किया है। अपने कार्यकाल के दौरान न सिर्फ व्यापारियों की समस्या दूर करने का प्रयास किया। बल्कि सामाजिक व जन समस्या के लिए भी आवाज बुलंद की है। मौके पर साहेबगंज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल भी थे।

## लापता मजदूर के मामलों को लेकर मिशन बदलाव की टीम थाना प्रभारी से मिली



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मजदूरों का गायब होना, लापता होना अपहरण होना इन सभी मामलों को लेकर मिशन बदलाव की टीम गुमला थाना प्रभारी से मिलाी और सभी मामलों को अवगत कराया गया। थाना प्रभारी ने सभी मामलों को गंभीरता पूर्व सुनते हुए बताया कि ये मेरा कार्यक्षेत्र में नहीं है और सभी को श्रम अधीक्षक को भी अवगत करने से ज्यादा बेहतर होगा। मिशन बदलाव की टीम श्रम अधीक्षक गुमला से सभी मामलों को अवगत भह कराया। पिछले कई सालों से मजदूरों का पलायन मजदूरों का लपता होना कभी रेलवे स्टेशन से कभी कार्यस्थल से इन सभी मामलों को लेकर मिशन महिलाओं की टीम विनोद साहू, ज्योति गुलरिया कुजूर, ज्योति वर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी गुमला से मामलों का अवगत कराया और बताया कि सुरेश गोप मुरकुंडा रकम शमशेरा के रहने वाले का नांदेड़ रैल्वए रेलवे स्टेशन से अपहरण हो गया था। उन्होंने लिखित आवेदन मिशन बदलाव टीम के संयुक्त तात्वधान में थाना प्रभारी को भी दिया और बताया कि गोवा से झारखंड आने के क्रम में नांदेड के पास में जब उतरे तो उनका पानी पीने के बाद उसका मन खराब हो गया और उसके बाद होशों हवास खराब हो गया था। उसके बाद उसके साथ क्या हुआ कुछ भी पता नही। उसकी जान एक झाड़ी में छिपाकर एक महिला के द्वारा बचाया गया और मजदूर के साथ मारपीट कर मोबाइल भी छीना लिया गया था। सभी मामलों को पिछले दिनों में मिशन बदलाव के भूषण भगत को बताया गया था। थाना प्रभारी ने मामलों को गंभीरतार से लिया।

## अंतर संकुलीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर को दूसरा स्थान



**बसिया (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु मंदिर जलडेगा सिमड़ेगा में आयोजित किया गया अंतर संकुलीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में बसिया के विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड के शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर जलडेगा में अंतर संकुलीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड के प्रांतीय सहमंत्री राजेश अग्रवाल, वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड के प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे, विद्यालय प्रबंधन समिति के सम्मानीय अध्यक्ष महाप्रसाद सिंह, सचिव चंदन मिश्रा, संरक्षक रामेश्वर सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य हेमशरण सिंह के द्वारा विद्याकी अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती, भारत माता तथा सृष्टि का गर्भस्थल ओम के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्पार्चन कर किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से आये हुए 17 विद्यालयों के भैया बहन शामिल हुए। प्रत्येक विद्यालय टीम में कक्षा तृतीय, चतुर्थ और पंचम के एक-एक भैया बहन प्रतिभागी के रूप में भाग लिए। 17 विद्यालयों के प्रतिभागियों के बीच 10 चक्र में चले प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा को प्रथम स्थान, विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर बसिया को द्वितीय स्थान , विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ को तृतीय स्थान और सरस्वती शिशु मंदिर कुम्हारी को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय , तृतीय और चतुर्थ स्थान में आने वाले विजेता विद्यालय जनवरी में होने वाले प्रांतीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मौके पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के शुभावसर पर जलडेगा के भैया बहनों द्वारा स्वागत गीत गाकर उपस्थित आचार्यो, अभिभावकों आदि स्वागत किया गया।

## युवक ने वृद्ध महिला को डंडे से मारकर किया घायल



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पकरा रेलवे स्टेशन के निकट गांव बुरुहातू मे बीती रविवार की रात लगभग 10 बजे के आसपास जोसेफ तोपनो उर्फ बगान पहान नामक एक 35 वर्षीय व्यक्ति ने अपने ही गांव के एक वृद्धा महिला हीरामनी तोपनो उम्र 60 वर्ष के सिर में डंडे मारकर जख्मी कर दिया है। बताया जा रहा है कि वह घायल वृद्धा महिला अपने घर में अकेले रहती है। वहीं उसका एक पुत्र है,जो दिल्ली में रहता है और काफी दिनो से घर नहीं आया है। ग्रामीणो के मुताबिक बीती रविवार की रात को वृद्धा महिला हीरामनी तोपनो अपने घर पर अकेले थी। उसी दौरान घर के बगल मे रहनेवाला आरोपी व्यक्ति जोसेफ तोपनो उर्फ बगान पहान नशे की हालत मे उसके घर पर जाकर महिला को डंडे से मारपीट की। जिसके कारण वह जख्मी हो गई है। वहीं रातभर उक्त वृद्धा महिला अपने घर के बाहर अकेले अचेतावस्था में पड़ी हुई थी। जिसे देख ग्रामीणो ने सोमवार की सुबह में कामडारा पुलिस को इसकी सूचना दी। उसके बाद ग्रामीणों ने आरोपी व्यक्ति को बुलाकर मारपीट का कारण पूछा तो उसने बताया कि नशे में होने के कारण उसने उसके साथ मारपीट कर दी। उसके बाद ग्रामीणो ने आरोपी को कामडारा पुलिस को सौंप दी। वहीं ग्रामीणो ने 108 एंबुलेंस को फोनकर बुलाया। इसके बाद घायल वृद्धा महिला को ईलाज के लिये बसिया रेफरल अस्पताल मे भर्ती करा दिया है।

### कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान, डुमरी, चैनपुर और जारी में कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चुनाव की गतिविधियां तेज, पर्यवेक्षक ने लिया माहौल का जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआइसीसी) के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के तहत गुमला जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को लेकर सोमवार को डुमरी, चैनपुर और जारी प्रखंड में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए गये। डुमरी में पंचायत भवन, चैनपुर में ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय और जारी में संस्कृतिक भवन में हुई बैठकों में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी जुटे। सभी ने बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित एआइसीसी द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर और राजस्थान के पूर्व मंत्री सह पूर्व सांसद डॉ रघु शर्मा के समछ जिलाध्यक्ष पद के उम्मीदवारों को लेकर अपनी राय रखी। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, झारखंड आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान और जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतू उरांव भी उपस्थित रहे।

बैठक में एआइसीसी के पर्यवेक्षक और राजस्थान के पूर्व मंत्री सह पूर्व सांसद डॉ रघु शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसका कार्यकर्ता है। आज से पहले जिलाध्यक्षों का चयन सिर्फ नेताओं की सिफारिश पर होता था। लेकिन अब हालात बदल गए हैं। राहुल गांधी ने साफ कहा है कि जिलाध्यक्ष वही बनेगा। जिस पर गाँव-गाँव के कार्यकताओं का विश्वास होगा। यह बदलाव कांग्रेस संगठन में लोकतंत्र को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि गुमला जिले के सभी 12 प्रखंडों में जाकर कार्यकताओं की राय ली जाएगी। हम नहीं चाहते कि कोई अध्यक्ष सिर्फ पद के लिए बने। नया अध्यक्ष वही होगा, जो रात-दिन संगठन के लिए मेहनत करेगा और जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनेगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और अगले एक महीने में नया जिलाध्यक्ष चुन लिया जायेगा।



### कठिन दौर से गुजर रहा है देश : बंधु तिर्की

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि आज देश एक कठिन दौर से गुजर रहा है। बेरोजगारी और महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। किसान अपने हक के लिए आंदोलन कर रहे हैं और नौजवान नौकरी के लिए सड़कों पर हैं। इन मुद्दों पर सिर्फ कांग्रेस ही आवाज उठा रही है। जबकि भाजपा सरकार ने जनता को ठगा है। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान का असली मकसद है कार्यकताओं को जिम्मेदारी देना और नेतृत्व की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना। हम चाहते हैं कि गुमला का जिलाध्यक्ष ऐसा हो जो दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, महिला और नौजवान सभी वर्गों को बराबरी से साथ लेकर चले। कांग्रेस का इतिहास सबको जोड़ने का रहा है, तोड़ने का नहीं।

### परिवार की तरह काम करें कार्यकर्ता : संजय

झारखंड आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने कहा कि राहुल गांधी का सपना है कि कांग्रेस का संगठन पंचायत स्तर पर परिवार की तरह काम करे। जब तक कार्यकर्ता गांव-गांव में सक्रिय नहीं होंगे। तब तक संगठन मजबूत नहीं होगा। संगठन सृजन अभियान इसी दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है जिसने हर वर्ग के अधिकारों की रक्षा की है। आज हमें फिर से यह संकल्प लेना होगा कि हम जनता की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। संगठन मजबूत होगा तो भाजपा जैसी ताकतें अपने आप कमजोर पड़ेंगी।

# कनक ज्वेलर्स गोली कांड मामले में आठवां अभियुक्त गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला के मेन रोड स्थित कनक ज्वेलर्स को लूटने का प्रयास करने और विरोध करने पर संचालक प्रकाश कुमार को निशाना बनाते हुए फायरिंग कर घायल करने के मामले में अंतिम एवं आठवां अभियुक्त रॉबिन टोप्पो को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार की शाम 5 बजे जेल भेज है। इस कांड में अभियुक्त गोलडेन कुमार उर्फ गोलडेन पासवान, कमेश यादव, सुरेंद्र बिसनोई, मोनू सोनी उर्फ बुकिंग बोकिया, आनंद सोनी, ललन भुइंया उर्फ अर्जुन सिंह, विशाल चौधरी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। रॉबिन टोप्पो को पुलिस की तलाश थी। एसआइ राजेंद्र मंडल ने तकनीकी अनुसंधान और पलामू के चैनपुर थाना की पुलिस जवानों के सहयोग से रॉबिन टोप्पो को चैनपुर बाजार से गिरफ्तार किया। रॉबिन टोप्पो चैनपुर थाना के अटकाही का रहने वाला था और टेंपो चलाता था। इसके टेंपो में ही सभी ने बैठकर कनक ज्वेलर्स को लूटने की योजना बनाई थी और इसके टेंपो से ही अपराधी गुमला आए थे। पिछले 30 जुलाई 24 को हथियार लेकर अपराधियों ने दिन के दस बजे ज्वेलर्स में घुस कर लूटने का प्रयास किया। विरोध करने पर दुकानदार प्रकाश सोनी को निशाना बनाते हुए गोली चलायी थी । प्रकाश के हाथ में गोली लगी थी। पुलिस ने कांड संख्या 291/24 दर्ज कर लगातार मामले का अनुसंधान करते हुए सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## कीता से युवती लापता खोजबीन की गुहार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत कीता गांव निवासी महिला ने सोमवार की अपराह्न 3 बजे गुमला थाना को आवेदन देकर अपने 26 वर्षीय बेटी के लापता होने का रिपोर्ट दर्ज कराया है। थाना को दिए आवेदन के अनुसार महिला की 26 वर्षीय बेटी रीना शबरी आश्रम तर्री में रहकर पढ़ाई करती थी साथ ही आश्रम की देखभाल भी करती थी। बीते दिसंबर 2024 से उसका कुछ भी पता नहीं चल पा रहा है उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर उसका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है। शबरी आश्रम जाकर पता करने पर पता चला कि वह वहां नहीं रहती है और कहीं और चली गयी है।

# नागफेनी नदी पर बने पुल का पिलर दबा, जगह-जगह पड़ी दरारें

मदन साहु

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के नागफेनी नदी में करोड़ों करोड़ की रुपए की लागत से बना पुल का पाया संख्या पांच में दरार पड़ गई है और पुल में हल्का सा धंसा हुआ नजर आ रहा है। सीजन का बरसात का पहला पानी भी करोड़ों की लागत से बना पुल नहीं झेल पाया। ज्ञात हो कि यह पुल का निर्माण इनएचएआइ ने किया है जिसका उद्घाटन हुए अभी एक साल भी नहीं हुआ है और पुल जगह जगह हल्की दरारें पड़ने लगी है। पुल का पाया संख्या पांच जो दाहिने तरफ दब गया है। साथ ही पुल के दोनों किनारे बाएं एवं दाएं तरफ गार्ड वाल का निर्माण भी नहीं किया गया है जिसके कारण मिट्टी का कटाव तेजी से हो रहा है। कटाव होने के कारण मिटी बहकर नदी में जा रही है और कुछ पेड़ भी मिट्टी का कटाव होने के कारण जड़ से उखड़ गया है। मामला प्रकाश में आने पर एनएचएआइ 43 के अधिकारियों ने नयी पुल को बंद करा दिया है। डायवर्सन बनाकर दूसरी तरफ की पुराने पुल से आवागमन को सुचारू रूप से जारी कर दिया गया है। यू टर्न के पास जहां पर डायवर्सन बनाया गया है वहां के ग्रामीणों का कहना है कि जेब्रा क्रॉसिंग के पास लाइट नहीं होने के कारण रात में अंधेरा होने के कारण दुर्घटना होकर ग्रामीण एवं राहगीर लोग चोटिल एवं गंभीर रूप से घायल होते रहते हैं। शिलाफरी गांव के प्रमिला देवी एवं घमर साहू ने रोड प्राधिकरण के अधिकारी से उक्त जगह पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग किया है। मौके पर देवचरण साहू,जगन साहू ,प्रकाश उरांव, विकास उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 लोगों ने लिया हिस्सा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** गुमला विकास भारती बिशुनपुर अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र गुमला द्वारा बकरी पालन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बकरी पालन को जिले के किसानों की आजीविका संवर्धन का महत्वपूर्ण साधन बताते हुए विशेषज्ञों ने इसके वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी दी। प्रशिक्षण में बताया गया कि गुमला की भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थिति बकरी पालन के लिए अत्यंत अनुकूल है। यहां के आदिवासी एवं सीमांत किसान कम लागत में इसे अपना कर बेहतर आय अर्जित कर सकते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र गुमला द्वारा संचालित परियोजना जलवायु अनकूल कृषि पर राष्ट्रीय नवाचार₹ (निकरा) अंतर्गत शिवराजपुर, सरनाटोली एवं लूटोबटोली में 06 नर और 20 मादा बकरियों के आधार पर छोटे स्तर से व्यवसाय शुरू कर इसे धीरे-धीरे बड़े पैमाने पर विकसित किया जा सकता है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ बृजेश पाण्डेय ने विस्तृत तकनीकी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि बकरी पालन की वैज्ञानिक विधियां अपनाने से रोग प्रबंधन आसान होगा और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।



## गुमला एलआरडीसी और बीडीओ ने अमलीया पंचायत का किया भ्रमण



**भरनो (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार एलआरडीसी गुमला राजीव कुमार और भरनो बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को प्रखंड के अमलीया पंचायत का भ्रमण कर मनरेगा योजना अंतर्गत कूप निर्माण, आम बागवानी योजना का जांच किया। वहीं अबुवा आवास योजना की कार्य प्रगति देखा गया, इसके अलावे विभिन्न विकास योजनाओं का भी जांच किया। इस दौरान राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरका, आंगनबाड़ी केंद्र खरका, सामुदायिक केंद्र खरका,अमलिया स्थित आयुष्मान आरोग्य केंद्र का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य केंद्र अमलीया की सीएचओ और एक एएनएम केंद्र में गायब पाए गये, जिन्हे शॉकोज किया जायेगा, बाकी जगहों पर जांच के क्रम मे संतोषजनक मिला। इसके अलावे गांव में अबुवा आवास योजना के एक लाभुक द्वारा आवास पूरा नहीं करने की स्थिति में उसे एलआरडीसी एवं बीडीओ ने अविलंब आवास योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर पंचायत के मुखिया पंची उरांव,उसका पति जनता उरांव, पंचायत सेवक प्रवण लकड़ा, रोजगार सेवक कृष्ण कुमार साहू, एमएच शुभांकर कुमार प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे।

## अधेड़ पर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के एक मोहल्ले में रहने वाली 14 वर्षीय लड़की के साथ एक व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़िता के परिजन किशोरी को लेकर सोमवार की अपराह्न 4:30 बजे गुमला थाना पहुंचे जहां आवेदन देकर दोषी के बिरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार पीड़िता पूरे परिवार के साथ शहर के एक मोहल्ले में किराये के मकान में रहती है। उसी के पड़ोस में बड़ा जिलिंगा निवासी 41 वर्षीय चंद्राकिशोर मुंडा परिवार के साथ रहता है। करमा पर्व के दो दिन पूर्व आरोपी ने पीड़िता को घर में अकेला देखकर उसके घर में घुस गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद वह मौका पाकर लगातार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इसी बीच पीड़िता उदास रहने लगी। सोमवार को वह पीड़िता ने अपनी मां को पूरी बात बतायी। इसके बाद पीड़िता का पूरा परिवार आरोपी के घर गया लेकिन आरोपी को अपने परिवार के साथ फरार हो गया।


**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग**

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/781/2025-26

दिनांक :– 06.09.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, हजारीबाग गैरयोजना मद अंतर्गत हजारीबाग (संत कोलम्बस कॉलेज)–चुरचू–हत्यारी मोड़ (NH-33) पथ (कुल लम्बाई 30.08 कि.मी.) के 4th कि.मी. में RHS, RCC Retaining Wall निर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025–26)'' |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू० 75,00,000.00 (पच्चहत्तर लाख रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03 (तीन) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 12.09.2025 10:30 AM |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 18.09.2025 12:00 Noon |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 19.09.2025 12:30 PM |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 8709320541 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :–
http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता,
PR 361303 Road(25-26).D पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,हजारीबाग



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
(अनाबद्ध मद)
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/20/2025-26(2ND CALL)

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड गारू के MTC गारू में Common Toilet का निर्माण। | 917573 | 18500 | 1250 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 09.09.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 09.09.2025 से दिनांक 16.09.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –18.09.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार
PR 361255 (Rural Development)25-26*D



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

**e-TENDER NOTICE**

**NIT No. – 379/PR/ JUSNL/ 2025-26**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, supply, erection, testing & commissioning of Line Differential Protection for underground 132/33 KV Grid Sub-Station, Irba (Sikidiri) to Sikidiri Switchyard (SRHP) transmission line on turnkey basis |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 1,36,83,967.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 2,73,700.00 On line mode |
| Completion Period | 90 Days |
| e-Tender fee | Rs. 10,000.00 + 18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 08.09.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 08.09.2025 at 11:00 AM |
| Pre-bid meeting | 15.09.2025 at 12:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 03.10.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 06.10.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (6202162568) during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
C&M (NWBP)

PR 361276 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D

# पत्नी के चरित्र पर संदेह, डंडे से पीट-पीटकर पति ने की हत्या

## गुलगुलिया समाज के लोगों ने पेड़ से बांध कर की पिटाई, पुलिस को सौंपा

- रात में घर लौटने पर पत्नी को नहीं पाकर हो गया था आग बबूला, वापस आते ही कर दी थी पिटाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के पाथरडीह पांडेय बस्ती के गुलगुलिया पट्टी में रविवार की रात 12 बजे दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां उमेश अघोरी उर्फ मांझी गुलगुलिया नामक व्यक्ति ने पत्नी के चरित्र पर संदेह जताते हुए लाठी-डंडे से बुरी तरह पिटाई करने के बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। मृतका की पहचान सोनिया देवी के रूप में हुई है। उधर, घटना से आक्रोशित गुलगुलिया समाज के लोग जुट गये और आरोपी उमेश अघोरी को पेड़ से बांधकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। वहीं,



आरोपित उमेस अघोरी उर्फ मांझी गुलगुलिया और मौके पर मौजूद लोग।

सूचना मिलते ही सोमवार की सुबह सुदामडीह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में इस्तेमाल डंडा भी जब्त कर लिया है। लगे हाथ आरोपी पति उमेश गुलगुलिया को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**मृतका के पति ने पड़ोसियों को सुनाई मनगढ़ंत कहानी :** जानकारी के मुताबिक पत्नी की हत्या के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों को उमेश ने मनगढ़ंत कहानी सुना दी। बताया कि वह कैटरिंग का काम कर रात एक बजे घर लौटा था। पत्नी ने खाना दिया। जिसे खाकर वह सो गया। अगले दिन यानी सोमवार की सुबह उठा तो देखा कि किसी ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी है। हालांकि पुलिस ने जब उमेश को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने पूरी सच्चाई बताई। कहा कि वह लोको बाजार में एक मुर्गा दुकान में काम करता है। रविवार रात आठ बजे वह काम से घर लौटा तो पत्नी घर पर नहीं थी। आसपास खोजा, लेकिन नहीं मिली। इस बीच रात करीब 10 बजे जब पत्नी घर लौटी तो विवाद हो गया। गुस्से में आकर उसने पत्नी को डंडे से पीट दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पूछताछ में यह भी बताया कि वारदात की रात वह नशे में धुत्त था। उधर, मृतका के भाई सुरेंद्र गुलगुलिया, अरविंद गुलगुलिया, रविंद्र गुलगुलिया एवं बहन रेखा देवी ने आरोप लगाया कि उमेश शराब के नशे में आए दिन बहन से मारपीट करता था। उन्होंने आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग की है। बतातें चलें कि उमेश के चार भाई एवं चार बहनें है।

## धनबाद के समाजसेवी संजीव सिंह आजसू में शामिल, सुदेश महतो ने दिलायी सदस्यता



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** न्यू टाउन हॉल में आयोजित आजसू के मिलन समारोह में सोमवार को धनबाद के युवा व्यापारी एवं समाजसेवी संजीव सिंह ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आजसू सुप्रीमो एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो ने उन्हें अपने हाथों से सदस्यता दिलाई। कहा कि संजीव सिंह जैसे ऊजार्वान और जनहित में कार्य करने वाले युवा के जुड़ने से पार्टी और संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। वहीं, सदस्यता ग्रहण करने के बाद संजीव सिंह ने कहा कि वे हमेशा से समाज और आम जनता की सेवा में समर्पित रहे हैं। अब आजसू के मंच से क्षेत्र के विकास एवं युवाओं की बेहतरी के लिए काम करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी के नेतृत्व में धनबाद और झारखंड के विकास की नई राह खुलेगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय लोग उपस्थित थे। वहीं, सैकड़ों की संख्या में आये समर्थको ने ढोल नगाड़ों के साथ संजीव सिंह का स्वागत किया। भरोसा जताया कि उनके शामिल होने से धनबाद में आजसू की ताकत और बढ़ेगी।

## नदी से तैरता अधेड़ का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** हीरोडीह थाना क्षेत्र में झारखंडधाम के बड़ा बजरंगबली के पीछे बहने वाली नदी से सोमवार को एक व्यक्ति का शव बारमद हुआ। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में ले लिया। उसकी पहचान सुरेश कुमार वर्मा (58) के रूप में हुई है। वह बिहार के लखीसराय जिले के हलसी थाना क्षेत्र के गेरुआ ग्राम का रहने वाला था। पता चला है कि वह रविवार अपराह्न तीन बजे झारखंडधाम पूजा के लिए स्कॉर्पियो से आए थे। इस बीच सोमवार को नदी में तैरता पाया गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## योजनाओं की निगरानी एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली से ही मिलेंगें बेहतर परिणाम: डीडीसी स्मृति कुमारी



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को डीसी रामनिवास यादव के निर्देश पर डीडीसी स्मृता कुमारी ने 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने एजेंडावार विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की बारी-बारी से समीक्षा की एवं निर्धारित लक्ष्य अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उन्होंने मुख्य रूप से 15वें वित्त आयोग के तहत आवंटित राशि खर्च करने की जानकारी ली। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी गाइडलाइन के अनुसार, 15वें वित्त आयोग के तहत आवंटित राशि संबंधित पंचायतों में अलग-अलग विकास योजनाओं पर खर्च करें। पंचायत एवं पंचायत समिति स्तर पर क्रियान्वित हो रही सभी योजनाओं में कार्य की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। डीडीसी ने कहा कि पंचायत स्तर पर चल रही योजनाओं के सुचारू एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं की निगरानी, फील्ड विजिट और पारदर्शी कार्यप्रणाली के माध्यम से बेहतर परिणाम सुनिश्चित करें। इस मौके पर अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सभी बीडीओ, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, पंचायत सचिव, जेई, बीसी आदि उपस्थित थे।

## किसी भी स्तर पर कर्तव्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीसी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डीसी अजय नाथ झा एवं डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने सोमवार को कसमार प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया कि कार्यालय में आगत-निर्गत-सीएल-कैस पंजी का अद्यतन कार्य लंबित है। इस पर डीसी ने नाराजगी जताते हुए स्पष्ट कहा कि सरकारी अभिलेखों की अद्यतनता किसी भी स्थिति में सुनिश्चित होनी चाहिए। पंजी अद्यतन में लापरवाही और कार्यालयीन कार्य में ढ़िलाई के मद्देनजर डीसी ने संबंधित नाजीर एवं प्रधान सहायक का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कर्तव्य में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह निर्देश दिया कि एक सप्ताह की समय-सीमा के भीतर सभी पंजी अद्यतन किए जाएं और इसकी रिपोर्ट सीधे जिला प्रशासन को सौंपी जाए। इसी क्रम में उन्होंने कसमार फार्मटांड़ का भी संयुक्त निरीक्षण किया। मौके पर अपर समाहर्ता (एसी) मो मुमताज अंसारी, बीडीओ नम्रता जोशी, सीओ नरेंद्र कुमार सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे आदि उपस्थित थे। इस दौरान डीसी-डीडीसी ने जेएसएलपीएस स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने जेएसएलपीएस की दीदीओं को और अधिक सक्रिय बनाने, समूह कार्यों को पारदर्शी ढ़ंग से संचालित करने तथा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। डीसी ने कसमार प्रखंड को कृषि बेस्ड मॉडल प्रखंड के रूप में विकसित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान कई प्रकार की खामियां सामने आईं। विशेष रूप से समूह समन्वय की कार्यप्रणाली में कमी पाई गई। इस पर डीसीझडीडीसी ने एसएचजी समन्वयक से लिखित स्पष्टीकरण मांगा। इस दौरान प्रखंड सभागार में आयोजित आदि कर्मयोगी योजना अंतर्गत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी, डीसीसी एवं सीओ ने संयुक्त रूप से किया। इसके अलावा डीसी-डीडीसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), कसमार का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी, दंत चिकित्सक कक्ष, युवा मैत्री केंद्र, शौचालय, दवा भंडार कक्ष एवं भंडार गृह का जायजा लिया। दवा भंडार कक्ष से एक्सपायरी दवाएं मिलने पर डीसी ने प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को डांट लगाई और इस तरह की गंभीर लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

# चक्रधरपुर के कोयला व्यापारी से हुई लूटकांड का उद्भेदन, चार गिरफ्तार

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र में विगत दिनों चाइबासा जिले के चक्रधरपुर के हार्ड कोक कोयला व्यावसायी दीपक मिश्रा से जामाडोबा पेट्रोल पंप के निकट स्कोर्पियो की लूट और उसने पांच लाख रुपये विभिन्न खाता में ट्रांसफर करने के मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान संतोष कुमार सरकार, सुजीत गोस्वामी, दिलीप कुमार यादव और अखिल कुमार के रूप में हुई है। सभी को गोविंदपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी जोड़ापोखर थाना परिसर में सिंदरी डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम और प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने दी। वे सोमवार को थाने में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सिंदरी डीएसपी ने बताया कि पकड़े गये लोगों के पास से स्कॉर्पियो भी बरामद कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि चाइबासा जिले के चक्रधरपुर के रहनेवाले हार्ड कोक कोयला व्यावसायी दीपक मिश्रा को संतोष कुमार सरकार नामक आरोपी को कोयले का सैंपल देने के बहाने जामाडोबा बुलाया था। जैसे ही वो जामाडोवा पहुंचे वहां धोखे से दीपक से कई खातों में पांच लाख ट्रांस्फर करवा लेने के बाद संतोष ने दीपक मिश्रा को धक्का देकर उसकी स्कोर्पियो भी लेकर फरार हो गये। इस कार्य में सुजीत गोस्वामी, दिलीप कुमार यादव और अखिल कुमार ने संतोष की मदद की थी। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार करने के साथ ही उक्त कांड में शामिल अन्य की तलाश शुरू कर दी है।



### बी-टेक की पढ़ाई कर चुका है आरोपी संतोष

पुलिस की मानें तो आरोपित संतोष सरकार बीटेक की पढ़ाई पूरी कर चुका है। वह गोविंदपुर का, जबकि सुरजीत कुमार गोस्वामी गोसाईडीह के कुसुम विहार और अखिल कुमार झरिया के फतेहपुर का रहनेवाला है

## कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के बागानधौड़ा में एक ही रात आठ घरों में चोरी

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कुमारधुबी ओपी क्षेत्र अंतर्गत बागानधौड़ा में भी रविवार की रात चंद्रग्रहण के बीच लोगों ने आठ घरों को निशाना बनाते हुए घरों का ताला तोड़कर चोरी की और फरार हो गया। इसकी सूचना मिलते ही कुमारधुबी ओपी प्रभारी राजेश लोहरा दलबल के साथ मौके पर पहुंच गये और जांच शुरू कर दी। पता चला है कि चोरों ने जिन घरों को निशाना बनाया है। उनमें से किसी भी घर में गृहस्वामी नहीं थे और घर खाली थे। चोरों ने इसी का फायदा उठाया और कीमती सामानों पर हाथ साफ कर दिया। हालांकि समाचार लिखे जाने चक यह पता नहीं चल कहा है कि कहां से कीतने की चोरी हुई है। इस बीच एक घर गृह स्वामी ने बताया कि वे भी घर से बाहर गये थे। वापस आकर देखा तो घर के जेवरात और कुछ नगद चोरी हो गया है।

## तेतुलमारी कोलियरी कार्यालय में असंगठित मजदूरों का हंगामा, पदाधिकारी से मारपीट


**तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 5 के तेतुलमारी कोलियरी क्षेत्र में सोमवार को जमकर बवाल हुआ। 13 नंबर डंप हटाये जाने के विरोध में असंगठित मजदूरों ने तेतुलमारी कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी (पीओ) एसके दास के कार्यालय में घुसकर हंगामा और मारपीट की। इसकी सूचना मिलते ही सिजुआ क्षेत्र के कई अधिकारी सहित पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी। वहीं, परियोजना पदाधिकारी की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए तेतुलमारी पहाड़ी निवासी मनोज मल्लाह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# बिना अनुमती के घरों के नीचे से कोयला निकालने से हो रहा भू-धंसान : जयराम

## सभी दल एकजुट होकर बीसीसीसीएल की ट्रांसपोर्टिंग ठप करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के अंगार पथरा काटा पहाड़ी स्थित एएमपीएल कंपनी में हुई दुर्घटना को लेकर रविवार को भी मामला शांत नहीं हुआ। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर मृतक राहुल रवानी के शव को कंपनी के मुख्य गेट पर रखकर नया मोड़ स्थित चेक पोस्ट पहुंचे और बीसीसीएल एरिया-4 का ट्रांसपोर्टिंग करीब तीन घंटे तक ठप कर दिया। इससे दोनों ओर से ट्रकों की लंबी लाइन लग गयी। दावा है कि इससे कंपनी को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। उधर, घटना की सूचना पाकर तुरंत तेतुलमारी एवं रामकनाली पुलिस सहित सीआइएसएफ के जवान मौके पर पहुंच गये और लोगों को शांत करवाया। इसके बाद वार्ता के लिए अंगारपथरा कोलयरी कार्यालय बुलाया गया। जहां डुमरी विधायक जयराम महतो, बाघमारा सीइओ गिरजा नंद किस्कू, कतरास अंचल



निरीक्षक मुकेश चौधरी, कतरास थाना के इंसपेक्टर आसित सिंह, अंगारपथरा ओपी प्रभारी प्रवीण कुमार, आउटसोर्सिंग प्रबंधक राणा चौधरी आदि मौजूद रहे। वहां करीब एक घंटे तक वार्ता चली, जिसमें आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा बिना गृह मालिक के उनके घरों के नीचे से कोयला निकाल कर खोखला कर देने का मामला उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि घरों के नीचे से कोयला निकाल लेने के कारण ही भू-धंसान की घटना होती है और लोग मरते है। पुनर्वास दिये बिना घरों के नीचे से क्यों निकाला जा रहा है, जिससे लोगों की जान जा रही है। इस पर सीओ ने निरीक्षण करने और उचित पुनर्वास देने की बात कही। साथ ही मृतक राहुल के परिजनों को उचित मुआवजा देने पर भी चर्चा हुई। बतातें चलें कि विगत शुक्रवार की सुबह 10.30 बजे कांटा पहाड़ी मुंडा धौड़ा में भू-धंसान हो गयी थी। जिसमें कई घरों सहित आधा दर्जन मवेसी गोफ में समा गये थे। एमपीएल की सर्विस वैन सहित छह लोग करीब 400 फिट गहरे माइंस में डूब गये थे। बीसीसीएल की एनडीआरएफ और रेस्क्यू टीम ने युद्ध स्तर पर काम शुरू किया और दो दिनों में कुल सात शव को बाहर निकाला था। सभी शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है, जिसमें से छह शवों की पहचान हो चुकी है। सभी मृतकों के परिजनों को कुल मिलाकर 36 लाख रुपये मुआवजा देने पर सहमति बनी थी।

## दिव्यांगजनों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल से मिलीं अनीता अग्रवाल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव अनीता अग्रवाल ने राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान दिव्यांगजनों के उत्थान और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने को लेकर चर्चा के बाद दिशा-निर्देश लिया। राज्यपाल ने इस पहल की सराहना करते हुए झारखंड में दिव्यांगजनों के लिए नयी योजनाओं और सुविधाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया। दिव्यांगजनों के कल्याण और झारखंड में उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने आश्वस्त किया कि निकट भविष्य में झारखंड में दिव्यांग समाज को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए एक प्रभावी पहल शुरू की जाएगी। उधर, राज्यपाल से मुलाकात के बाद अनीता अग्रवाल और उनकी टीम अत्यधिक उत्साहित हैं। जल्द ही कुछ सार्थक बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं।

## एलआइसी के हजारीबाग मंडल में गूंजी उपलब्धि की गाथा, कई को मिला सर्टिफिकेट



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** एलआइसी के स्थापना दिवस एवं बीमा सप्ताह के उपलक्ष्य में हजारीबाग मंडल और इसके सभी उपग्रह कार्यालयों में सोमवार को 'ऐतिहासिक दिवस' सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। यह आयोजन उस अद्वितीय कीर्तिमान को यादगार बनाने के लिए किया गया, जब विगत 20 जनवरी को ' मैड मिलियन डे' पर एलआईसी इंडिया ने एक ही दिन में 5,88,107 पॉलिसियों की बिक्री और लगभग 1200 करोड़ रुपए का प्रीमियम अर्जित कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। इसमें अभिकर्ताओं की अभूतपूर्व भूमिका रही। इसी योगदान को सम्मानित करने के लिए मंडल के कुल 3862 अभिकर्ताओं को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट सहभागिता प्रमाण पत्र' प्रदान किया गया। समारोह में बोकारो शाखा-1 विशेष रूप से चर्चा का केंद्र रहा, जहां 154 अभिकर्ताओं को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक राजकिशोर तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंडल प्रबंधन ने सभी अभिकर्ता, सीएलआईए, एलआईसीए, पीडीओ, डीओ, एसबीए और अधिकारियों और कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे मिलकर इस तरह की ऐतिहासिक उपलब्धियों को नई ऊचाइयों तक पहुंचाएं। इसके साथ ही कार्यक्रम का एक अन्य आकर्षण जोनल मैनेजर गोल्ड, सिल्वर और कांस्य ट्रॉफी रहा, जिसमें 15 सितंबर तक 3, 5 और 7 काउंसिलिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## शिक्षकों और विद्यार्थियों को दी गयी विशेष जानकारी

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के निर्देशानुसार सोमवार को बरमसिया ओपी अंतर्गत मध्य विद्यालय दामुडीह, भोजूडीह ओपी अंतर्गत प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय छाताटांड़, माराफारी थानांतर्गत मिड पॉइंट स्कूल, रितुडीह और आईईएल थानांतर्गत मध्य विद्यालय ससबेडामें जाकर पुलिस पदाधिकारियों ने विद्यालय में शिक्षकों एवं बच्चों को कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत रोड सेफ्टी, यातायात नियम, नशा मुक्ति आदि की विस्तृत जानकारी दी।


JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
(CIN – U40108JH2013SGC001704)
OFFICE:
General Manager, Contracts & Materials, Multi-Lateral Funding Projects,
JUSNL Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 (Jharkhand)
Email: piujusnl@gmail.comVisit us on: www.jharkhandtenders.gov.in

e-Tender Extension Notice

Due to unavoidable circumstances, the Due Dates of the following NITs are hereby extended as follows:-

| NIT No. | Name of work (Request for Bid (RfB)) | Last date of submission / uploading bid by the bidder | Date of Opening of technical part of Bid |
|---|---|---|---|
| 307/PR/ JUSNL/ 2025-26 | Design, Supply, Installation, Testing & Commissioning of 132/33kV GIS Substations at Chhatarpur (Leftover Work) | 18.09.2025 upto 16:00 Hrs | 19.09.2025 at 16:30 Hrs |
| 308/PR/ JUSNL/ 2025-26 | Design, Supply, Installation, Testing & Commissioning of 132/33kV GIS Substations at Sundarnagar (Leftover Work) | 18.09.2025 upto 16:00 Hrs | 19.09.2025 at 16:30 Hrs |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें।
कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 358916

Sd/-
General Manager,
C&M, MLFP, JUSNL, Ranchi

PR 361296 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)#D



झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
कार्यालय, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल,
वन भवन, चतरा
E-mail : dfo-chatrasouth@gov.in Phone : 8987790213

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल अंतर्गत तपेज में अवस्थित काष्ठ संग्रहण केन्द्र में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिकी हेतु मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ निर्धारित नीलामी तिथि 12.09.2025 को 02.00 बजे अपराहन तक प्रमण्डलीय कार्यालय में प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन निविदादाता या उसके प्रतिनिधि के समक्ष 3.00 बजे अपराह्न में खोली जायेगी। किसी भी लॉट के लिए उच्चतम मूल्य/उच्चतम निविदा की राशि स्वीकार करने के लिए अधोहस्ताक्षरी बाध्य नहीं होंगें एवं उसे बिना कोई कारण बताये बिकी से हटा लेने या रद्द करने के लिए सक्षम होगें। निविदा स्वीकृति प्राप्त होते ही निविदित मूल्य का 15 प्रतिशत प्रतिभूति राशि सफल निविदादाता को दो दिनों के अंदर जमा करना अनिवार्य होगा एवं 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर पूरी राशि एवं बिकी कर, अन्य देय करों सहित जमा करना होगा। अगर निविदादाता निर्धारित समय के अंदर पूरी राशि जमा नहीं कर पाते हैं तो उनके द्वारा जमा किया गया अग्रधन/प्रतिभूति राशि बिना कोई कारण बताये राज्यसात कर ली जायेगी। निविदादाता को निविदा के साथ अग्रधन के रूप में 3000.00 (तीन हजार) रू0 मात्र को गेट मनी के रूप में प्रत्येक निविदा हेतु अलग से, जमा करना होगा। असफल निविदादाताओं को अग्रधन की राशि तुरंत वापस कर दी जायेगी। सफल निविदादाता द्वारा दी गई अग्रधन राशि प्रतिभूति राशि में समायोजित कर ली जायेगी। इच्छुक निविदादाता निविदा देने के पूर्व किसी भी दिन कार्यालय अवधि में काष्ठ संग्रहण केन्द्र, तपेज में प्रकाष्ठों का निरीक्षण कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में दिनांक 25.08.2025 से 12.09.2025 तक 200.00 (दो सौ) रू0 मात्र शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाता डाक द्वारा भी निविदा भेज सकते हैं, बशर्ते कि विहित प्रपत्र में निविदा, अग्रधन राशि सहित मुहरबंद लिफाफे में निर्धारित तिथि को 2.00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में प्राप्त हो जाय। विस्तृत सूचना एवं निविदा की शर्तों के लिए कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

| क0 सं0 | काष्ठ का प्रकार | लॉट की संख्या | निविदा खोलने की तिथि | निविदा खोलने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बोटा/टोना | 9 | 12.09.2025 | 03.00 बजे अपराह्न |
| 02 | जलावन | 21 | | |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड, जी0एस0टी0 एवं पहचान पत्र का छायाप्रति जमा करना होगा।

ह0/-
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल, चतरा।

PR.NO.361271 Forest, Environment and Climate Changes (25-26):D

# चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति का पूजा पंडाल पुनः रांची में आकर्षण का केंद्र बनेगा

- थीम-जीवन एक यात्रा (जन्म से मृत्यु तक)
- चौड़ाई - 90 फिट, लंबाई - 70 फीट, ऊंचाई - 55 फिट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के हृदयस्थली अल्बर्ट एक्का चौक पर स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति द्वारा वर्ष 1971 से निरंतर आयोजित किये जा रहे भव्य दुर्गा पूजा का पंडाल इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है।







समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता रमेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष पंडाल की थीम बिल्कुल अनोखी होगी। पूरे पंडाल में 'जन्म से लेकर मृत्यु तक की जीवन यात्रा' को चित्रित किया गया है, जिससे भक्तगण जीवन के विभिन्न पड़ावों को आध्यात्मिक भाव से अनुभव कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि समिति की परंपरा रही है कि हर वर्ष भक्ति, संस्कृति और सामाजिक संदेश से जुड़े अलग-अलग थीम प्रस्तुत किए जाते हैं। इसी कड़ी में इस बार भव्य सजावट और आध्यात्मिक वातावरण का विशेष ध्यान रखा गया है। इसके साथ ही झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश के ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक एवं भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन



किया जायेगा, जिससे श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कृति और कला का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति सभी श्रद्धालुओं से अपील करती है कि वे अपने परिवार एवं मित्रों के साथ इस भव्य आयोजन में सम्मिलित होकर मां दुर्गा के आशीर्वाद प्राप्त करें।

# पीएम मोदी 17 को करेंगे विशेष अभियान का शुभारंभ

## महिलाओं और बच्चों के लिए आयोजित होंगे 5000 स्वास्थ्य शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को एक विशेष अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान पूरे देश में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत चलाया जायेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को एक्स पर बताया कि इस अभियान के तहत 75,000 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायेंगे। ये शिविर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं पर लगाये जायेंगे।




नड्डा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य देशभर में महिलाओं और बच्चों के लिएस स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना है, ताकि उन्हें अच्छी गुणवत्ता की देखभाल और जरूरी जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि ये शिविर खासतौर पर महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाये गये हैं और ये सरकार के समावेशी स्वास्थ्य सेवा के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हैं। इसके अलावा सभी आंगनवाड़ियों में 'पोषण माह' मनाया जायेगा, ताकि पोषण, स्वास्थ्य जागरूकता और समग्र रूप से बेहतर जीवनशैली को बढ़ावा दिया जा सके। इन सभी उपायों का लक्ष्य है कि पूरे देश में परिवार और समुदाय और ज्यादा स्वस्थ और सक्षम बनें।

स्वास्थ्य मंत्री ने सभी निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य क्षेत्र के अन्य भागीदारों से अपील की कि वे आगे आयें और इस जन भागीदारी अभियान का हिस्सा बनें। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, 'इंडिया फर्स्ट' की भावना के साथ, आइए हम सभी मिलकर 'विकसित भारत' के लिए अपने साझा प्रयासों को मजबूत करें।

# कुलगाम में आतंकियों संग सुरक्षाबलों की मुठभेड़ जारी, दो आतंकी हुए ढेर

आजाद सिपाही संवाददाता


**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच जारी मुठभेड़ में अब तक दो आतंकियों को मार गिराया गया है, जबकि भारतीय सेना का एक जवान बलिदान हो गया है। इस मुठभेड़ में दो अन्य जवान घायल भी हुए हैं। ऑपरेशन अब भी जारी है। तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाब दिया। फायरिंग में एक अफसर के घायल होने की खबर है। इलाके में तलाशी अभियान जारी है। कश्मीर जोन पुलिस के अनुसार, खुफिया जानकारी के आधार पर कुलगाम के गुड्डर जंगल में मुठभेड़ हो रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की एसओजी काम पर हैं। तलाशी अभियान के दौरान जंगल में छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की है, सुरक्षाबलों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया है। दोनों तरफ से तेज गोलीबारी हुई। खबर मिली है कि एक अफसर घायल हो गया है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भारतीय सेना के अनुसार अभियान के दौरान एक आतंकवादी मारा गया। एक जूनियर कमीशन अधिकारी घायल हो गया। अभियान जारी है। फिलहाल सुरक्षाबलों ने जंगल को घेर लिया है।

# सेना और नौसेना के कमांडो ने किया संयुक्त स्कूबा और लड़ाकू डाइविंग अभ्यास

- साझा युद्ध कौशल को मिला बढ़ावा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** भारतीय सेना के पैरा स्पेशल फोर्सेज और नौसेना के मरीन कमांडो (मार्कोस) ने सिक्किम में बेहद कठिन परिस्थितियों में संयुक्त स्कूबा और लड़ाकू डाइविंग अभ्यास किया। यह अभ्यास 17,000 फीट की ऊंचाई पर एक सप्ताह तक चला। रक्षा अधिकारियों ने इस संयुक्त अभ्यास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों बलों के बीच तालमेल बढ़ाना, उनके विशेष युद्ध कौशल को निखारना और विविध व चुनौतीपूर्ण इलाकों में अभियानों के लिए उनकी तैयारी





सुनिश्चित करना है। इससे यह सुनिश्चित करना होता है कि भारत की विशिष्ट सेनाएं हिमालय से लेकर गहरे समुद्र तक विविध भूभागों में मिशन के लिए तैयार रहें।

उन्होंने बताया कि उच्च ऊंचाई वाले प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने ओपन सर्किट एयर डाइविंग, क्लोज सर्किट प्योर ऑक्सीजन डाइविंग, अत्यधिक ठंडे पानी की स्थिति में 17 मीटर की गहराई तक गोता लगाया तथा कॉम्बैट नाइट डाइविंग की।

**30 अगस्त से पांच सितंबर तक चला अभ्यास :** यह प्रशिक्षण 30 अगस्त से 5 सितंबर के बीच बर्फीले पानी और दुर्गम इलाके में आयोजित किया गया।

इस दौरान कमांडो ने ओपन-सर्किट एयर डाइविंग, क्लोज-सर्किट प्योर ऑक्सीजन डाइविंग, और अत्यधिक ठंडे पानी में 17 मीटर की गहराई तक गोताखोरी का अभ्यास किया। इसके अलावा, उन्होंने रात के समय में भी लड़ाकू गोताखोरी का भी अभ्यास किया।

इस बारे में एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि इस तरह का प्रशिक्षण सैनिकों को भविष्य के युद्धक्षेत्रों के लिए तैयार करने के लिए आवश्यक है, जहां अप्रत्याशितता ही एकमात्र स्थिरता है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभ्यास से दुर्लभ उच्च ऊंचाई की स्थितियों में काम करना, बर्फीले पानी में सटीक कार्य करना और संयुक्त अभियानों में लड़ाकू गोताखोरी को एकीकृत करते हैं।

इस दौरान टीम कमांडर ने कहा कि इन चरम स्थितियों में प्रशिक्षण से सैनिक की सहनशक्ति, कौशल और मानसिक शक्ति के हर पहलू का परीक्षण होता है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करता है कि जब भी आवश्यकता हो, हमारी टीमें किसी भी वातावरण में प्रभावी ढंग से काम कर सकें, चाहे वह कितना भी कठिन या चुनौतीपूर्ण क्यों न हो।

प्रथम पुण्यतिथि - श्रद्धांजलि
Forever Loved, Forever Missed.




Late Dr. (Prof.) Arun Kumar Singh
(15.03.1947 – 09.09.2024)
MBBS (PAT), MD (PAT), DVDL FIAMS (DERM)
Retired Professor & Head, Skin, STD & Leprosy
Rajendra Institute of Medical Sciences (RIMS), Ranchi
Former Captain, Indian Army - Veteran of the 1971 India - Pakistan War
"A life of honor, compassion, and service - in uniform and in healing".
आपका स्नेह, आपकी मुस्कान, और आपके साथ बिताए पल हमारे जीवन की अमूल्य धरोहर हैं
आपकी आत्मा को शांति मिले.
सादर,
परिवार की ओर से
कृपालदर्शन, जेल चौक, रांची

# केंद्र ने बेल्जियम सरकार को 14 सुविधाओं की लिस्ट सौंपी मेहुल चोकसी को ऑर्थर जेल में साफ टॉयलेट, पानी मिलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक के 13,850 करोड़ के फ्रॉड के आरोपी और भगोड़े बिजनेसमैन को बेल्जियम से भारत लाने की कोशिश जारी हैं। केंद्र ने बेल्जियम सरकार को एक लेटर में बताया कि चोकसी को मुंबई के आर्थर रोड जेल के बैरक नंबर-12 में रखा जाएगा। वहां एक कोठरी में 6 लोगों के रहने की क्षमता है। लेटर में कहा गया कि अगर चोकसी को बेल्जियम से भारत



लाया जाता है, तो उसके साथ मानवीय व्यवहार किया जायेगा। उसे 14 से ज्यादा सुविधाएं देने का भरोसा दिया गया है। हालांकि केंद्र ने चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए यह पत्र कब लिखा, इसकी जानकारी सामने नहीं आयी है।

भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर चोकसी को 12 अप्रैल को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। वह और उसका भतीजा नीरव मोदी, पीएनबी धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी हैं। भगोड़ा नीरव लंदन में है। उसके प्रत्यर्पण के लिए भी कोशिशें जारी हैं। दोनों ने 2018 में भारत छोड़ा था।

# आइटीआर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर, बढ़ाने की मांग

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर अब केवल एक हफ्ते दूर है। इस बीच कई संगठनों ने वित्त मंत्रालय से आइटीआर रिटर्न दाखिल करने की तारीख बढ़ाने की अपील की है। कारण है देरी से फॉर्म जारी किया जाना और फिर इसके बाद रिटर्न फाइल होने होने में बार-बार आ रही परेशानी। 2 सितंबर, 2025 को भीलवाड़ा स्थित टैक्स बार एसोसिएशन ने भी केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को पत्र लिखकर समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया। टैक्स बार एसोसिएशन में कर विशेषज्ञ, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सचिव, अधिवक्ता और सलाहकार शामिल हैं। संगठन ने अपने पत्र में बताया कि कैसे करदाता और पेशेवर इस वर्ष यूटीलिटीज के देरी से जारी होने, आईटीआर पोर्टल पर चल रही तकनीकी समस्याओं और अतिरिक्त अनुपालन चरणों के कारण रिटर्न दाखिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। टैक्स बार एसोसिएशन ने अनुरोध किया है कि आईटीआर दाखिल करने की समय सीमा बढ़ा दी जाए क्योंकि अब रिटर्न सही ढंग से तैयार करने और दाखिल करने के लिए कम समय बचा है।




# त्योहारी सीजन में नजर आयेगा जीएसटी छूट का असर ई-कॉमर्स कंपनियां ग्राहकों के लिए कर रही हैं तैयारियां


आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अगुवाई वाली जीएसटी काउंसिल ने टैक्स सुधार करते हुए आम आदमी को बड़ी राहत दी है। सरकार ने अब चार स्लैब की जगह सिर्फ पांच और 18 फीसदी के दो ही जीएसटी स्लैब कर दिये हैं। साथ ही जरूरी सामानों को टैक्स फ्री कर दिया गया है। केंद्र सरकार के इस कदम के बाद त्योहारी सीजन से कुछ हफ्ते पहले ई-कॉमर्स कंपनियां भी अपनी रणनीतियों को नया रूप देने में जुट गयी है।

ई-कॉमर्स कंपनियों का मानना है कि केंद्र सरकार के इस फैसले से ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं को मांग में तेजी की उम्मीद है। जीएसटी में हुए बदलाव से न केवल आम आदमी को बचत होगी। बल्कि ई-कॉमर्स कंपनियों को भी फायदा मिलेगा। जीएसटी में कटौती बेशक 22 सितंबर यानी नवरात्र से लागू होनी होगी, लेकिन इनका असर अभी से बाजार में दिखाई देने लगा है। कार, बाइक, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, एफएमसीजी सेक्टर आदि ने अपने कई प्रोडक्ट के दाम में कटौती शुरू कर दी है। वहीं कुछ कंपनियां जल्दी ही अपने प्रोडक्ट को और सस्ता करने जा रहे हैं। फेस्टिव सीजन को देखते हुए भी कंपनी जल्दी-जल्दी सस्ते दाम पर अपने प्रोडक्ट बेचने का प्लान बना रही हैं।

ई-कॉमर्स कंपनियों का कहना है कि जीएसटी में कटौती का लाभ ग्राहकों को मिलना चाहिए। सरकार के इन बदलावों से त्योहारी सीजन की बिक्री में 15 से 20 फीसदी का इजाफा होगा, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और टिकाऊ उपभोक्ता सामान जैसे टीवी, एसी और घरेलू उपकरणों में।

अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव का कहना है कि त्योहार से पहले सरकार ने ग्राहक और व्यापारी वर्ग दोनों को खुश कर दिया है। सरकार के इस दूरदर्शी कदम से ऑनलाइन बाजार में स्थिरता देखने को मिलेगी। नयी जीएसटी की दर से हमारे मार्केटप्लेस के माध्यम से खरीदारी करने वाले लाखों ग्राहकों की जटिलता भी कम होने की उम्मीद है। श्रीवास्तव बताते है कि, जीएसटी में हुए बदलाव बाद बड़ी संख्या लोग में शॉपिंग करने को लेकर उत्साहित दिखायी दे रहे है। 22 सितंबर के बाद लोग सेल, ऑफर और विशेष छूट का इंतजार कर रहे है, ताकि ज्यादा खरीदारी कर सकें और फायदा ले सकें। सरकार के इस निर्णय से कोई एक प्रोडक्ट सस्ता नहीं होगा, बल्कि हर प्रोक्ट्स में कुछ न कुछ फायदा जरूर मिलेगा।




VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**